हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com भोपाल, गुरुवार 29 अक्टूबर 2026

Jio

धन्यवाद, भारत!
जियो आपने बनाया।

आपके भरोसे से बना देश का सबसे बड़ा शेयरधारक परिवार।
79.62 लाख शेयरधारक।

लिस्टिंग के पहले ही दिन, मार्केट कैप के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के बाद
देश की **दूसरी सबसे बड़ी कंपनी** बनी जियो।

यह आपके भरोसे की जीत है। यह डिजिटल भारत के बढ़ते कदमों की पहचान है।



आकाश, ईशा और अनंत अंबानी

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | भोपाल, गुरुवार 29 अक्टूबर 2026



चंद्रोदय का समय
रात 8:26 बजे

करवा चौथ की मंगलकामनाएं

बच्चों की बातें सुन भावुक हुए मुकेश अंबानी, जियो की शेयर बाजार में दमदार शुरुआत



मुकेश अंबानी

अनंत ने परिवार से जुड़े भावुक प्रसंग साझा करते हुए

मां ने कहा- जियो मेरे लाल... दादी ने कहा जुग-जुग जियो और दोस्तों ने कहा-जियो यार

एजेंसी ▸▸ मुंबई

जियो प्लेटफॉर्म्स की शेयर बाजार में लिस्टिंग रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी के लिए कारोबारी उपलब्धि के साथ भावुक कर देने वाला अवसर भी बन गई। 28 अक्टूबर 2026 को आयोजित लिस्टिंग समारोह में उनके बच्चों ईशा, आकाश और अनंत अंबानी ने जियो के दस साल के सफर, ग्राहकों के भरोसे और परिवार की विरासत का जिक्र किया। बच्चों के संबोधन के दौरान मुकेश अंबानी की आंखें नम हो गईं। उन्होंने ▸▸ शेष पेज 4 पर

▸▸ 1,119 के इश्यू प्राइस के मुकाबले 1,358 पर हुई लिस्टिंग



अंबानी परिवार की एक साथ मंच पर उपस्थिति

अनंत बोले

जियो को देश की जनता ने बनाया

लिस्टिंग समारोह में रिलायंस इंडस्ट्रीज के कार्यकारी निदेशक अनंत अंबानी ने कहा कि इस मौके पर सबसे महत्वपूर्ण शब्द कृतज्ञता है। जियो को आगे बढ़ाने में लाखों ग्राहकों के भरोसे और देश के लोगों के योगदान को याद करते ▸▸ शेष पेज 4 पर

जियो ने पहले ही दिन निवेशकों को किया मालामाल

लीजिए, दिवाली से पहले ही जियो ने निवेशकों की दिवाली मनवा दी

2.76 लाख करोड़ से ज्यादा बढ़ी संपत्ति

- इश्यू प्राइस से 300 चढ़ा जियो का शेयर, पहले दिन 26.81 फीसदी की बढ़त
- जियो की मार्केट कैप 13 लाख करोड़ के पार, बाजार मूल्य में करीब 2.76 लाख करोड़ का इजाफा

एजेंसी ▸▸ मुंबई

शेयर बाजार में लिस्टिंग के पहले ही दिन जियो प्लेटफॉर्म्स ने निवेशकों को मालामाल कर दिया। बुधवार को जियो का शेयर 1,419 पर पहुंच गया, जो 1,119 के आईपीओ इश्यू प्राइस से 300 यानी 26.81 फीसदी अधिक है। इस तेजी से ▸▸ शेष पेज 4 पर

खबर संक्षेप

फटकार के बाद सस्ती हुईं कैंसर की 397 दवाएं

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद केंद्र सरकार ने कैंसर की करीब 397 दवाओं की कीमतों में कटौती की है। नई दरें 9 नवंबर 2026 से लागू होंगी। कुछ दवाओं की कीमतों में 85 फीसदी तक कमी की गई है। सैमटेपा (थियोटेपा 100 मिलीग्राम इंजेक्शन) की कीमत 80,071.86 से घटाकर 7,150.33 रुपए कर दी गई है। इससे मरीजों को प्रति वायल करीब 72,922 रुपए की राहत मिलेगी।



सीएसपी नेहा की याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित

जबलपुर। कटनी की फरार सीएसपी नेहा पच्चीसिया की एफआईआर निरस्त करने और अग्रिम जमानत की मांग वाली याचिकाओं पर बुधवार को हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई। जस्टिस आनंद पाठक और जस्टिस राजकुमार चौबे की युगलपीठ ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। बचाव पक्ष ने नेहा की भूमिका से इनकार करते हुए कहा कि उनके बैंक खाते से कोई भुगतान नहीं हुआ।



एमएलसी चुनावों में एक भी सीट नहीं जीतने पर पीएम मोदी का कांग्रेस पर निशाना

4 बड़े राज्य.. 28 सीटें, आप अंदाजा लगाइए कांग्रेस ने कितनी सीटें जीती ?

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

- महाराष्ट्र में कांग्रेस तीनों सीटें हार गई। बिहार की पांच सीटें भी सफाचट रहीं। कर्नाटक में कांग्रेस ने चार सीटें ही गंवा दीं। यूपी में सपा ने कांग्रेस को कोई सीट नहीं दी, इसलिए पार्टी वहां चुनाव मैदान में नहीं उतरी

चार राज्यों में विधान परिषद (एमएलसी) की 28 सीटों पर हुए चुनावों में कांग्रेस के खाता नहीं खोल पाने पर भाजपा ने राहुल गांधी और विपक्ष पर निशाना साधा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मतपत्रों से हुए चुनाव में कांग्रेस के प्रदर्शन पर तंज कसते हुए सवाल किया कि



नरेंद्र मोदी

उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार और कर्नाटक की 28 सीटों में से पार्टी को कितनी सीटें मिलीं। दरअसल, इन चुनावों से पहले कांग्रेस के पास चार सीटें थीं, लेकिन इस बार वह एक भी सीट नहीं जीत सकी।

प्रधानमंत्री ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर यह टिप्पणी ऐसे समय की, जब कांग्रेस समेत विपक्षी दल ईवीएम में कथित गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग करते रहे हैं। विपक्ष ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर भी चुनाव आयोग पर सवाल उठाए हैं। भाजपा सांसद सुधांशु ▸▸ शेष पेज 4 पर

पहले कांग्रेस के पास चार सीटें थीं, लेकिन इस बार वह एक भी सीट नहीं जीत सकी



मतगणना करते हुए

चुनाव ईवीएम से हों.. या 'बैलेट' पेपर से, कांग्रेस को हार ही मिली

जनता का समर्थन मेहनत से मिलता है, वोट चोरी के आरोपों से नहीं

राहुल विदेश में सैर-सपाटे के बाद रैली की बात कर रहे



सुधांशु त्रिवेदी

त्रिवेदी ने एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली कांग्रेस की रैली और प्रस्तावित आंदोलन को लेकर भी राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल करीब दो सप्ताह तक विदेश में सैर-सपाटा करने के बाद लौटे हैं और अब ऐसे आंदोलन की बात कर रहे हैं, जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था पर असर पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि जनता का समर्थन मेहनत से हासिल होता है, न कि केवल आरोप लगाने से। भाजपा नेता ने कहा कि पार्टी अध्यक्ष नितिन नवीन उप्र और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पंजाब के दौरे पर हैं, जबकि राहुल गांधी विदेश में थे। उन्होंने कांग्रेस से वोट चोरी का मुद्दा ▸▸ शेष पेज 4 पर

पवन खेड़ा बोले- तो, अगले लोकसभा-विधानसभा चुनाव बैलेट से ही करवा लें

पीएम मोदी की टिप्पणी पर कांग्रेस सांसद पवन खेड़ा ने पलटवार करते हुए कहा कि यदि उन्हें भरोसा है कि चुनाव



पवन खेड़ा

नतीजों पर ईवीएम का असर नहीं पड़ता, तो उन्हें अपने कामों से भाजपा की चुनावी ताकत साबित करनी चाहिए। खेड़ा ने एक्स पर पोस्ट कर प्रधानमंत्री के सामने चार मांगें रखीं। पहला आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव बैलेट पेपर से कराने का वादा किया जाए। एसआईआर प्रक्रिया रोकी जाए और दावे के मुताबिक, मतदाता सूची ▸▸ शेष पेज 4 पर ▸▸ पढ़ें पेज 07 भी

दिल्ली में 43 लाख मतदाताओं के नाम हटाने पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

जो वोटर उनसे फॉर्म-6 क्यों भरवा रहे? पता बदलने पर फॉर्म-8 का विकल्प दें

- जिन लोगों को मतदाता गणना का फॉर्म मिला ही नहीं, उनके लिए समाधान होना चाहिए
- केवल देरी के आधार पर किसी पात्र व्यक्ति का दावा खारिज नहीं किया जाना चाहिए
- चुनाव आयोग ने समयसीमा बढ़ाने के संकेत दिए

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को चुनाव आयोग से सवाल किया कि मसौदा सूची से बाहर किए गए करीब 43 लाख लोगों, जिनके नाम 'स्थानांतरित या अनुपस्थित' श्रेणी में हैं, को दोबारा नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म-6 भरने को क्यों कहा जा रहा है। यह फॉर्म पहली बार मतदाता बनने वालों के पंजीकरण के लिए है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने कहा कि पहले से मतदाता रहे लोगों को नए पंजीकरण की घोषणा करने के लिए बाध्य नहीं किया जाना चाहिए। आयोग ने भरोसा दिलाया कि किसी पात्र मतदाता को सूची से बाहर नहीं रहने दिया जाएगा और आवेदन की समयसीमा बढ़ाई जाएगी। मामले की अगली सुनवाई दो ▸▸ शेष पेज 4 पर



हटाए गए नामों का कारण सार्वजनिक करें

सुप्रीम कोर्ट ने हटाए गए मतदाताओं की सूची सार्वजनिक करने और सरल हिंदी व स्थानीय भाषाओं में नाम हटाने का कारण बताने की जरूरत जताई। इससे संबंधित लोगों को अपनी स्थिति समझने और नाम जुड़वाने के लिए जरूरी कदम उठाने में मदद मिलेगी।

नसीरुद्दीन शाह बोले- फख्र है, मैं दिमागी नक्सल हूं

मुंबई। अभिनेता नसीरुद्दीन शाह ने एक बार फिर सरकार पर निशाना साधते हुए खुद को 'दिमागी नक्सल' बताया है। मंगलवार को फेसबुक पर साझा वीडियो में उन्होंने कहा कि उन्हें 'एंटी नेशनल' और 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' जैसे नाम दिए गए हैं। कहा कि देश में युवाओं का हौसला तोड़ने, शिक्षण संस्थानों को बर्बाद करने और लोकतंत्र को खतरे में डालने की कोशिश हो रही है। जेएनयू और जामिया मिलिया इस्लामिया का जिक्र किया।



टाटा समूह में विवाद पर राहुल का आरोप

समूह को बर्बाद किया जा रहा कारोबारी कब तक चुप रहेंगे?

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

▸▸ कोई भी कारोबारी नेता इसके खिलाफ बोलने की हिम्मत नहीं जुटा रहा

टाटा समूह में नेतृत्व को लेकर चल रहे विवाद पर लोकसभा में विपक्ष के नेता



राहुल गांधी



निर्मला सीतारमण

राहुल गांधी ने बुधवार को का रो बा री जगत की चुप्पी पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि टाटा समूह को 'आपराधिक तरीके से बर्बाद किया जा रहा है', लेकिन कोई भी कारोबारी नेता इसके खिलाफ बोलने की हिम्मत नहीं जुटा रहा है। राहुल गांधी की टिप्पणी टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा और टाटा संस के बीच नेतृत्व को लेकर जारी विवाद के बीच आई है। विवाद टाटा संस के कार्यकारी चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन की दोबारा नियुक्ति से जुड़ा है। 7 सितंबर को बोर्ड में उन्हें अगले पांच साल के कार्यकाल के लिए फिर नियुक्त करने का प्रस्ताव पारित होने की बात सामने आई थी। नोएल टाटा ने इस प्रक्रिया पर आपत्ति जताते हुए इसे कानूनी रूप से अमान्य बताया है। नोएल टाटा ने मांग की है कि कार्यकाल बढ़ाने से संबंधित उल्लेख बोर्ड बैठक के आधिकारिक कार्यवृत्त से हटाए जाएं और इससे जुड़े वैधानिक दस्तावेज वापस लिए जाएं। उनका तर्क है कि नियुक्ति टाटा संस के एसोसिएशन के नियमों में निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप नहीं हुई।

सीतारमण बोलीं

राहुल जी, हर मुद्दे का राजनीतिकरण न करें

राहुल गांधी के आरोपों पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पलटवार करते हुए कहा कि हर मुद्दे को राजनीतिक रंग देना उचित नहीं है। उन्होंने कारोबारी और कानूनी विवादों को बिना पर्याप्त आधार के आपराधिक बताने पर भी सवाल उठाए। सीतारमण ने राहुल को नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी याद दिलाते हुए पूछा कि क्या वह कारोबारी नेताओं को भड़काकर उनके बीच अविश्वास और कटुता फैलाना चाहते ▸▸ शेष पेज 4 पर

संघ प्रमुख डॉ. भागवत ने आचार्य समय सागर महाराज से लिया आशीर्वाद

सहस्त्रकूट जिनालय का किया अवलोकन

राष्ट्रहित, गोसेवा और ग्रामीणों के पलायन पर हुई बातचीत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने बुधवार को राजधानी के रानी कमलापति क्षेत्र स्थित जैन मंदिर में चातुर्मास कर रहे आचार्य समय सागर महाराज के दर्शन किए। इंदौर जाते समय भोपाल में रुके भागवत ने भगवान जिनेंद्र के दर्शन के बाद आचार्य श्री को श्रीफल अर्पित कर आशीर्वाद लिया और उनका पाद प्रक्षालन किया। इस दौरान राष्ट्रहित, जीवदया, पशु संरक्षण और गोवंश की रक्षा जैसे विषयों पर चर्चा हुई। भागवत ने वर्तमान ▸▸ शेष पेज 4 पर



डॉ. मोहन भागवत आचार्य समय सागर महाराज का वंदन करते हुए

पीछे से तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर

बाड़ी थाना क्षेत्र में हादसा

सलकनपुर से दर्शन कर लौट रहे मां-बेटे समेत तीन की गई जान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायसेन/बाड़ी

सलकनपुर स्थित बिजासन देवी मंदिर में दर्शन कर बाइक से घर लौट रहे मां-बेटे समेत तीन लोगों की सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा बाड़ी थाना क्षेत्र में एसएच-15 फोरलेन पर नानपोन पेट्रोल पंप के सामने हुआ।

पीछे से आई तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा शाम करीब साढ़े सात से आठ बजे के बीच हुआ। बाड़ी थाना पुलिस से मिली



हादसे के बाद अस्पताल में मौत

जानकारी के अनुसार, तीनों सलकनपुर में दर्शन-पूजन करने के बाद बाइक से अपने गांव नकतरा लौट रहे थे। इसी दौरान नानपोन पेट्रोल पंप के सामने पीछे से आई कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए और तीनों की मौत हो गई।

मृतकों की पहचान तारा बाई (70), पति गोरेलाल राय, नरेश (35), पिता गोरेलाल अमरावद और कमलेश चौहान (47), पिता नंदकिशोर चौहान, निवासी बकतरा, जिला सीहोर के रूप में हुई है। तारा बाई और नरेश मां-बेटे थे।

हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। घटना से मृतकों के ▸▸ शेष पेज 4 पर

भोपाल में आज से कल तक बादल- हल्की बौछारों के बीच रात के तापमान में बढ़त रहेगी

नवंबर की शुरूआत में भी बदला रहेगा मौसम का मिजाज

जाते-जाते अर्नब चक्रवात मप्र में मौसम बदल गया, पारा गिरा दर्जनभर जिलों में बारिश, आज कुछ जगह 'भारी बारिश'

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में बुधवार को मौसम का मिजाज बदला रहा। यह अर्नब चक्रवात का असर बताया गया है। हालांकि, चक्रवात का लैंडफॉल हो गया है। इसके असर से लगातार दूसरे दिन प्रदेशभर में औसत पारा करीब दो डिग्री गिरा है। दोपहर बाद से देर शाम के बीच करीब एक दर्जन जिलों में हल्की बारिश और बौछारें पड़ीं, जबकि गुरुवार तक करीब एक दर्जन जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है। इससे अभी दिन के तापमान में लगातार तीन से चार दिन गिरावट बनी रहेगी। रात में कुछ स्थानों पर पारा ▸▸ शेष पेज 4 पर



अनूपपुर जिले के अमरकंटक में चक्रवात के असर से बारिश हुई

शाम तक यहां बारिश हुई

बुधवार को दोपहर से देर शाम के बीच पांढुर्णा, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडोरी, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, सीधी, सिंगरौली, कटनी, सतना, जबलपुर, मैहर, रीवा और मऊगंज में कुछ स्थानों पर हल्की गरज के साथ बारिश हुई है।

औसत तापमान में 2 से 4 डिग्री तक घट-बढ़

बदले मौसम के बीच प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बादलों और कुछ जगह बारिश का असर रहा। इससे दिन के तापमान में औसतन दो डिग्री तक कमी दर्ज की गई। प्रदेश में औसत अधिकतम पारा 30 डिग्री तक रहा। यह नॉर्मल से औसतन 2 डिग्री कम है। भोपाल ▸▸ शेष पेज 4 पर

भोपाल
गुरुवार, 29 अक्टूबर 2026
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष-4
वर्ष : 13, अंक : 209
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **



मौसम
अधि. 28
न्यून. 21

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

haribhoomi.com

समाचार ही नहीं, विचार भी

चंद्रोदय का समय
रात 8:26 बजे

करवा चौथ की मंगलकामनाएं





पंजाब विधानसभा चुनाव को ध्यान में रख कर लिया गया निर्णय

लंबे मंथन के बाद अंततः केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी प्रदेश से भाजपा के राज्यसभा उम्मीदवार बने

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

जैसी संभावना थी, वही हुआ। भाजपा नेतृत्व ने प्रदेश से बाहर के केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी को राज्यसभा का उम्मीदवार घोषित कर दिया। माना जा रहा है कि अगले साल होने वाले पंजाब विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखकर हरदीप पुरी को राज्यसभा भेजने का निर्णय लिया गया है। पार्टी के इस निर्णय से भाजपा के उन स्थानीय नेताओं के मंसूबों पर पानी फिर गया जो राज्यसभा की उम्मीद लगाए बैठे थे और जिनका नाम पैनल में भेजा गया था। यह सीट पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री एल मुरुगन के इस्तीफे के बाद खाली हुई थी, जिनका कार्यकाल अप्रैल 2030 तक शेष था। हरदीप पुरी अभी उत्तर प्रदेश से राज्यसभा सदस्य थे लेकिन केंद्र में मंत्री बनाए रखने के लिए अब उन्हें मप्र से राज्यसभा भेजा जा रहा है।

बाहरी को मौके से स्थानीय नेताओं के मंसूबों पर फिरा पानी



भाजपा ने भेजा था पांच नामों का पैनल

प्रदेश भाजपा कोर ग्रुप की बैठक के बाद प्रदेश नेतृत्व ने 5 नामों का पैनल केंद्रीय नेतृत्व के पास भेजा था। इस पैनल में हरदीप पुरी के अलावा तमिलनाडु की पूर्व विधायक वनथी श्रीनिवासन का नाम शामिल बताया गया था। प्रदेश से स्थानीय दावेदारों में दलित वर्ग से पूर्व मंत्री लाल सिंह आर्य, वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री अरविंद सिंह भदौरिया, आदिवासी वर्ग की वरिष्ठ महिला नेत्री रंजना बघेल और पार्टी के प्रमुख आदिवासी चेहरे डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी के नाम शामिल थे।

2 नवंबर तक नामांकन दाखिल होंगे

केंद्रीय मंत्री डॉ. एल मुरुगन के इस्तीफे के बाद खाली हुई है। उन्होंने 14 अक्टूबर को केंद्रीय मंत्रिपरिषद और राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। उप चुनाव के लिए 2 नवंबर तक नामांकन दाखिल किए जाएंगे। 3 नवंबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 5 नवंबर को नामांकन वापस लिए जा सकेंगे। 12 नवंबर को मतदान होगा। शाम 5 बजे से मतगणना होगी।

बाहरी नेताओं को पहले भी मिलता रहा मौका

प्रदेश भाजपा के स्थानीय कार्यकर्ताओं और नेताओं को उम्मीद थी कि इस बार किसी स्थानीय वरिष्ठ नेता या संगठन के निष्ठावान चेहरे को उच्च सदन भेजा जाएगा। हालांकि इससे पहले भी पार्टी ने एल मुरुगन (तमिलनाडु) और जॉर्ज कुरियन (केरल) जैसे गैर-मध्य प्रदेशीय नेताओं को मप्र के कोटे से संसद भेजा था। इसी क्रम में हरदीप सिंह पुरी के नाम पर इस बार भी मुहर लग गई। ऐसे में एक बार फिर 'बाहरी बनाम स्थानीय' का विमर्श राज्य के राजनीतिक गलियारों में उभर आया है। कांग्रेस को भी राज्य में एक बार फिर भाजपा पर 'मप्र के नेताओं के हक की अनदेखी' का आरोप लगाने का सियासी मौका मिल गया है। गणित पूरी तरह भाजपा के पक्ष में होने के कारण हरदीप सिंह की जीत में कोई संशय नहीं है। ▶▶ पढ़ें पेज 10 भी

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

पाठक सूचना
हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
का सामान्य कूपन
कल के अंक में देखें।

खबर संक्षेप

30 नवंबर को ही रिटायर होंगे डीजीपी मकवाना

भोपाल। मध्य प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) कैलाश मकवाना को सेवा विस्तार नहीं मिलेगा। वे 30 नवंबर 2026 को सेवानिवृत्त होंगे। राज्य शासन के गृह विभाग ने 28 अक्टूबर को इस संबंध में आधिकारिक आदेश जारी कर दिया है।



इसके साथ ही उनके कार्यकाल में विस्तार को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लग गया है। मकवाना की सेवानिवृत्ति के बाद प्रदेश को नया पुलिस प्रमुख मिलेगा। अब अगले डीजीपी की नियुक्ति को लेकर शासन के फैसले पर नजर रहेगी। नए डीजीपी के चयन की प्रक्रिया चल रही है। इसके लिए तैयार पैनल में एक महिला आईपीएस अधिकारी का नाम भी शामिल है। यदि उनके नाम पर सहमति बनती है, तो मध्य प्रदेश को पहली महिला डीजीपी मिल सकती हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मप्र अर्बन ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0 का किया शुभारंभ

इंदौर, उज्जैन और भोपाल को मेट्रोपॉलिटन सिटी के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य जारी

मप्र में15 टाउनशिप बनेंगी, 30 हजार एकड़ में होगा नियोजित शहरी विकास



उद्योगपतियों से वन टू वन चर्चा करते हुए

सीएम ने कहा कि शहर केवल आवासीय क्षेत्र नहीं, बल्कि उद्योग, व्यापार, निवेश और रोजगार के प्रमुख केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश के शहरों को आधुनिक, निवेश-अनुकूल, पर्यावरण-संवेदनशील और नागरिक-केंद्रित बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इंदौर, उज्जैन और भोपाल को मेट्रोपॉलिटन सिटी के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य तेजी से चल रहा है। वर्ष 2047 तक इस क्षेत्र में लगभग 20 लाख रोजगार के अवसर सृजित करने, 12 से 15 नई टाउनशिप विकसित करने तथा 25 से 30 हजार एकड़ क्षेत्र में नियोजित शहरी विकास का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि इंदौर फ्यूचर सिटी में करीब 5 हजार एकड़ क्षेत्र में आवास, उद्योग और रोजगार आधारित विकास किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को इंदौर में आयोजित अर्बन ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0 में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि शहर केवल आवासीय क्षेत्र नहीं, बल्कि उद्योग, व्यापार, निवेश और रोजगार के प्रमुख केंद्र हैं। शहरी विकास को आधुनिक अधोसंरचना, जल सुरक्षा, किफायती आवास और बेहतर जीवन गुणवत्ता से जोड़कर भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेशकों के साथ शहरी विकास एवं अधोसंरचना में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा हुई। इससे प्रदेश में निवेश को बढ़ावा मिलेगा और ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2027 के लक्ष्यों को प्राप्त करने में ▶▶ शेष पेज 4 पर

वर्ष 2047 तक इंदौर-उज्जैन-भोपाल क्षेत्र में 20 लाख रोजगार के अवसर होंगे सृजित



एमओयू के दौरान सीएम डॉ. यादव, मंत्री विजयवर्गीय और मंत्री सिलावट

- ***शहरों को आधुनिक, निवेश अनुकूल और नागरिक-केंद्रित बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता***
- ***इंदौर फ्यूचर सिटी में 5 हजार एकड़ क्षेत्र में होगा आवास, उद्योग और रोजगार आधारित विकास***
- ***मप्र में लगभग 12 लाख करोड़ रुपए के निवेश को उतारा गया धरातल पर***

अपशिष्ट जल पुनर्चक्रण एवं पुनः उपयोग नीति-2026 का ड्राफ्ट जारी

मुख्यमंत्री ने जल संरक्षण एवं उपचारित जल के पुनः उपयोग के लिए उपचारित अपशिष्ट जल पुनर्चक्रण एवं पुनः उपयोग नीति-2026 तथा किफायती आवास उपलब्ध कराने के लिए मप्र अर्बन अफोर्डेबल हाउसिंग एंड हैबिटेट पॉलिसी-2026 के ड्राफ्ट जारी किए। उपचारित जल के पुनः उपयोग का लक्ष्य वर्ष 2037 तक 50 प्रतिशत निर्धारित किया गया है। अर्बन चैलेंज फंड के अंतर्गत 2,013 करोड़ की शहरी अधोसंरचनात्मक ▶▶ शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़ें पेज 10 भी

मालवा-निमाड़ के 8 जिलों के विकास के लिए वर्ष 2047 तक की रूपरेखा

प्रस्तुतः मुख्यमंत्री ने कहा कि नीति आयोग की इंदौर इकोनॉमिक रीजन रिपोर्ट (आईईआर) में मालवा-निमाड़ के 8 जिलों के आर्थिक विकास के लिए वर्ष 2047 तक की रूपरेखा प्रस्तुत की गई है। इसमें उद्योग, कृषि, पर्यटन और रोजगार से जुड़ी 60 से अधिक परियोजनाएं प्रस्तावित हैं। भोपाल एवं इंदौर नगर निगम ▶▶ शेष पेज 4 पर

शहर आर्थिक विकास के प्रमुख इंजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र में अब तक लगभग 12 लाख करोड़ रुपए के निवेश को धरातल पर उतारा जा चुका है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत @2047 के संकल्प को साकार करने के लिए मप्र निवेश, उद्योग, तकनीकी विकास और रोजगार के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रहा है। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि वर्ष 2047 तक देश की लगभग 50 प्रतिशत से अधिक आबादी शहरी क्षेत्रों में निवास करेगी। ऐसे में भविष्य की विकास योजनाओं में शहरीकरण को केंद्र में रखना आवश्यक है। शहर केवल सड़क, आवास और ड्रेनेज तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे आर्थिक विकास के प्रमुख इंजन हैं।

मोदी सरकार ने दी दीपावली की सौगात

केंद्रीय कर्मियों का डीए 3% बढ़ा, जुलाई से होगा लागू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार के 48 लाख कर्मचारियों और 68 लाख पेंशनर्स की दिवाली थोड़ी और रोशन हो गई है। सरकार ने त्योहार से ठीक 10 दिन पहले उनके महंगाई भत्ते में 3% बढ़ोतरी कर दी है। ताजा बढ़ोतरी के बाद कर्मचारियों और पेंशनर्स का महंगाई भत्ता यानी डीए 63% हो जाएगा। सरकार इस पर 10 हजार करोड़ खर्च करेगी। बुधवार 28 अक्टूबर को कैबिनेट ने नई दरें 1 जुलाई, 2026 से लागू करने को मंजूरी दी है। पिछले महीनों का एरियर भी दिवाली से पहले खाते में भेजा जाएगा। इससे पहले केंद्र सरकार ने अप्रैल में डीए में 2% की बढ़ोतरी की थी।

इसके साथ ही महंगाई भत्ता 60% पर पहुंच गया था। कर्मचारियों को जुलाई, अगस्त और सितंबर महीने का बकाया भी आगामी सैलरी के साथ दिया जाएगा।



- 48 लाख कर्मचारियों और 68 लाख पेंशनर्स को मिलेगा फायदा
- सबसे निचले कर्मचारी को 540 और कैबिनेट सचिव लेवल के अफसर को 7500 महीने का फायदा
- सरकार इस पर करीब 10 हजार करोड़ खर्च करेगी

इस फैसले की 3 बड़ी बातें

1. डीए बढ़ने से सैलरी में बढ़ोतरी बेसिक पे के आधार पर तय होती है

▶▶ मिनिमम बेसिक सैलरी वालों के लिए: अगर किसी कर्मचारी की बेसिक पे 18,000 है, तो 3% की बढ़ोतरी के हिसाब से हर महीने 540 का इजाफा होगा। हायर पे-स्केल वालों के लिए अगर किसी वरिष्ठ अधिकारी की बेसिक सैलरी 56,100 है, तो उनकी मासिक सैलरी में लगभग 1,683 की सीधी बढ़ोतरी होगी।

2. साल में दो बार रिवाइज होता है भत्ता

▶▶ केंद्र सरकार हर साल कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए डीए और डीआर में दो बार संशोधन करती है। पहला संशोधन आमतौर पर जनवरी से और दूसरा जुलाई से प्रभावी होता है।

सरकार ऑल इंडिया कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स के आंकड़ों के आधार पर महंगाई का आकलन करती है और उसी अनुपात में भत्ते बढ़ाने का निर्णय लेती है।

3. महंगाई के हिसाब से मिलता है अलाउंस

▶▶ डीए सरकारी कर्मचारियों के रहन-सहन के खर्च को संतुलित करने के लिए दिया जाने वाला अलाउंस है। यह कर्मचारी की बेसिक सैलरी के प्रतिशत के रूप में तय होता है।

वहीं, डीआर रिटायर्ड कर्मचारियों यानी पेंशनर्स को उनकी बेसिक पेंशन पर दिया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य रोजमर्रा की चीजों के बढ़ते दामों के असर को कम करना है।

तेंदुए के साथ एक सियार का शव भी मिला

बालाघाट में करंट से किया गया तेंदुए का शिकार, चारों पंजे काटे, खाल भी उधेड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालाघाट

कूनो में 19 माह के चीते की मौत का मामला शांत भी नहीं हुआ था कि बालाघाट जिले में एक तेंदुए का शिकार किया गया। शिकारियों ने उसे बिजली का करंट लगाकर मारा, फिर कुल्हाड़ी से पंजे काटे और खाल उधेड़ दी। खाल को घटनास्थल के पास एक गड्ढे के पानी में डुबोकर रखा गया था। वन विभाग की टीम को घटना की जानकारी कई दिन बाद मिली।

घटना 22 अक्टूबर को नारंगी-खांडापार के बीच हिर्री बीट के कक्ष क्रमांक 1815 के घने जंगल में सामने आई। तेंदुए के साथ एक सियार का शव भी मिला, जिसकी मौत भी करंट से हुई थी। वन विभाग ने शवों को चार से पांच दिन पुराना बताया है। इस मामले में नारंगी निवासी रतन मेरावी, अनिल पंद्रे, शिवप्रसाद उइके, धीरसिंग मरकाम, सुनील ▶▶ शेष पेज 4 पर



- ***6 आरोपी गिरफ्तार, रेंजर सहित 3 वनकर्मी नपे***

निर्वा के शावक की मौतः एसटीएफ के साथ केंद्रीय कमेटी करेगी जांच

भोपाल। कूनो नेशनल पार्क के मादा चीता निर्वा के 19 माह के शावक को गोली मारने के मामले की जांच अब मध्य प्रदेश सरकार के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) के साथ केंद्र सरकार की उच्चस्तरीय कमेटी भी करेगी। यह कमेटी जल्द ही मध्य प्रदेश आएगी। साथ ही सीबीआई जांच के लिए न्यायालय में याचिका दायर की है। केंद्रीय कमेटी में राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के ▶▶ शेष पेज 4 पर

- सीबीआई जांच के लिए कोर्ट में पिटीशन दायर

पुलिस पर मदद नहीं करने का आरोप

सीहोर में किसान पर लाठी तलवारों से हमला, मौत हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

जिले की भेरूंदा तहसील के एक गांव में जमीन के पट्टे की लिखा-पढ़ी को लेकर हुए विवाद के बाद एक किसान की मौत हो गई। मंगलवार रात घर में खाना खा रहे 50 वर्षीय रामद्वार मेहर पर लाठी-डंडों और तलवारों से हमला किया गया। उन्हें बचाने आए परिवार के सदस्यों को भी पीटा गया। हमले में किसान के सिर में गंभीर चोट आई, बेटे का कान कट गया और पोती का पैर टूट ▶▶ शेष पेज 4 पर



- जमीन के पट्टे की लिखा-पढ़ी को लेकर था विवाद

1.37 लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित निकाला



आखिर,अर्नब चक्रवात आंध्र के तट से टकराया

अमरावती। भीषण चक्रवाती तूफान अर्नब बुधवार सुबह 2 से 8 बजे के बीच बापटला और विशाखापट्टनम के बीच तट से टकराया। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार इस दौरान हवाओं की रफ्तार 125 से 135 किमी प्रति घंटा रही, जबकि झोंके 150 किमी प्रति घंटे तक पहुंचे। तूफान के कारण भारी बारिश हुई। विशाखापत्तनम के वॉल्टेयर में 216.9 मिमी, कलिंगपट्टनम में 147.5 मिमी और काकीनाडा में 118.4 मिमी बारिश दर्ज की गई। आंध्र प्रदेश में करीब 89 हजार और ओडिशा में 48 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। पांच लोगों की मौत की खबर है। ▶▶ पढ़ें पेज 07 भी

हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 29 अक्टूबर 2026

9 आईएसबीटी में निगम की कार्रवाई, 15 बसें हटाईं...



12 जनजातीय सुरों से अहिल्याबाई की गाथा तक, स्वदेशी ...



बालाजी छोले-भटूरे में आग के बाद जागा निगम

न्यू मार्केट में निगम की सख्ती, अब पीली पट्टी के बाहर नहीं रख सकेंगे सामान

आग के बाद हरकत में आया निगम, नियम तोड़ने पर होगी जब्ती, मेहंदी और पूजन सामग्री बेचने वालों को छूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

न्यू मार्केट में अब दुकानदारों को अपना सामान पीली पट्टी के अंदर ही रखना होगा। सड़क और फुटपाथ तक सामान फैलाने वालों पर नगर निगम जब्ती की कार्रवाई करेगा। बुधवार शाम निगम की टीम ने बाजार पहुंचकर दुकानदारों को सख्त हिदायत दी। इसका असर गुरुवार से बाजार में दिखाई देने की उम्मीद है। 8 अक्टूबर को बालाजी छोले-भटूरे की दुकान में लगी भीषण आग के बाद निगम ने यह कदम उठाया है। दीपावली पर बाजार में बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए अधिकारियों ने रास्ते खाली रखने और नियमों का पालन कराने के निर्देश दिए हैं।

बुधवार शाम अधिकारियों ने दुकानदारों को दी सख्त हिदायत

दिवाली में भीड़ से पूर्व अतिक्रमण पर शिकंजा कसने की तैयारी



न्यू मार्केट में पीली पट्टी के बाहर रखा सामान हटवाते हुए अधिकारी।

दुकानदार पीली पट्टी के अंदर रखे सामान

बुधवार शाम करीब 7 बजे अपर आयुक्त अमन मिश्रा, सांयकालीन अतिक्रमण निरोधी दस्ता अधिकारी नासिर खान और अतिक्रमण अधिकारी शैलेंद्र सिंह भदौरिया सहित टीम ने न्यू मार्केट में कार्रवाई शुरू की। अधिकारियों ने दुकानदारों को समझाया कि पीली पट्टी के बाहर सामान रखने पर उसे जब्त किया जाएगा। अपर आयुक्त ने जोन प्रभारी को गुरुवार से ही इस व्यवस्था का पालन कराने और उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

...अब भी जलती हैं भट्ठियां

8 अक्टूबर को बालाजी छोले-भटूरे की दुकान में भीषण आग लगी थी, जिससे करोड़ों रुपये के नुकसान की बात सामने आई थी। घटनास्थल से करीब 100 फीट की दूरी पर छोले-भटूरे की दो अन्य दुकानें भी हैं, जहां सुबह से रात तक भट्ठियां जलती हैं। ऐसे में दोबारा हादसे की आशंका बनी हुई है। दीपावली पर बाजार में भीड़ बढ़ने से दुकानों के बाहर रखा सामान आवाजाही में बाधा बन सकता है।

मेहंदी और पूजन सामग्री वालों को छूट

अतिक्रमण अधिकारी नासिर खान ने इस दौरान मंदिर के सामने मेहंदी लगाने वाली महिलाओं से बात की साथ ही करवा चौथ के मौके पर यहां बड़ी संख्या में महिलाएं और युवतियां मेहंदी लगवाने आती हैं। इसलिए उनकी सुविधा के लिए गुरुवार को उन्हें हटाने की कार्रवाई नहीं होगी। इसके अलावा पूजन सामग्री बेचने वाले दुकानदारों को भी छूट दी गई है। वे गुरुवार को भी फुटपाथ पर दुकानें लगा सकेंगे।

रेलवे के खाद्य अफसरों ने सैंपलिंग करने से किया इंकार, खींचतान के बाद बनाई जप्ती

पांच घंटे में रेलवे स्टेशन से बाहर आया सात क्विंटल पनीर, फिर जब्त कर लिया सैंपल

मुरैना से भोपाल लाया गया सात क्विंटल मिलावटी पनीर

लेने से मुकरा कारोबारी शमशाद, रेलवे ने भी देने से किया इनकार

एनालॉग पनीर की आशंका, अधिकारियों ने सैंपल जांच के लिए लैब भेजे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दीवाली के पहले होटल और रेस्टॉरेंट में सप्लाई करने के लिए मुरैना से आया सात क्विंटल संदिग्ध पनीर को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने जब्त कर लिया है। रात 9 बजे आई ट्रेन से आए सात क्विंटल पनीर को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम भोपाल स्टेशन पर ही पहुंच गई, लेकिन माल छुड़वाने वाले शमशाद ने पनीर का स्टॉक लेने से मना कर दिया।

जिसके बाद रेलवे के अफसरों ने खाद्य सुरक्षा विभाग के अफसरों को पनीर देने से इंकार कर दिया। जिसके बाद वरिष्ठ अफसरों की खासी मशक्कत के बाद पनीर को रात दो बजे जब्त किया गया है।



रेलवे स्टेशन पर जब्त किया पनीर।

अफसरों ने 5 घंटे बाद जब्त किया पनीर

दीवाली के पहले राजधानी में मावा और पनीर की बड़ी खेप आना शुरू हो गई हैं। मंगलवार रात सूचना के बाद जब खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम भोपाल रेलवे स्टेशन पहुंची, जहां लगैज में मुरैना के केशवदत्त शर्मा के नाम से भोपाल के शमशाद के नाम सात क्विंटल पनीर भेजा गया था। टीम ने जब कोलियाखेड़ी निवासी माखन डेयरी के संचालक शमशाद को मौके पर बुलाया, लेकिन उसने पनीर लेने से इंकार कर दिया, जिसके बाद मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिवराज पावक ने रेलवे अफसरों से बिल्टी कैंसिल कर पनीर सौंपने की बात कही, लेकिन अफसरों ने इंकार कर दिया। जिसके बाद वरिष्ठ अफसरों के हस्तक्षेप से पांच घंटे बाद पनीर जब्त किया गया है।

सड़क के रास्ते आ रहा मिलावटी मावा, दिवाली के पहले किया स्टॉक

भोपाल। राजधानी में इस बार दिवाली पर मावा, पनीर, मिठाइयां, गिफ्ट आइटम्स और अन्य खाद्य पदार्थों की सैंपलिंग का काम पिछड़ गया है। दरअसल इस बार खाद्य विभाग की टीम मिठाईयां, मावा, गिफ्ट आइटम्स और अन्य खाद्य पदार्थों की सैंपलिंग नहीं कर पाई है। टीम ने पिछले एक हफ्ते के दौरान इक्का दुक्का दुकानों से ही सैंपलिंग की है, जबकि दिवाली के दस दिन शेष बचे हैं। सैंपलिंग होने के बाद भी इसकी जांच रिपोर्ट एक से डेढ़ महीने में मिल पाएगी। ऐसे में आम लोगों को मिलावटी मिठाइयां खाना पड़ेंगी। इसके पहले खाद्य विभाग दशहरा के समय से सैंपलिंग का काम शुरू कर देता था, जिससे दिवाली के पहले जांच रिपोर्ट मिलने से मिलावट करने वाले दुकानदारों पर शिकंजा कसा जाता था, लेकिन इस बार सैंपलिंग का काम पिछड़ने की वजह से जांच रिपोर्ट आने में देरी हो जाएगी। अफसरों का कहना है कि सैंपल की जांच रिपोर्ट आने में एक से डेढ़ महीने का समय लग सकता है।

एक महीने में मिल जाएगी रिपोर्ट

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिवराज पावक का कहना है कि दिवाली के मद्देनजर कुछ दुकानों से मावा, मिठाई, पनीर, नमकीन सहित अन्य खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच के लिए लेबोरेटरी भेजे गए हैं। प्रयास किया जा रहा है कि निश्चित समयावधि में इनकी रिपोर्ट मिल जाए, जिससे शुद्धता-अशुद्धता की पहचान होने के बाद आगे की कार्रवाई की जा सके। त्यौहार को देखते हुए शहर में मावा, पनीर और मिठाइयों की सप्लाई बढ़ गई है, जिसके तहत ग्वालियर और धौलपुर से मिलावटी मावे की खेत लगातार शहर में आ रही है। जबकि खाद्य विभाग को मावे के खेप की जानकारी तक नहीं मिल रही है।

आरजीपीवीः दो दिवसीय इम्प्रेनडिटोर 5.0 आज से, कल होगा समापन

भोपाल। राजधानी स्थित राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विवि के ई-सेल द्वारा 29-30 अक्टूबर को दो दिवसीय इम्प्रेनडिटोर 5.0 का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में नवाचार, उद्यमिता और तकनीकी कौशल को बढ़ावा देना है। इस आयोजन में स्टार्टअप स्प्रिंट चैलेंज (16 घंटे की हैकाथॉन), स्टार्टअप एक्सपो, वेंचर हंट, रोबो एरीना, आईपीएल ऑक्शन चैलेंज, बिजनेस राइवल्स एरीना, स्टॉक मार्केट सिमुलेशन और यूआई/ यूएक्स वॉर्स जैसी प्रमुख प्रतियोगिताएं होंगी। साथ ही, उद्योग जगत के विशेषज्ञ राहुल लखमानी (सीईओ, स्कीइफाई सॉल्यूशंस), उत्कर्ष पाठक (वरिष्ठ इंजीनियर, पब्लिसिस सिपिएंट) और अदिति चौरसिया (संस्थापक, एल्गोरिदमएचक्यू) विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करेंगे। समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों को पुरस्कृत किया जाएगा।

करवा चौथ आज



भोपाल। करवा चौथ आज है... सुहागिनों के पर्व को लेकर राजधानी के न्यू मार्केट में रौनक चरम पर है। बुधवार को बाजार में मेहंदी, चूड़ियां, साड़ियां, श्रृंगार सामग्री और पूजा थालियों की दुकानों पर महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ी। दुकानदारों ने करवा चौथ स्पेशल कलेक्शन सजाए हैं। बाजार में देर रात तक खरीदारी का दौर जारी रहा।

चेक बाउंस मामले में पूर्व आईएएस रमेश थेटे गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

चेक बाउंस मामले में कोर्ट में पेश न होने पर सेवानिवृत्त आईएएस रमेश थेटे के खिलाफ भोपाल जिला न्यायालय ने स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। परिवादी प्रदीप रामटेके की शिकायत पर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कल्पना कोतवाल की अदालत में मामला विचाराधीन है। समंस और गिरफ्तारी वारंट के बाद भी थेटे पेश नहीं हुए तो कोर्ट ने उन्हें फरार घोषित कर स्थायी वारंट जारी किया। सूत्रों के मुताबिक भोपाल पुलिस ने नागपुर के बेलतरोड़ी थाने की मदद से मनीष नगर में घेराबंदी कर बुधवार को उन्हें हिरासत में लिया। पुलिस टीम उन्हें लेकर भोपाल रवाना हुई है।

वेक्टर बोर्न डिजीज के नियंत्रण के लिए निगम आयुक्त ने की स्वास्थ्य विभाग के साथ बैठक

खाली प्लॉट में जल भराव और गंदगी होने पर करें स्पॉट फाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जिले में मलेरिया, डेंगू एवं चिकनगुनिया की रोकथाम के लिए नियमित रूप से सर्वेक्षण, लार्वा नियंत्रण एवं जागरूकता के लिए नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बुधवार को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मैदानी स्तर के कर्मचरियों को संयुक्त रूप से लार्वा सर्वे और वेक्टर नियंत्रण गतिविधियां किये जाने के निर्देश दिए। बैठक में नगर निगम के एडिशनल कमिश्नर वरुण अवस्थी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ मनीष शर्मा, जिला मलेरिया अधिकारी स्मृता नामदेव उपस्थित रहे। इसके पहले मंगलवार को जिला स्वास्थ्य एवं पोषण समिति की संयुक्त बैठक में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने जिले में डेंगू के हॉट स्पॉट में नगर निगम एवं स्वास्थ्य विभाग को संयुक्त सर्वे करने और आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश थे। डेंगू नियंत्रण के लिए निगमायुक्त ने खाली प्लॉट को लेकर जल भराव एवं गंदगी होने पर स्पॉट फाइन की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही मैदानी स्तर पर नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारियों और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को संयुक्त कार्यवाही के लिए कहा गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा की जा रही जन-जागरूकता गतिविधियों में तेजी लाने के लिए नगर निगम द्वारा कचरा वाहनों, होर्डिंग इत्यादि के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जाएगा।



स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक लेते निगम आयुक्त।

चार टीमें करेंगी बसों और अन्य वाहनों की चेकिंग

बच्चों से भरी बस के हादसे के बाद जागा परिवहन विभाग, 1 नवंबर से स्कूल वाहनों की होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

वीआईपी रोड पर छात्रों से भरी बस के हादसे के बाद परिवहन विभाग ने स्कूली वाहनों की जांच की तैयारी शुरू कर दी है। परिवहन आयुक्त ने स्कूल वाहनों के खिलाफ विशेष चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। एक नवंबर के बाद शुरू होने वाले इस अभियान में स्कूल-कॉलेजों की बसों सहित बच्चों को लाने-ले जाने वाले अन्य वाहनों की जांच की जाएगी। इसके लिए चार टीमें गठित की गई हैं। गौरतलब है कि मंगलवार को कोहेफिजा थाना क्षेत्र में वीआईपी रोड पर छात्रों से भरी बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। हादसे में करीब एक दर्जन छात्र घायल हुए थे। शुरूआती जानकारी में बस चालक की लापरवाही की बात सामने आई थी। घटना के बाद स्कूली बच्चों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए विभाग ने सख्ती की तैयारी की है।

जांच के प्रमुख बिंदु

- वाहनों के फिटनेस सर्टिफिकेट और वैध बीमा की जांच।
- फायर एक्सटिंग्विशर (अग्निशामक यंत्र) और फर्स्ट-एड बॉक्स की उपलब्धता।
- आपातकालीन खिड़की और अन्य सुरक्षा मानकों का पालन।

फिटनेस से लेकर सीसीटीवी तक की जांच

अभियान के दौरान वाहनों के फिटनेस प्रमाण-पत्र, वैध बीमा, सीसीटीवी कैमरे, अग्निशामक यंत्र और प्राथमिक उपचार पेटी की उपलब्धता जांची जाएगी। इसके अलावा आपातकालीन खिड़की सहित अन्य सुरक्षा मानकों का पालन हो रहा है या नहीं, यह भी देखा जाएगा। जांच में नियमों की अनदेखी मिलने पर वाहन जब्त करने सहित नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। विभाग का उद्देश्य स्कूली वाहनों में सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करना और हादसों पर अंकुश लगाना है।

सुविधा : 30 सेकंड में मिलेगा टिकट

भोपाल-इंदौर मेट्रो में कल से यात्रियों को मशीन के जरिए मिलेंगे टिकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल और इंदौर मेट्रो में सफर करने वाले यात्रियों को 30 अक्टूबर से टिकट लेने के लिए काउंटर पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमपीएमआरसीएल) दोनों शहरों के संचालित कॉरिडोर के सभी स्टेशनों पर टिकट वेंडिंग मशीन (टीवीएम) की सुविधा शुरू करने जा रहा है। इससे यात्री खुद टिकट निकाल सकेंगे और करीब 30 सेकंड में टिकट प्राप्त कर सकेंगे।

दोनों शहरों के सभी स्टेशनों पर दो-दो टिकट वेंडिंग मशीन लगाई गई हैं। साथ ही इन मशीनों में दृष्टिबाधित दिव्यांग यात्रियों के लिए ब्रेल लिपि की सुविधा भी दी गई है। इससे टिकट लेने की प्रक्रिया आसान होगी और मेट्रो सेवाओं को अधिक सुलभ बनाया जा सकेगा। यात्री को मशीन की स्क्रीन पर क्यूआर टिकट का विकल्प चुनना होगा। इसके बाद गंतव्य स्टेशन का चयन करने पर किराया स्क्रीन पर दिखाई देगा। यात्री अपने यूपीआई ऐप से स्क्रीन पर दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन कर भुगतान कर सकेंगे।



1 जनवरी 2027 से लागू होगी नई व्यवस्था; महानगरी, तुलसी और बनारस एक्सप्रेस के बदले नंबरों से चलेंगी ट्रेनें

भोपाल मंडल से गुजरने वाली 6 ट्रेनों के नंबर बदलेंगे, सुपरफास्ट का दर्जा भी होगा खत्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल मंडल होकर संचालित होने वाली तीन जोड़ी ट्रेनों के सुपरफास्ट दर्जे में बदलाव किया जाएगा। रेलवे ने इन ट्रेनों को गैर-सुपरफास्ट श्रेणी में शामिल करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही इन ट्रेनों के नंबर भी बदल जाएंगे। नई व्यवस्था 1 जनवरी 2027 से लागू होगी। ऐसे में यात्रियों को नए ट्रेन नंबरों के अनुसार यात्रा की योजना बनानी होगी। रेलवे के अनुसार, छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-बनारस महानगरी सुपरफास्ट एक्सप्रेस, लोकमान्य तिलक टर्मिनस-अयोध्या कैंट तुलसी सुपरफास्ट एक्सप्रेस और लोकमान्य तिलक टर्मिनस-बनारस सुपरफास्ट एक्सप्रेस के दोनों दिशाओं के नंबर बदले जाएंगे।

टिकट बुक करते समय रखें ध्यान



फाइल फोटो।

रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि 1 जनवरी 2027 से इन ट्रेनों में यात्रा की योजना बनाते समय बदले हुए नंबरों का ध्यान रखें। ट्रेन के संचालन और यात्रा से जुड़ी नवीनतम जानकारी रेलवे के अधिकृत माध्यमों से प्राप्त करें।

इन ट्रेनों के बदलेंगे नंबर

- **महानगरी एक्सप्रेसः** छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-बनारस ट्रेन नंबर 22177 की जगह 11093 और वापसी में ट्रेन नंबर 22178 की जगह 11094 से चलेगी।
- **तुलसी एक्सप्रेसः** लोकमान्य तिलक टर्मिनस-अयोध्या कैंट ट्रेन नंबर 22129 की जगह 11065 और वापसी में ट्रेन नंबर 22130 की जगह 11066 होगा।
- **लोकमान्य तिलक टर्मिनस-बनारस एक्सप्रेसः** ट्रेन नंबर 12167 की जगह 11067 और वापसी में 12168 की जगह 11068 होगा।

द. भारत से दिल्ली के लिए 3 दिन चलेगी स्पेशल ट्रेन, भोपाल-इटारसी में ठहराव

त्योहारी सीजन में यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने तिरुवनंतपुरम उत्तर (कोच्चुवेली) से हजरत निजामुद्दीन के बीच स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। ट्रेन दोनों दिशाओं में तीन-तीन फेरे लगाएगी। पश्चिम मध्य रेल के भोपाल मंडल में इस ट्रेन का ठहराव इटारसी और रानी कमलापति स्टेशन पर रहेगा। इससे दक्षिण भारत से भोपाल और दिल्ली की ओर आने-जाने वाले यात्रियों को सुविधा मिलेगी। रेलवे के अनुसार, गाड़ी संख्या 06073 कोच्चुवेली-हजरत निजामुद्दीन स्पेशल 2, 9 और 16 नवंबर को कोच्चुवेली से दोपहर 2 बजे रवाना होगी। तीसरे दिन इटारसी स्टेशन पर सुबह 6:10 बजे और रानी कमलापति स्टेशन पर सुबह 7:45 बजे पहुंचेगी। इसके बाद रात 11:50 बजे हजरत निजामुद्दीन पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 06074 हजरत निजामुद्दीन-कोच्चुवेली स्पेशल 5, 12 और 19 नवंबर को सुबह 5:45 बजे रवाना होगी। रानी कमलापति स्टेशन पर रात 8:40 बजे और इटारसी में रात 10:35 बजे ठहराव रहेगा। ट्रेन तीसरे दिन शाम 4:30 बजे कोच्चुवेली पहुंचेगी। स्पेशल ट्रेन में कुल 18 एलएचबी कोच रहेंगे। इनमें 10 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 6 वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी और 2 जनरेटर कार शामिल हैं।

1265 स्टेशन मास्टरों की निकाली भर्ती, भोपाल के हिस्से में 62 पद

रेलवे में सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए अच्छी खबर है। भारतीय रेल ने देशभर में स्टेशन मास्टर के 1,265 पदों पर भर्ती निकाली है। इस भर्ती में भोपाल के अंतर्गत आने वाले पश्चिम मध्य रेलवे के लिए 49 पद निर्धारित किए गए हैं। वहीं, रेलवे भर्ती बोर्ड भोपाल के अंतर्गत पश्चिम रेलवे में भी 13 पदों पर भर्ती होगी। इस तरह भोपाल से संबंधित दोनों प्रविष्टियों में कुल 62 पद हैं। किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री प्राप्त उम्मीदवार इस भर्ती के लिए आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 25 नवंबर 2026 है।

ट्रेनों में तेज आवाज में गाने-रील चलाने पर लगेगा 1000 रुपए का जुर्माना, जेल भी

ट्रेनों में मोबाइल पर तेज आवाज में गाने सुनना, वीडियो और रील चलाना ही नहीं, बल्कि सेल्फी लेने के दौरान दूसरे यात्रियों को परेशान करना अब रेलवे के लिए चिंता का विषय बन रहा है। भोपाल रेल मंडल समेत देशभर के विभिन्न रेल मंडलों में इस तरह की शिकायतें लगातार सामने आने के बीच रेलवे ने यात्रियों को नियमों के प्रति जागरूक करना शुरू किया है। रेलवे ने स्पष्ट किया है कि यात्रियों की सुविधा में बाधा डालने वाले व्यवहार पर नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है। जिसमें 1000 रुपएक तक जुर्माना, छह माह तक की कैद या दोनों का प्रावधान है।

यात्रियों की निजता और सुरक्षा का ध्यान

रेलवे के अनुसार, ट्रेन के कोच, प्लेटफॉर्म और प्रतीक्षालय सार्वजनिक स्थान हैं। यहां मोबाइल के स्पीकर पर तेज आवाज में गाने बजाने, वीडियो देखने या रील चलाने से सहयात्रियों की नींद और आराम प्रभावित होता है। वहीं, सेल्फी लेने के दौरान दूसरों की निजता और सुविधा का ध्यान नहीं रखने से भी परेशानी हो सकती है। यात्रियों से अपील की गई हैं। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने यात्रियों से रेल यात्रा के दौरान जिम्मेदारी और संवेदनशीलता बरतने की अपील की है।





AC की विशालतम रेंज



AC मुफ्त के भाव

32" टीवी खरीदने पर सेटअप बॉक्स / मोबाइल फोन फ्री



43-inch QLED



मात्र ₹14,990 में





फर्नीचर की विशाल रेंज

EXCHANGE धमाका



पुरानी रेफ्रिजरेटर की एक्सचेंज पर 7000/- तक पाएं और नई रेफ्रिजरेटर ले जाये

MOBILE धमाका

मोबाइल ऑनलाइन कीमत में साथ ही ₹2000 का निश्चित ऊपर



EXCHANGE धमाका



पुरानी मशीन की एक्सचेंज पर ₹5000/- तक पाएं और नई मशीन ले जाये

पलंग के साथ गद्दा मुफ्त



सोफा के साथ सेंटर टेबल मुफ्त



चिमनी के साथ चूल्हा मुफ्त



Huge Range of Laptop



अपनी शादी को बनाएँ यादगार, गर्ग्स के शादी स्पेशल पैकेजेस के साथ



पैकेजेस के साथ दूल्हा-दुल्हन, नन्द-भौजाई एवं सास-ससुर के लिए विशेष उपहार, एकदम फ्री!

तो इंतज़ार किस बात का, शादी का मज़ा अब होगा दुगुना, गर्ग्स के महाबचत ऑफर्स के साथ।

ऑफर सीमित समय के लिए, मौका छूट ना जाए!

Geyser की विशाल रेंज



Induction Stove की विशाल रेंज



Wooden & Steel Almirah की विशाल रेंज



सोफा सेट की विशाल रेंज



बेड की विशाल रेंज



डाइनिंग टेबल की विशाल रेंज



मैटरेस की विशाल रेंज



सभी प्रकार के घरेलू उपकरण मिलने का एकमात्र स्थान

आपसे निवेदन है की कहीं से भी इलेक्ट्रॉनिक्स या फर्नीचर का कोई भी सामान लेने से पहले एक बार Garg's की रेंज जरूर देखें।

सभी प्रकार के इंटीरियर एवं मॉड्यूलर किचन के लिए भी संपर्क करें

सिर्फ आपका और हमारा एक अनूठा प्रयास

GARG'S ELECTRONICS & FURNITURE
THE COMPLETE SHOWROOM

GARG'S

Ahinsa Vihar, Near TanaTan Dhabe, Ayodhya Bypass Road, Bhopal

Mobile No.: 9131512945

T&C Apply. In case of any dispute, the decision of the Management will be final.

जैकेट का शेष...

मप्र में 15 टाउनशिप बनेंगी ...

मदद मिलेगी। अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं आवास संजय दुबे ने कहा कि प्रदेश का लक्ष्य वर्ष 2047 तक 2 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनना है। प्रदेश में 5.6 लाख किमी से अधिक सड़क नेटवर्क, 44 राष्ट्रीय राजमार्ग, 22 रेलवे जंक्शन और 8 हवाई अड्डे हैं। जबलपुर-भोपाल-इंदौर औद्योगिक कॉरिडोर और इंदौर-पिथमपुर आर्थिक कॉरिडोर में एक-एक लाख करोड़ रुपए के निवेश का लक्ष्य है। ग्वालियर टेलीफोन मैन्युफैक्चरिंग जोन में 24 कंपनियों से 5,500 करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता मिली है। प्रदेश में 123 औद्योगिक पार्क विकसित हैं और 160 और विकसित करने का लक्ष्य है।

अपशिष्ट जल पुनर्चक्रण एवं ...

परियोजनाओं के लिए वित्तीय समझौते किए गए। विभिन्न एमओयू के माध्यम से औद्योगिक जल के पुनः उपयोग, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और शहरी विकास में तकनीकी सहयोग को बढ़ावा दिया जाएगा।

मालवा-निमाड़ के 8 जिलों ...

की सतत विकास रिपोर्ट तथा मप्र एकीकृत भूमि विकास एवं भवन प्रोत्साहन नियम-2026 के प्रारूप को जन परामर्श के लिए प्रस्तुत किया गया।

बालाघाट में करंट से किया ...

उइके और हीरासिंग मरकाम सहित 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से खाल, पंजे और करेंट लगाने वाले तार जब्त किए गए। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है। इस मामले में वन विकास निगम लामता परियोजना के संभागीय प्रबंधक सुंदर निवेदन एम ने परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी अजय कामड़े, डिप्टी रेंजर चुरन मड़ावी और बीटगार्ड अमर सिंह पंद्रे को नोटिस जारी कर उनसे तीन दिन के भीतर जवाब मांगा गया है।

निर्वा के शावक ...

महानिरीक्षक स्तर के अधिकारी, वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो के अतिरिक्त निदेशक और क्षेत्रीय उपनिदेशक शामिल हैं। कमेटी मध्य प्रदेश सरकार के साथ समन्वय कर जांच करेगी। बता दें कि इस मामले की जांच के लिए राज्य सरकार पहले ही वन एवं पुलिस अधिकारियों को शामिल करते हुए एसटीएफ गठित कर चुकी है। कूनो के चीते की गोली मारकर हत्या के मामले में वन विभाग की लापरवाही और सुरक्षा में चूक को लेकर वाइल्डलाइफ एक्टिविस्ट अजय दुबे ने न्यायालय में याचिका दायर की है। उन्होंने इसमें सीबीआई जांच की मांग करते हुए केंद्र सरकार, मध्यप्रदेश के प्रमुख सचिव वन विभाग, केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय को प्रतिवादी बनाया गया है।

सीहोर में किसान ...

गया। गंभीर रूप से घायल किसान ने बुधवार सुबह भोपाल के हमीदिया अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। परिजनों ने पुलिस चौकी पर समय रहते मदद नहीं मिलने का आरोप लगाया है। परिजनों के मुताबिक, मंगलवार रात परिवार घर में था। किसान रामद्वार मेहर पिता बलराम प्रसाद (50) खाना खा रहे थे, तभी संतोष, उसका बेटा रितेश, बलराम, दुर्गेश समेत अन्य लोग वहां पहुंचे। आरोप है कि हमलावर लाठी-डंडों और तलवारों से लैस थे। उन्होंने घर में घुसकर परिवार पर हमला कर दिया। रामद्वार को संभलने का मौका तक नहीं मिला। उन्हें बचाने के लिए परिवार के लोग आगे आए तो हमलावरों ने उन पर भी हमला किया। इस दौरान घर में तोड़फोड़ भी की गई। मृतक के बेटे अरुण के मुताबिक गांव में जमीनों के पट्टे बनाने का काम चल रहा है। 26 अक्टूबर को पटवारी गांव आया था। इस दौरान उनकी जमीन के पट्टे के लिए लिखा-पढ़ी की जा रही थी।

पेज एक का शेष...

मां ने कहा- जियो ...

कई मौकों पर अपने आंसू भी पोंछे। समारोह में पूरा अंबानी परिवार मौजूद रहा। जियो प्लेटफॉर्म्स का शेयर 1,119 रुपए के इश्यू प्राइस के मुकाबले 21 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,358 रुपए पर सूचीबद्ध हुआ। कारोबार के अंत में यह 1,419 रुपए पर बंद हुआ, जो इश्यू प्राइस से करीब 27 प्रतिशत अधिक है।

कारोबार को बताया पूजा, घंटी को मंदिर की घंटी से जोड़ाः अनंत अंबानी ने शेयर बाजार में लिस्टिंग के दौरान बजने वाली घंटी को अपने लिए मंदिर की घंटी जैसा बताया। उन्होंने कहा कि उनके लिए कारोबार पूजा के समान है और हर पूजा प्रसाद के साथ पूरी होती है। प्रसाद सबके साथ बांटा जाता है। इसी तरह जियो की उपलब्धि भी भारत के साथ साझा की गई है। उनके मुताबिक, किसी कंपनी की सफलता का वास्तविक अर्थ तभी है, जब उसका लाभ लोगों तक पहुंचे। रिलायंस रिटेल वेंचर्स की कार्यकारी निदेशक ईशा अंबानी ने अपने संबोधन में परिवार की पुरानी यादों को साझा किया। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले भोजन के दौरान मुकेश अंबानी वर्ष 1977 के दिनों को याद कर रहे थे। उस समय वह करीब 20 वर्ष के थे और रिलायंस के पहले सार्वजनिक निर्गम की प्रक्रिया से जुड़े थे।ईशा ने कहा कि उनके दादा धीरूभाई अंबानी ने रिलायंस को आम लोगों से जोड़ने का सपना देखा था। रिलायंस जियो के प्रबंध निदेशक आकाश अंबानी ने लिस्टिंग को मिले निवेशकों के भरोसे के लिए आभार जताया।

जियो को देश ...

हुए उन्होंने कहा कि जियो को पूरे देश का आशीर्वाद मिला है। अनंत ने परिवार से जुड़े भावुक प्रसंग साझा करते हुए कहा कि मां ने कहा- जियो मेरे लाल, दादी ने कहा- जुग-जुग जियो और दोस्तों ने कहा- जियो यार। उन्होंने जियो की यात्रा को अपने दादा धीरूभाई अंबानी के सपने, दादी के आशीर्वाद, पिता के मार्गदर्शन और मां से मिले विनम्रता व दूसरों की देखभाल के संस्कारों से जोड़ा। उन्होंने कहा कि जियो नए सपने देखता रहेगा, लेकिन अपनी जड़ों और मूल्यों को हमेशा याद रखेगा।

2.76 लाख करोड़ ...

कंपनी के कुल शेयरों की मार्केट वैल्यू में करीब 2.76 लाख करोड़ का इजाफा हुआ। इसके साथ ही जियो प्लेटफॉर्म्स का मार्केट कैप बढ़कर करीब 13.07 लाख करोड़ पहुंच गया।

जियो के शेयर की शुरुआत भी शानदार रही। बुधवार सुबह यह 1,358 पर लिस्ट हुआ था, जो इश्यू प्राइस से 21.4 फीसदी ऊपर था। इसके बाद शेयर में और तेजी आई और भाव 1,419 तक पहुंच गया। यानी लिस्टिंग प्राइस के मुकाबले भी शेयर 61 या 4.49 फीसदी चढ़ गया। दिवाली से पहले ही जियो ने निवेशकों की दिवाली मना दी। जियो के करीब 920.90 करोड़ पोस्ट-इश्यू शेयरों के आधार पर 1,119 के इश्यू प्राइस पर कंपनी की वैल्यूएशन लगभग 10.31 लाख करोड़ थी। शेयर का भाव 1,419 पहुंचने पर यह बढ़कर करीब 13.07 लाख करोड़ हो गई। इस तरह कुल बाजार मूल्य में करीब 2.76 लाख करोड़ की बढ़ोतरी हुई। यह इश्यू प्राइस के मुकाबले कंपनी के कुल शेयरों की मार्केट वैल्यू में हुई बढ़त है।

टाटा समूह टॉप 5 से बाहरः पहले ही कारोबारी दिन जियो प्लेटफॉर्म्स देश की दूसरी सबसे मूल्यवान लिस्टेड कंपनी बन गई। मार्केट कैप के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज करीब 15.67 लाख करोड़ के साथ पहले स्थान पर रही। जियो 13.07 लाख करोड़ के साथ दूसरे और भारती एयरटेल करीब 12.16 लाख करोड़ के साथ तीसरे स्थान पर रही। एसडीएफसी बैंक करीब 10.57 लाख करोड़ के साथ चौथे और आईसीआईसीआई बैंक करीब 9.89 लाख करोड़ के साथ पांचवें स्थान पर रहा। जियो की एंट्री के साथ टाटा समूह की प्रमुख आईटी कंपनी टीसीएस टॉप-5 से बाहर हो गई।

4 बड़े राज्य.. ...

त्रिवेदी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि बैलेट पेपर से चुनाव होने के बावजूद कांग्रेस अपनी मौजूदगी दर्ज कराने में नाकाम रही। उनके मुताबिक कांग्रेस नेताओं के आरोपों की भाषा में कहें तो पार्टी इन चुनावों में अपना अस्तित्व तक नहीं दिखा पाई। उन्होंने कहा कि चुनाव ईवीएम से हों या बैलेट पेपर से, कांग्रेस मतदाताओं का समर्थन हासिल नहीं कर पा रही है। गौर हो कि महाराष्ट्र में कांग्रेस ने तीन सीटों पर चुनाव लड़ा, लेकिन सभी पर हार गई। बिहार की पांच सीटों पर भी पार्टी को हार का सामना करना पड़ा। कर्नाटक में कांग्रेस ने चार सीटों पर उम्मीदवार उतारे, लेकिन एक भी सीट नहीं जीत सकी। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस को कोई सीट नहीं दी, इसलिए पार्टी वहां चुनाव मैदान में नहीं उतरी।

राहुल विदेश में ...

उठाने के बजाए मेहनत करने की नसीहत दी।

पवन खेड़ा...

से हटाए गए 13.3 करोड़ मतदाताओं के नाम दोबारा जोड़े जाएं। तीसरा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाया जाए। चौथा मुख्य चुनाव आयुक्त को आजीवन कानूनी संरक्षण देने वाले कानून को रद्द किया जाए। खेड़ा ने कहा कि जब तक प्रधानमंत्री इन मांगों पर कोई कदम नहीं उठाते, तब तक उनके दावे केवल बयानबाजी हैं, जिन्हें गंभीरता से नहीं लिया जा सकता।

जो वोटर उनसे ...

सप्ताह बाद होगी। अदालत ने कहा कि काम के सिलसिले में एक-दो महीने के लिए दूसरे स्थान पर जाने का अर्थ स्थायी रूप से निवास बदलना नहीं है। आयोग को ऐसे लोगों से संपर्क करने की पहल करनी चाहिए। अदालत ने यह भी कहा कि जिन लोगों को मतदाता गणना का फॉर्म मिला ही नहीं, उनके लिए समाधान होना चाहिए। अंतिम सूची तैयार होने तक केवल देरी से आवेदन करने के आधार पर किसी पात्र व्यक्ति का दावा खारिज नहीं किया जाना चाहिए।

तार्किक विसंगतियों पर फैसला बाकीः सुनवाई में लाखों नामों की मैपिंग नहीं होने और तार्किक विसंगतियों के आधार पर नाम हटाने का मुद्दा भी उठा। न्यायमूर्ति बागची ने स्पष्ट किया कि बिहार में एसआईआर पर दिए गए आदेशों से दिल्ली के सभी सवालों का समाधान नहीं होता। तार्किक विसंगतियों के आधार पर नाम हटाने की वैधता पर अदालत ने अभी अंतिम फैसला नहीं दिया है। इस मुद्दे पर आगे सुनवाई होगी। दिल्ली में दावे और आपत्तियां दाखिल करने की अंतिम तारीख 30 अक्टूबर 2026 तय है। इनके निपटारे के लिए 30 नवंबर और अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के लिए चार दिसंबर की तारीख निर्धारित है।

राहुल जी, हर मुद्दे ...

हैं। वित्त मंत्री ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी और उनकी पार्टी भारतीय उद्योग तथा उद्यमियों की उपलब्धियों की बार-बार आलोचना करते रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस के शासनकाल के लाइसेंस-कोटा राज का उल्लेख करते हुए कहा कि उस व्यवस्था ने उद्यमियों की संभावनाओं को सीमित किया और देश के आर्थिक विकास को प्रभावित किया।

राष्ट्रहित, गोसेवा ...

परिस्थितियों में जीवदया और गोवंश संरक्षण के लिए व्यापक कार्ययोजना बनाने के संबंध में आचार्य श्री से मार्गदर्शन मांगा। आचार्य समय सागर महाराज ने कहा कि जीवदया और गोसेवा के प्रति लोगों के मन में मान्यता है, लेकिन इन कार्यों के लिए श्रद्धा होना भी जरूरी है। आचार्य श्री ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि प्रत्येक देशवासी के मन में राष्ट्र का हित सबसे ऊपर होना चाहिए और सभी को देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। चर्चा के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों से लोगों के पलायन पर भी चिंता व्यक्त की गई। आचार्य श्री ने कहा कि भारत गांवों में बसता है और देश के नवनिर्माण व विकास में ग्रामीणों की भूमिका महत्वपूर्ण है।

महाकवि आचार्य विद्यासागर अलंकरण से सम्मानितः सकल समाज की ओर से समाधि स्मारक समिति, चंद्रगिरि तीर्थ डोंगरगढ़ ने मोहन भागवत को महाकवि आचार्य विद्यासागर अलंकरण रत्न से सम्मानित किया। उन्हें प्रशस्ति पत्र, गोवंश का प्रतीकात्मक रजत चिह्न, आचार्य विद्यासागर महाराज की लिखित कृति और हथकरघे से बनी सामग्री भेंट की गई। भागवत ने आचार्य विद्यासागर महाराज के आशीर्वाद से निर्माणाधीन सहस्रकूट जिनालय का भी अवलोकन किया।

सलकनपुर से दर्शन ...

परिवारों में मातम छा गया। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार हादसे की वजह बताई गई है। बाड़ी थाने के टीआई व्हीपी त्रिपाठी ने बताया कि बाड़ी थाना पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। हादसे से जुड़े अन्य तथ्यों, मृतकों की पहचान और दुर्घटना की परिस्थितियों की विस्तृत जानकारी सामने आने का इंतजार है।सड़क पर तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण होने वाले हादसे एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं।

जाते-जाते अर्नब...

बढ़ेगा। मौसम केंद्र के अनुसार गुरुवार तक सिंगरौली, अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, मंडला, बालाघाट जिलों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश होगी। वहीं, भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड और मुरैना में बादल, बौछारें और कुछ जगह हल्की बारिश होगी। सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, पन्ना, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, मैहर, पांढुर्णा में कुछ जगह बौछारें और गरज चमक का मौसम रहेगा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार तूफान अर्नब के असर से प्रदेश में मौसम बदला हुआ है। पूर्वी और मध्य हिस्से के साथ ही उत्तर प्रदेश से लगे इलाकों में बारिश जोर पकड़ेगी। भोपाल में हल्की बारिश की उम्मीद है। इससे दिन के तापमान में और कमी आएगी। अगले तीन से चार दिन मौसम में बदलाव बना रहेगा, जिससे नवंबर की शुरूआत भी बदले मौसम के बीच होगी। इससे तापमान में कमी बनी रहेगी।

औसत तापमान में ...

में 1.6 डिग्री की गिरावट के साथ 29.4 डिग्री रहा, जो सामान्य से 2.2 डिग्री कम है। बादलों के असर और बदली हवाओं से रात के तापमान में लगभग 3 डिग्री तक बढ़त रही। औसत न्यूनतम पारा 19 डिग्री तक रहा। यह सामान्य से औसतन 4 डिग्री अधिक है। भोपाल में रात का पारा 2.2 डिग्री बढ़कर 17.4 डिग्री रहा। यह सामान्य से एक डिग्री अधिक है।

M.P. STATE ELECTRONICS DEVELOPMENT CORPORATION LTD.
State IT Centre, 47-A, Arera Hills, Bhopal-462011 (M.P.)
www.mpsedc.mp.gov.in
Tel. : 0755-2518300, marketing@mpsedc.com

NOTICE INVITING TENDER (NIT)

MPSEDC invites online proposals for following bid on MP Tender :-

S. No.	Tender No.	NIT
1	MPSEDC/ SITC/2026/715	RFP for Annual Maintenance Contract for Civil, Plumbing and Sanitary Work of Common area of IT Park campus & MPSEDC Buildings at Bargi Hills, Jabalpur (M.P.)

For detailed scope of work, terms and conditions please refer to the respective bid document available on MP Tender Portal **(www.mptenders.gov.in).**
M.P. Madhyam/128822/2026 **EXECUTIVE DIRECTOR**

OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, BHOPAL (M.P.)
ZONE NO. 10
Notice Inviting e-Tenders

N.I.T. NO.: 166/ES/BMC/2026 dated 27.10.2026

Online percentage / item rate bids for the following works are invited from registered contractors and firms of repute fulfilling registration criteria:

S. No.	Tender ID	Name of Work	Probable Amount of Contract (In Lakh)	Earnest money Deposit (EMD) (In Rs.)	Cost of bid Document (In Rs.)	Period of Completion (In Months)	SOR
1.	2026_UAD_ 538079_2	CONSTRUCTION OF CC ROAD AT E7 ARERA COLONY PNB BANK TO AANADI ANANTA HOUSE (SERVICE ROAD) WARD 49 ZONE 10	787,261.50	7873.00	2000/-	02Months	MPU ADD ISSR 2025

1. Interested bidders can view the NIT on website https://www.mptenders.gov.in/
2. Amendments to NIT, if any, would be published on website https://www.mptenders.gov.in/ only, and not in newspaper.

Assistant Engineer
Municipal Corporation Bhopal
District Bhopal
T.N.945/026/027

न्यायालय तहसीलदार, नजूल शहर वृत्त, भोपाल (म.प्र.)
प्रकरण क्रमांक- 0388/अ-6/2026-27
भोपाल, दिनांक 09/10/2026
सार्वजनिक इश्तेहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कमल सिंह साहू आत्मज रामरतन साहू निवासी म.न. 1 ग्वालियर वाली गली बरखेडी भोपाल द्वारा एक किता मकान जो खसरा क्रमांक 1129/2, 1128/1 का अंशभाग होकर कुल क्षेत्रफल 600 वर्गफिट स्थित बाग उमराव दूल्हा भोपाल का नामांतरण किये जाने हेतु म.प्र. भू-राजस्व संहिता-1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत किया है।

उक्त भूमि नामान्तरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर विज्ञप्ति/इश्तेहार प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर किसी प्रकार का कोई विचार नहीं किया जावेगा।

उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय के पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 09.10.26 को जारी किया गया।

तहसीलदार
नजूल शहर वृत्त, भोपाल

कार्यालय तहसीलदार तहसील हुजूर जिला भोपाल, मध्यप्रदेश
क्रमांक /Q/ तहउ / 2026 भोपाल, दिनांक 28/10/26
(सम्पत्ति के विक्रय के लिए सार्वजनिक सूचना)
(नीलामी की सूचना प्रारूप 11 (नियम 9 देखिये))
स्थावर संपत्ति की बिक्री की उद्घोषणा)

मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 147 (ग) के अंतर्गत क्योंकि नीचे वर्णित स्थावर संपत्ति ग्राम पिपलिया छपरबंद तहसील हुजूर जिला भोपाल स्थित खसरा क्रमांक 254 रकबा 0.3400 हे० खसरा क्रमांक 258 रकबा 0.0800 हे० खसरा क्रमांक 261 रकबा 0.1500 हे. खसरा क्रमांक 264 रकबा 0.2600 हे० खसरा क्रमांक 283 रकबा 0.2200 हे० खसरा क्रमांक 322 रकबा 0.9200 हे०, खसरा क्रमांक 35 रकबा 0.3900 हे० कुल रकबा 2.36 हे० भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में मेसर्स सोनिका इंजीनियरिंग एण्ड कंस्ट्रक्शन लिमिटेड द्वारा श्रीमती सोनिका दुबे पति ए के दुबे निवासी भोपाल के विरूद्ध मध्यप्रदेश रियल स्टेट रेग्यूलेरिटी अथारिटी भोपाल द्वारा जारी आर आर सी वसूली राशि 4,52,29,816/- (चार करोड बावन लाख उन्तीस हजार आठ सौ सोलह मात्र) दिनांक 29.04.2022 की स्थिति में । कलेक्टर गाईडलाईन वर्ष 2026-27 के अनुसार ग्राम पिपलिया छपरबंद का सिंचित / असिंचित कृषि भूमि की राशि रुपए 35,00,000/- रुपये हे० के मान से है। जिसकी कुल कीमत 82,60,000/- रू अमानत राशि (10 प्रतिशत) प्रक्रिय शुल्क (1) प्रतिशत एवं प्रकरण में कुल राशि 4,52,29,816/- (चार करोड बावन लाख उन्तीस हजार आठ सौ सोलह मात्र) के लिए कुर्क की गई है। एतद द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि यदि इसमें बिक्री के लिए निर्धारित तारीख से पहले कुल शोध्य रकम की अदायगी नही किया जाता है तो उक्त संपत्ति का सार्वजनिक नीलामी द्वारा ग्राम पिपलिया छपरबंद तहसील हुजूर जिला भोपाल स्थित खसरा क्रमांक 254 रकबा 0.3400 हे० खसरा क्रमांक 258 रकबा 0.0800 हे० खसरा क्रमांक 261 रकबा 0.1500 हे, खसरा क्रमांक 264 रकबा 0.2600 हे० खसरा क्रमांक 283 रकबा 0.2200 हे० खसरा क्रमांक 322 रकबा 0.9200 हे०, खसरा क्रमांक 35 रकबा 0.3900 हे० कुल रकबा 2.36 हे० का तहसील हुजूर जिला भोपाल के स्थान पर तारीख 02.11.2026 को दोपहर 2.00 बजे अथवा उस समय के लगभग बिक्री कर दिया जावेगा । बिक्री का विस्तार उपर्युक्त संपत्ति में सिर्फ उक्त बकायादार के स्वत्वो, स्वत्वाधिकारी तथा हितो तक सीमित रहेगा। उपरोक्त भूमि जिस दिशा में जैसी स्थिति में है उसी स्थिति में इच्छुक बोलीदार निम्नलिखित शर्तों के अधीन नीलामी में भाग ले सकता है। नीलामी में भाग लेने वाले बोलीदार को उपरोक्त संपत्ति के उल्लेखित शासकीय मूल्य की 10 प्रतिशत धरता राशि बोली से पूर्व डिमांड ड्राफ्ट कलेक्टर, जिला भोपाल के नाम से दिनांक 30.10.2026 को सायं 5.00 बजे से पूर्व तक जमा करना अनिवार्य है। विक्रय की पुष्टि होने पर सफल बोलीदार प्रतिफल का 25 प्रतिशत (जिसमें ई एम डी के लिए पहले भुगतान की गई राशि भी शामिल है) तत्काल भुगतान करेगें तथा शेष 75 प्रतिशत राशि का भुगतान सात दिवस के अंदर करना अनिवार्य है । निर्धारित समयावधि में शेष राशि जमा न करने की स्थिति में सफल बोलीकर्ता के द्वारा जमा राशि बिना सूचना के राजसात कर ली जावेगी। सफल बोलीदार के द्वारा प्रक्रिया शुल्क 25,000/-रुपये अदा किया जावेगा। सम्पूर्ण राशि का भुगतान हो जाने के बाद ही सफल बोलीदार को अंतिम विक्रय पत्र दिया जावेगा । खरीददार को दस्तावेज पंजीयन का शुल्क पृथक से देना होगा। प्रथम बोलीदार असफल होने की स्थिति में सात दिवस बाद द्वितीय विक्रयदार के पक्ष में विक्रय प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। किसी भी लिपिकीय त्रुटि अथवा किसी प्रक्रियात्मक त्रुटि के कारण नीलामी बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त की जा सकेगी। नीलामी का इच्छुक बोलीदार सादे कागज में तहसीलदार के नाम से आवेदन अथवा आवेदक के अभिभाषक के माध्यम से मूल आवेदन डिमांड ड्राफ्ट मूल, आधार कार्ड की प्रति इस आशय का शपथ पत्र कि वह नीलामी के सभी बिन्दुओं को पढ़ चुका है एवं सहमत है के साथ ही स्वीकार होगें । सपंत्ति को पहचान हेतु इच्छुक बोलीदार राजस्व निरीक्षक बृजकिशोर नागर मो० नं :- 8770683008 को संपर्क कर सकते है ।

तहसीलदार
तहसील हुजूर जिला भोपाल



हरिभूमि उगतावार ही नहीं, विचार भी **भोपाल बाजार** विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईटः- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड आफिस इंडिया प्रोपर्टी करेंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644


नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
चर्म रोग, पित्ते की पथरी, गुर्दे की पथरी
Timing 10:30 am to 8:00 pm
44 वर्षो का होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा का अनुभव
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M. 9425006131, 8871714432
सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल





R-30-07-2026,to 11-08-26
SUNDAY HOLD

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

राशिफल

मेष रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

वृष परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

मिथुन तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

कर्क आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

सिंह कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

कन्या परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

तुला धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

वृश्चिक भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

धनु कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

मकर व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

कुंभ तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

मीन दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता रहेगी।

शब्द पहेली - 6392



बाएँ से दाए-
1. फिसलना-4
5. गुनाह, जुर्म-4
8. नाव चलानेवाला-3
9. लड़ी, श्रंखला -2
11. ईर्ष्या, डाह-3
12. उद्देश्य, वजह-4
14. भोजन-2
15. थकावट-3
17. जी, चित-2
19. मंत्र पढ़ना-2,3
22. राजपुत्र, राज कुंवर-2,3
25. यात्रा करनेवाला-2
26. समझौता, संधि-3
27. ईसाई साध्वी-2
28. मनमुटाव-4
30. नौकर-3
31. बदला-2
33. गर्भ, कोख-3
35. रुआफ-4
36. सज्जनता-4

ऊपर से नीचे
2. लम्हा, क्षण-2
3. नामित, मनोनीत-4
4. रनिवास, हरम-5
5. बुद्धि-3
6. गोंद, लाख-2
7. हृदयगति, स्पंदन- 4
10. विम्मी व सुनील दत्त की फिल्म-4
13. शिक्षा, पाठ-3
16. कालिख, कालापन-3
17. इंकार, मनाही-2
18. झंडा, पताका-2
20. चौकसी, रखवाली-3
21. मोटा आटा, सूजी -2
22. निशा, रात-2
23. अच्छे कुल का-3
24. प्रस्थान, विदा-4
25. यान चलाने वाला-2,3
26. सुंदरी, षोडशी, कुमारी-4
28. प्रार्थना, मनोकामना-4
29. गरल, विष-3
32. ताला (अंग्रेजी-2)
34. पात्र, थापा, संचक, डाई -2

शब्द पहेली -6391 का हल

आ	ला	क	मा	न			क	मी	ज	
रा	ल		न		श	प	थ		मा	मा
म			थ	नि	क		न			लि
दे	ह	दा	न			अ		ल	ल	क
ह		खि		बे	शु	मा	र		ह	
	सा	ल		ल		न		सु	र	
	हि		ब	गा	व	त		र		हा
ज	ल	न		म			अ	भि	मा	नि
ग			चु		रा	ज	न			का
त	र		ना	ह	क		ब		चा	र
	ब	हा	व			म	न	मो	ह	क

सूडोकु नवताल - 6402

मध्यम

		5			8			
	7			3	5			
3						6		
							8	5
	6						1	
4	2							
		1						8
			7	4			3	
			2			7		

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
-

खबर संक्षेप

मोरपेन का राजस्व 81 फीसदी बढ़ा

गुरूग्राम। मोरपेन लैबोरेटरीज लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2027 की दूसरी तिमाही में शानदार प्रदर्शन करते हुए 755 करोड़ रुपए का रिकॉर्ड राजस्व दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि से 81 प्रतिशत अधिक है। कंपनी का एबिटडा 273 प्रतिशत बढ़कर 132 करोड़ रुपए और कर पश्चात मुनाफा 117 प्रतिशत बढ़कर 89 करोड़ रुपये हो गया। चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक सुशील सूरी ने कहा कि सीडीएमओ कारोबार में तेजी और बेहतर उत्पाद मिश्रण से कंपनी की कमाई मजबूत हुई है।

क्रॉम्पटन ने वाटर हीटर की नई रेंज लांच की

मुंबई। क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने घरेलू जरूरतों को ध्यान में रखते हुए 5.9 लीटर इंस्टेंट वाटर हीटर की नई रेंज लांच की है। कंपनी के अनुसार, यह रेंज तेजी से पानी गर्म करने, सुरक्षा और टिकाऊपन के साथ आधुनिक घरों की जरूरतों को पूरा करेगी। नई रेंज में 3 किलोवाट का शक्तिशाली हीटिंग एलिमेंट दिया गया है, जो कंपनी के मुताबिक पानी को लगभग 40 प्रतिशत तेजी से गर्म करता है। इसमें एंटी-स्केल तकनीक भी है,वॉटर हीटर में ऑटो थर्मोस्टेट, थर्मल कट-आउट और प्रेशर सेफ्टी वॉल्व सहित चार स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था दी गई है।

टाटा न्यू और एक्सिस मैक्स के बीच साझेदारी

नई दिल्ली। एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस ने टाटा डिजिटल की सब्सिडियरी टाटा फिनटेक के साथ साझेदारी की है। इसके तहत टाटा न्यू ऐप पर कंपनी के लाइफ इंश्योरेंस उत्पाद उपलब्ध होंगे। ग्राहक इस प्लेटफॉर्म के जरिए प्रोटेक्शन और दीर्घकालिक बचत से जुड़े बीमा समाधानों की जानकारी प्राप्त करने के साथ उन्हें खरीद भी सकेंगे। एक्सिस मैक्स लाइफ के एमडी एवं सीईओ सुमित मदान ने कहा कि इस साझेदारी का उद्देश्य जीवन बीमा को अधिक सुलभ और समझने में आसान बनाना है।

फोनपे ने लांच की तत्काल एनपीएस सुविधा

नई दिल्ली। डिजिटल भुगतान मंच फोनपे ने 'तत्काल एनपीएस' सुविधा शुरू की है। प्रमुख बैंकिंग संस्थानों के साथ साझेदारी में पेश की गई इस सुविधा के जरिए उपयोगकर्ता फोनपे ऐप से पूरी तरह डिजिटल और कागजरहित प्रक्रिया के माध्यम से राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) में खाता खोल सकेंगे। इसकी खासियत यह है कि शुरुआती योगदान राशि महज 250 रुपए से शुरू होती है और मौजूदा बैंक केवाईसी का दोबारा इस्तेमाल करके खाता खोलने की प्रक्रिया पूरी की जा सकती है।

दीक्षांत समारोह में 797 विद्यार्थियों को मिली उपाधि

नई दिल्ली। बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी (बिमटेक) के 38वें दीक्षांत समारोह में शैक्षणिक उत्कृष्टता, शोध और उद्योग जगत के साथ शिक्षा के जुड़ाव का उत्सव मनाया गया। समारोह में विभिन्न प्रबंधन कार्यक्रमों के 797 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गईं, जबकि फेलो प्रोग्राम इन मैनेजमेंट और एग्जीक्यूटिव फेलो प्रोग्राम इन मैनेजमेंट के 12 शोधार्थियों ने भी अपनी पढ़ाई पूरी की। एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक निखिल नंदा समारोह के मुख्य अतिथि रहे।

डीजेटी ने सुनील शर्मा को आरसीयू नियुक्त किया

नई दिल्ली। डीजेटी माइक्रोफाइनेंस ने सुनील शर्मा को राष्ट्रीय प्रमुख–जोखिम नियंत्रण इकाई (आरसूयू), सतर्कता एवं अंकेक्षण नियुक्त किया है। इस नियुक्ति का उद्देश्य कंपनी में कॉरपोरेट प्रशासन को मजबूत बनाने, धोखाधड़ी की रोकथाम और परिचालन संबंधी जोखिमों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना है। डीजेटी माइक्रोफाइनेंस भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) में पंजीकृत गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी-माइक्रोफाइनेंस संस्थान है, जो कम आय वाले परिवारों को वित्तीय सेवाएं प्रदान करती है।

दो दिन पुष्य नक्षत्र : चांदी 50 और सोना 20 फीसदी डिस्काउंट पर

रविवार और सोमवार दो दिन मुहूर्त खरीदारी का संयोग, दिवाली से पहले ग्राहकों को राहत

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

दिवाली से पहले ज्वेलरी बाजार में खरीदारी का महामुहूर्त पुष्य नक्षत्र इस बार दो दिन रहेगा। रविवार 1 नवंबर से शुरू होकर सोमवार 2 नवंबर तक चलने वाले इस नक्षत्र में ग्राहकों को शुभ मुहूर्त में आभूषण खरीदने के साथ सोना-चांदी के घटे भाव का लाभ उठाने का मौका मिलेगा। सराफा बाजार में चांदी अपने रिकॉर्ड भाव से करीब 50 प्रतिशत और सोना 20 प्रतिशत से अधिक नीचे कारोबार कर रहा है। ऐसे में पुष्य नक्षत्र पर बाजार में खरीदारी बढ़ने की उम्मीद है।

रिकॉर्ड ऊंचाई से फिसले सोना-चांदी

मौजूदा बाजार भाव के अनुसार, सोना 1.43 से 1.44 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख रुपए प्रति किलोग्राम से नीचे आ गई है। स्थानीय सराफा कारोबारी नवनीत अग्रवाल के मुताबिक, चांदी का ऑलटाइम हाई 4 लाख रुपए प्रति किलोग्राम और सोने का रिकॉर्ड भाव 1.80 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंचा था। अब दोनों कीमती धातुओं के भाव रिकॉर्ड स्तर से नीचे आने के कारण ग्राहकों को खरीदारी का अपेक्षाकृत बेहतर अवसर मिल रहा है।



शुभ मुहूर्त के साथ बजट में खरीदारी का मौका

पुष्य नक्षत्र को आभूषण और कीमती धातुओं की खरीदारी के लिए शुभ माना जाता है। दिवाली से पहले रविवार और सोमवार को लगातार दो दिन मिल रहे इस अवसर से उन ग्राहकों को राहत मिल सकती है, जो ऊंचे भाव के कारण खरीदारी टाल रहे थे। सोने-चांदी के घटे दामों से शादी-ब्याह और त्योहारों के लिए गहने खरीदने वाले परिवारों को भी फायदा हो सकता है। सोना-चांदी के रिकॉर्ड स्तर से नीचे आने के बाद निवेशकों के लिए भी बाजार पर नजर रखने का मौका है। हालांकि, कीमतों में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है। ऐसे में निवेश का निर्णय लेने से पहले मौजूदा भाव, खरीद-बिक्री के अंतर और अन्य लागतों का आकलन करना जरूरी है।

ग्राहकों के लिए खास अवसरः हीरो मोटोकॉर्प का मप्र-छग में बड़ा दांव,10 हजार रुपए तक के ऑफर

1,999 रु. के डाउन पेमेंट पर स्प्लेंडर और एचएफ डीलक्स

कम डाउन पेमेंट, फाइनेंस जैसी योजनाओं को दी जा रही प्रमुखता | वाहनों की बिक्री बढ़ाने के लिए हीरो मोटोकॉर्प ने बनाई रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल/रायपुर

त्योहारी सीजन के बीच दो दिवसीय रवि और सोम पुष्य नक्षत्र (1 और 2 नवंबर को) के बीच नई बाइक या स्कूटर खरीदने की योजना बना रहे ग्राहकों के लिए खास अवसर है। भारतीय परंपरा में इस नक्षत्र को खरीदारी और नई शुरुआत के लिए शुभ माना जाता है। ऐसे में ग्राहक अपनी पसंद, जरूरत और बजट के अनुसार नया दोपहिया वाहन घर लाने की तैयारी कर सकते हैं। बेहतर माइलेज वाली बाइक से लेकर स्टाइलिश मोटरसाइकिल और आधुनिक फीचर्स वाले स्कूटर तक, बाजार में ग्राहकों के पास कई विकल्प मौजूद हैं।

इसके चलते मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में दोपहिया वाहनों की बिक्री बढ़ाने के लिए हीरो मोटोकॉर्प ने अपनी रणनीति तेज कर दी है। कंपनी ग्रामीण और अर्ध-शहरी बाजारों में मजबूत मांग का फायदा उठाने पर ध्यान दे रही है। ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए 10,000 रुपए तक के त्योहारी लाभ, कम डाउन पेमेंट और आसान फाइनेंस जैसी योजनाओं को प्रमुखता दी जा रही है।

6,000 रुपए तक की सीधी छूट

फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के अनुसार, मध्य प्रदेश में दोपहिया वाहनों की कुल बिक्री में ग्रामीण और अर्ध-शहरी ग्राहकों की हिस्सेदारी लगभग 50 प्रतिशत बताई गई है। ऐसे में ग्रामीण उपभोक्ताओं की खरीद क्षमता, कृषि क्षेत्र की परिस्थितियां और रोजमर्रा के आवागमन के लिए किफायती वाहनों की जरूरत कंपनी के लिए अहम है। हीरो मोटोकॉर्प की स्प्लेंडर श्रृंखला और एचएफ डीलक्स ग्रामीण इलाकों तथा छोटे शहरों में कंपनी के प्रमुख मॉडल हैं। जबलपुर, उज्जैन, बिलासपुर और बस्तर जैसे बाजारों में इन मोटरसाइकिलों की मांग महत्वपूर्ण मानी जा रही है। वहीं, इंदौर और रायपुर जैसे शहरी बाजारों में एक्सट्रीम 125आर के जरिए युवा ग्राहकों को आकर्षित करने की कोशिश है। कंपनी त्योहारी खरीदारी को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न डीलरशिप पर 10,000 तक के कुल लाभ दिए जाने की जानकारी है। इसमें करीब 6,000 रुपए तक की सीधी छूट और पात्र राज्य सरकारी कर्मचारियों के लिए विशेष कॉरपोरेट लाभ शामिल हो सकते हैं। हालांकि, वास्तविक ऑफर मॉडल, डीलरशिप और लागू शर्तों के अनुसार अलग-अलग होंगे। कुछ फाइनेंस योजनाओं में शुरुआती डाउन पेमेंट 1,999 रुपए से शुरू होने का दावा किया गया है। चुनिंदा योजनाओं में विशेष ब्याज दरों और बैंक कैशबैक का लाभ भी मिल सकता है।





22 से 24 नवंबर तक सजेगा चांदी के कारोबार का बड़ा मंच

मध्य प्रदेश के सराफा कारोबार की धमक जयपुर सिल्वर शो में गूंजेगी

व्यापार विस्तार के अवसर भोपाल सराफा महासंघ संभालेगा प्रदेश की कमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य प्रदेश के सराफा कारोबार को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने की बड़ी पहल शुरू हो गई है। जयपुर सिल्वर शो 2026 में प्रदेश के ज्वेलरी कारोबारियों की भागीदारी बढ़ाने और उन्हें देशभर के व्यापारियों से जोड़ने की जिम्मेदारी भोपाल सराफा महासंघ को सौंपी गई है। इस पहल से प्रदेश के कारोबारियों के लिए नए बाजार, आधुनिक डिजाइनों और व्यापार विस्तार के अवसरों के द्वार खुलने की उम्मीद है। इस संबंध में ज्वेलरी कारोबार को प्रोत्साहित करने वाले अंकित वैद्य तथा जयपुर सिल्वर एसोसिएशन के चेयरमैन उज्ज्वल डेरेवाला और सचिव राहुल जैन ने भोपाल सराफा महासंघ के पदाधिकारियों एवं प्रमुख व्यापारियों के साथ बैठक की। बैठक में मध्य प्रदेश और राजस्थान के सराफा कारोबार के बीच सहयोग बढ़ाने, व्यापारियों की भागीदारी सुनिश्चित करने और राष्ट्रीय स्तर पर कारोबारी संपर्क मजबूत करने की रणनीति पर चर्चा हुई।



तीन दिन जयपुर में दिखेगी चांदी के कारोबार की चमक

जयपुर सिल्वर शो 2026 का आयोजन 22 से 24 नवंबर तक जयपुर के बी.एम. बिड़ला सभागार में होगा। इसमें देशभर के व्यापारी, निर्माता, थोक विक्रेता और आभूषण डिजाइनर हिस्सा लेंगे। आयोजन में चांदी के आभूषणों, रत्नों से सजे चांदी के उत्पादों तथा सोने-चांदी के उपहारों के नए संग्रह प्रदर्शित किए जाएंगे। प्रदेश के कारोबारियों के लिए यह आयोजन

स्थानीय कारोबार को राष्ट्रीय बाजार से जोड़ने की तैयारी

भोपाल सराफा महासंघ का जोर प्रदेश के अधिक से अधिक कारोबारियों को राष्ट्रीय व्यापारिक मंचों तक पहुंचाने पर है। महासंघ की इस पहल का उद्देश्य मध्य प्रदेश के सराफा व्यापार को व्यापक बाजार से जोड़ना और कारोबारियों को नए व्यावसायिक अवसरों के प्रति जागरूक करना है। बैठक में नई पीढ़ी और महिलाओं को ज्वेलरी उद्योग के प्रति जागरूक एवं प्रशिक्षित करने के लिए अंकित वैद्य द्वारा किए जा रहे प्रयासों की भी सराहना की गई। कारोबार से जुड़ी जानकारी, नए रुझानों और प्रशिक्षण के माध्यम से अधिक लोगों को इस क्षेत्र से जोड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

प्रदेश के सराफा कारोबार के लिए अहम पहल

मध्य प्रदेश की भागीदारी बढ़ाने की जयपुर सिल्वर शो में यह पहल प्रदेश के ज्वेलरी कारोबारियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी उपस्थिति मजबूत करने का अवसर दे सकती है। अब नजर इस बात पर रहेगी कि भोपाल सराफा महासंघ के समन्वय से प्रदेश के कितने कारोबारी इस आयोजन में शामिल होते हैं और उन्हें व्यापार विस्तार के कितने नए अवसर मिलते हैं।

टैक्स लॉ बार एसो. ने उठाए अनुपालन सुधार के मुद्दे

जीएसटी बदलावों की तैयारीः नौ सर्कुलरों में सुधार से मिलेगी कारोबारियों को राहत

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

जीएसटी व्यवस्था में कारोबारियों और कर सलाहकारों को होने वाली परेशानियों के बीच केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) की ओर से जारी नौ सर्कुलरों को महत्वपूर्ण सुधार के रूप में देखा जा रहा है। टैक्स लॉ बार एसोसिएशन के सचिव धीरज अग्रवाल के मुताबिक, इन सर्कुलरों का उद्देश्य जीएसटी पंजीयन, कर निर्धारण, रिफंड और नोटिस जारी करने की प्रक्रिया में स्पष्टता लाना है। वहीं, जीएसटी कानून में संशोधन से जुड़े कुछ प्रावधानों के लिए अलग से कानूनी प्रक्रिया पूरी करनी होगी। अग्रवाल ने बताया कि जीएसटी के अनुपालन में व्यापारियों को कई स्तरों पर दस्तावेजी औपचारिकताओं, नोटिस और रिफंड में देरी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। नए निर्देशों से इन प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी और व्यावहारिक बनाने की उम्मीद है।

पंजीयन से लेकर नोटिस तक नियमों में बदलाव

सर्कुलरों से जुड़े प्रमुख बिंदुओं में को-वर्किंग स्पेस से जीएसटी पंजीयन की प्रक्रिया आसान बनाने और आधार आधारित पंजीयन में भौतिक सत्यापन की जरूरत को अधिक व्यवस्थित करने की बात शामिल है। कर चोरी या धोखाधड़ी के आरोपों पर नोटिस जारी करने के मामले में ठोस आधार और वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी पर भी जोर दिया गया है। कर निर्धारण में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के इस्तेमाल को लेकर मानवीय निगरानी का मुद्दा भी महत्वपूर्ण है। एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट मृदुल आर्य ने कहा कि गिरफ्तारी संबंधी प्रावधानों में राहत और अभियोजन की मौद्रिक सीमा एक करोड़ रुपए से बढ़ाकर पांच करोड़ रुपए करने जैसे मुद्दे भी सुधारों के केंद्र में हैं।

बिजनेस न्यूज

वीआईटी भोपाल को मिला 'मध्य प्रदेश का सर्वश्रेष्ठ शैक्षणिक संस्थान 2026' का सम्मान



भोपाल। वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी को एडैक्स अवार्ड्स 2026 के सातवें राष्ट्रीय आयोजन में 'मध्य प्रदेश का सर्वश्रेष्ठ शैक्षणिक संस्थान 2026' के सम्मान से नवाजा गया है। महाराष्ट्र के पुणे में आयोजित समारोह में यह पुरस्कार शैक्षणिक श्रेणी के तहत प्रदान किया गया। यह उपलब्धि तकनीक आधारित शिक्षा, अकादमिक लचीलेपन और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए विश्वविद्यालय के प्रयासों को दर्शाती है। देश की प्रतिष्ठित इंडियन एंटरप्रेन्योर मैगजीन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में 'द फ्यूचर यूनिवर्सिटी 2035: कैंपस कैसे दिखेंगे?' विषय पर पैनल चर्चा हुई। इसमें विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सतीश कुमार मोढ़ ने बदलते शैक्षणिक और व्यावसायिक परिवेश में विद्यार्थियों को तैयार करने में उच्च शिक्षण संस्थानों की भूमिका पर विचार रखे। विश्वविद्यालय में 100 से अधिक तकनीकी और सांस्कृतिक क्लब हैं, जो विद्यार्थियों को नेतृत्व, टीमवर्क और संगठनात्मक कौशल विकसित करने का अवसर देते हैं। इस अवसर पर कुलपति ने स्टार्स (ग्रामीण छात्रों की तरक्की में मदद) कार्यक्रम की जानकारी भी दी।

चिन्मय मिशन के वैश्विक सम्मेलन का समापन

भोपाल। भारत मंडपम में आयोजित चिन्मय अमृत महोत्सव वैश्विक सम्मेलन का समापन हुआ। चिन्मय मूवमेंट के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय सम्मेलन में देश-विदेश से 9,000 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन का उद्घाटन 23 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। समापन दिवस पर विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और भारत में संयुक्त राष्ट्र के रेजिडेंट कोऑर्डिनेटर स्टीफन प्रीस्नर शामिल हुए।इस अवसर पर 300 दिनों की चिन्मय अमृत यात्रा का समापन भी हुआ।

'आधुनिक एनीमिया विज्ञान' का विमोचन



भोपाल। राजधानी में वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक एवं लेखक डॉ. ए.के. द्विवेदी द्वारा लिखित पुस्तक 'आधुनिक एनीमिया विज्ञान : समग्र वैज्ञानिक दृष्टिकोण' का विमोचन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया। इस अवसर पर उन्होंने पुस्तक का अवलोकन कर एनीमिया के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में सह-लेखक डॉ. अथर्व द्विवेदी भी मौजूद रहे। पुस्तक में एनीमिया के विभिन्न प्रकारों, कारणों, जांच और उपचार संबंधी पहलुओं को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया गया है। डॉ. ए.के. द्विवेदी ने कहा कि पुस्तक का उद्देश्य वैज्ञानिक जानकारी आमजन तक पहुंचाना है।

इशिका ने लिया बागेश्वर धाम में 'श्री महालक्ष्मी धाम' का संकल्प

भोपाल। श्री महालक्ष्मी ट्रस्ट की संस्थापक इशिका तनेजा ने बागेश्वर धाम में 'श्री महालक्ष्मी धाम' की परिकल्पना प्रस्तुत की। भारतीय सनातनी युवा शक्ति कॉन्क्लेव एवं अवॉर्ड्स 2026 में उन्होंने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को मां महालक्ष्मी का स्मृति-चिह्न भेंट किया। आयोजकों के अनुसार, शास्त्री ने उनके प्रयासों की सराहना की। प्रस्तावित धाम में कन्या शिक्षा, बालिका संरक्षण और महिला सशक्तिकरण पर जोर रहेगा।

सीआईएबीसी ने की कर और शुल्क व्यवस्था की समीक्षा की मांग

भोपाल। भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के बाद आयातित एल्कोहल उत्पादों की कीमतों में कमी से घरेलू निर्माताओं के सामने प्रतिस्पर्धा की चुनौती बढ़ने लगी है। उद्योग के अनुसार, भोपाल में कुछ आयातित ब्रांडों की कीमतों में 15 से 40 प्रतिशत तक गिरावट की खबरें हैं। इसे देखते हुए भारतीय अल्कोहलिक बेवरेज कंपनियों के संगठन सीआईएबीसी ने मध्य प्रदेश सरकार से आबकारी कर व्यवस्था की समीक्षा करने की मांग की है। संगठन का तर्क है कि आयात शुल्क में कटौती का लाभ विदेशी उत्पादों को मिल रहा है, जबकि भारतीय निर्मित प्रीमियम उत्पादों पर राज्य के कर, लाइसेंसिंग शर्तों और नियामकीय लागत का बोझ प्रतिस्पर्धा को प्रभावित कर सकता है।

तेजी के पीछे बीज के लिए बढ़ती मांग भी एक प्रमुख कारण

गेहूं के भाव में लगी आगः लोकवन 3700 तो शरबती 6 हजार रुपए क्विंटल के पार

बीज वालों की मांग, घटता स्टॉक और त्योहारी खरीदारी से बढ़े दाम, बाजार में गेहूं की कीमतों में तेजी

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

गेहूं के बाजार में इन दिनों तेजी का माहौल है। अच्छी गुणवत्ता वाले गेहूं की कीमतें ऊंचे स्तर पर पहुंच गई हैं। लोकवन गेहूं के भाव 3700 रुपए प्रति क्विंटल तक पहुंच गए हैं, जबकि प्रीमियम गुणवत्ता वाले शरबती गेहूं के दाम 6 हजार रुपए प्रति क्विंटल के पार निकल गए हैं।

भोपाल ग्रेन मर्चेंट एंड ऑयल सीड्स एसोसिएशन के प्रवक्ता और थोक गेहूं कारोबारी संजीव जैन के अनुसार गेहूं की कीमतों में तेजी के पीछे बीज के लिए बढ़ती मांग भी एक प्रमुख कारण है। रबी सीजन की तैयारी के दौरान किसान अच्छी गुणवत्ता वाले गेहूं और उपयुक्त बीज की तलाश में हैं। इसके चलते चुनिंदा किस्मों की मांग बढ़ने से बाजार में इनके भाव को समर्थन मिल रहा है।



सरकारी बिक्री के बावजूद 130 रुपए की तेजी

बाजार में तेजी का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि ओएमएसएस के तहत बिक्री निविदा की घोषणा के समय गेहूं का भाव करीब 2,970 रुपए प्रति क्विंटल था। इसके बाद कीमत में लगभग 130 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी हुई है। यह करीब 4.4 प्रतिशत की तेजी है।

गेहूं की उपलब्धता सीमित होने पर खरीदारों को ऊंचे दाम चुकाने पड़ रहे

गेहूं कारोबारी संजीव जैन के अनुसार स्थानीय करोंद अनाज मंडी में मालवा शक्ति गेहूं 2850 से 3000 रुपए , मिल क्वालिटी 2900 से 30500 रुपए , लोकवन 3400 से 3700 रुपए, अन्नपूर्णा (1544) गेहूं 3100 से 3300 रुपए और शरबती गेहूं 5500 से 6100 रुपए क्विंटल के भाव है। उन्होंने बताया कि सीजन (अप्रैल-मई) से अभी तक शरबती गेहूं में 1500 रुपए, लोकवन में 1000 रुपए, अन्नपूर्णा में 800 रुपए , मिल क्वालिटी गेहूं में 700 रुपए और मालवा शक्ति गेहूं में 600 रुपए तक तेजी दर्ज हुई है। अनाज कारोबारियों के अनुसार बाजार में उपलब्ध गेहूं के स्टॉक में कमी आने से कीमतों पर दबाव बढ़ा है। अच्छी क्वालिटी के गेहूं की उपलब्धता सीमित होने पर खरीदारों को ऊंचे दाम चुकाने पड़ रहे हैं। लोकवन और शरबती जैसी किस्मों में गुणवत्ता और मांग के आधार पर भाव में अंतर देखा जा रहा है।

त्योहारी मांग ने भी बढ़ाई तेजी

व्यापारियों के अनुसार त्योहारी सीजन में आटा, मैदा और अन्य खाद्य उत्पादों की मांग बढ़ने से भी गेहूं बाजार में हलचल तेज हुई है। हालांकि, अलग-अलग किस्मों और मंडियों में कीमतों का स्तर अलग हो सकता है। ऐसे में बाजार की आगे की दिशा मांग, आवक और उपलब्ध स्टॉक पर निर्भर करेगी। बाजार जानकारों के अनुसार केंद्र सरकार ने खुले बाजार में गेहूं की उपलब्धता बढ़ाने के लिए ओपन मार्केट सेल स्कीम (ओएमएसएस) के तहत दूसरी बिक्री निविदा जारी की है। इसके बावजूद बाजार में कीमतें नीचे आने के बजाय ऊपर चढ़ रही हैं। इसका असर मध्यप्रदेश के गेहूं कारोबार और भोपाल के आटा बाजार पर भी पड़ रहा है। यदि थोक कीमतों में तेजी बनी रहती है और बाजार में पर्याप्त गेहूं उपलब्ध नहीं होता, तो आटा, मैदा और अन्य गेहूं आधारित उत्पादों की लागत बढ़ने का दबाव बन सकता है।

वर्सुनी का भारत पर 180 करोड़ रुपए का दांव, दो फैक्ट्रियों का होगा विस्तार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत में घरेलू उपकरणों के विनिर्माण को मजबूती देने के लिए वर्सुनी इंडिया 180 करोड़ रुपए का निवेश कर रही है। फिलिप्स और प्रीति ब्रांड के तहत घरेलू उपकरणों का कारोबार करने वाली कंपनी इस राशि से चेन्नई और अहमदाबाद स्थित अपनी विनिर्माण इकाइयों का विस्तार करेगी। इस पहल से अगले दो वर्षों में लगभग 600 नए रोजगार सृजित होने की उम्मीद है। कंपनी की योजना के मुताबिक, 130 करोड़ रुपए चेन्नई की इकाई और 50 करोड़ रुपए अहमदाबाद की फैक्ट्री के विस्तार पर खर्च किए जाएंगे। चेन्नई में मिक्सर ग्राइंडर और ग्लास गैस स्टोव के उत्पादन के साथ शीट मेटल फैब्रिकेशन, प्लास्टिक इंजेक्शन मोल्डिंग और एयर फ्रायर मोटरों के निर्माण की सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। यहां सालाना 7.5 लाख तक एयर फ्रायर मोटरों के उत्पादन की क्षमता तैयार करने की योजना है।

लैंक्सेस और हिंदुस्तान देंगी आधुनिक सड़क निर्माण तकनीकों को बढ़ावा

मुंबई । स्पेशियलिटी केमिकल्स कंपनी लैंक्सेस और हिंदुस्तान कोलास प्राइवेट लिमिटेड (हिनकॉल) ने भारत में टिकाऊ और बेहतर गुणवत्ता वाली सड़कों के निर्माण के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी के तहत दोनों कंपनियां बिटुमेन और एस्फाल्ट मॉडिफिकेशन से जुड़ी आधुनिक तकनीकों के तकनीकी और व्यावसायिक अवसरों का मूल्यांकन करेंगी। समझौते के तहत पॉलिमर मॉडिफाइड बिटुमेन और वार्म मिक्स एस्फाल्ट तकनीकों पर सहयोग किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य सड़क निर्माण की गुणवत्ता, टिकाऊपन और उत्पादन क्षमता में सुधार करना है।

ऑफर एयरटेल प्रीपेड ग्राहकों के लिए

एयरटेल ने किया यूट्यूब से करार, प्रीपेड ग्राहकों को मिलेगा प्रीमियम एंटरटेनमेंट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारती एयरटेल ने अपने प्रीपेड ग्राहकों को प्रीमियम मनोरंजन उपलब्ध कराने के लिए यूट्यूब के साथ साझेदारी की है। इसके तहत ग्राहक एयरटेल के 200 रुपए वाले ओटीटी टॉप-अप के जरिए यूट्यूब प्रीमियम का लाभ उठा सकेंगे। इस पैक में 30 जीबी अतिरिक्त डेटा भी दिया जा रहा है। यूट्यूब प्रीमियम के तहत ग्राहकों को विज्ञापन-मुक्त वीडियो देखने, बैकग्राउंड प्ले, वीडियो डाउनलोड कर ऑफलाइन देखने और यूट्यूब म्यूजिक प्रीमियम की सुविधा मिलेगी।

इससे ग्राहक बिना विज्ञापनों के अपने पसंदीदा वीडियो और संगीत का आनंद ले सकेंगे। एयरटेल के अनुसार, इस टॉप-अप में प्राइम वीडियो, जियोहॉटस्टार, जी5 प्रीमियम, सोनीलिव सहित 18 से अधिक ओटीटी प्लेटफॉर्म की सेवाएं भी शामिल हैं। कंपनी का उद्देश्य ग्राहकों को एक ही पैक में डेटा और मनोरंजन की सुविधाएं उपलब्ध कराना है। यह ऑफर वैध रिचार्ज वाले एयरटेल प्रीपेड ग्राहकों के लिए उपलब्ध है।

ग्राहक टॉप-अप खरीदने के बाद एयरटेल ऐप के 'रिवॉर्ड्स और ओटीटी' सेक्शन से यूट्यूब प्रीमियम का लाभ सक्रिय कर सकते हैं। पैक की वैधता 28 दिन है।



चिंतन

कांग्रेस के लिए अब आत्ममंथन का समय

लोकतंत्र में चुनाव जीतने के लिए केवल सत्ता पक्ष की कमियां गिनाना पर्याप्त नहीं होता, बल्कि जनता के सामने भरोसेमंद विकल्प पेश करना भी जरूरी है। दुर्भाग्य से कांग्रेस की राजनीति में इन दिनों चुनावी पारदर्शिता और वोट चोरी के आरोप प्रमुखता से छाए हुए हैं। राहुल गांधी विशेष रूप से निर्वाचन प्रक्रिया और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर लगातार सवाल उठा रहे हैं। चुनाव सुधारों पर सवाल उठाना विपक्ष का अधिकार है, लेकिन इन सवालों के बीच जनता की वास्तविक समस्याएं और अपनी राजनीतिक कमजोरियां नजरअंदाज नहीं होनी चाहिए। चार राज्यों की 28 विधान परिषद सीटों के चुनाव में कांग्रेस का खाता तक नहीं खुलना पार्टी के लिए आत्ममंथन का गंभीर अवसर है। खास बात यह है कि ये चुनाव ईवीएम के बजाय बैलेट पेपर से हुए थे। ऐसे में कांग्रेस के चुनावी प्रदर्शन पर सवाल उठना स्वाभाविक है। कांग्रेस लंबे समय से ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाती रही है और लोकसभा तथा विधानसभा चुनाव बैलेट पेपर से कराने की मांग करती रही है। ऐसे में बैलेट पेपर से हुए एमएलसी चुनावों में पार्टी की निराशाजनक स्थिति उसके राजनीतिक तर्कों की परीक्षा भी है। जिन चार सीटों पर कांग्रेस का कब्जा था, वहां भी पार्टी अपनी बढ़त कायम नहीं रख सकी। खासकर कर्नाटक में सरकार होते हुए भी चारों सीटों पर हार का सामना करना पड़ा। इन नतीजों से यह निष्कर्ष निकालना उचित नहीं होगा कि चुनाव प्रक्रिया को लेकर उठाए गए सभी सवाल निराधार हैं, लेकिन इतना जरूर है कि चुनावी हार का ठीकरा केवल व्यवस्था पर फोड़कर राजनीतिक जिम्मेदारी से बचा नहीं जा सकता। यदि बैलेट पेपर से चुनाव होने के बावजूद जनता का समर्थन नहीं मिल रहा, तो पार्टी को अपने संगठन, नेतृत्व, रणनीति, आत्ममंथन और जनसंपर्क की समीक्षा करनी चाहिए। एसआईआर को लेकर कांग्रेस के विरोध का भी निष्पक्ष आकलन जरूरी है। मतदाता सूची में गलत नामों को हटाना, मृत मतदाताओं और स्थान बदल चुके लोगों के रिकॉर्ड दुरुस्त करना तथा पात्र नागरिकों का नाम सूची में सुनिश्चित करना चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है। लेकिन इस प्रक्रिया में किसी वास्तविक मतदाता का नाम अनुचित तरीके से कटता है, तो उसका विरोध भी उतना ही आवश्यक है। इसलिए बहस का केंद्र यह होना चाहिए कि मतदाता सूची कितनी शुद्ध हुई और कहीं पात्र मतदाताओं के अधिकार तो प्रभावित नहीं हुए। केवल नाम कटने की कुल संख्या के आधार पर न तो पूरी प्रक्रिया को गलत ठहराया जा सकता है और न ही उसे पूरी तरह निर्दोष घोषित किया जा सकता है। कांग्रेस को आरोपों के साथ ठोस प्रमाण और सुधार के व्यावहारिक सुझाव भी सामने रखने चाहिए। बता दें कि एसआईआर के तहत 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की प्रारूप मतदाता सूचियों से करीब 13.37 करोड़ नाम हटाए गए, जो पूर्व मतदाता सूचियों के कुल मतदाताओं का लगभग 14.1 प्रतिशत है। कांग्रेस देश का प्रमुख विपक्षी दल है। लोकतंत्र में उसकी मजबूती केवल उसके अपने राजनीतिक भविष्य के लिए नहीं, बल्कि स्वस्थ लोकतांत्रिक प्रतिस्पर्धा के लिए जरूरी है। इसके लिए उसे चुनावी हार के कारणों का ईमानदारी से विश्लेषण करना होगा। संगठन को मजबूत करने, स्थानीय नेतृत्व को अवसर देने, जनता के बीच निरंतर मौजूद रहने और ठोस नीतिगत विकल्प पेश करने पर ध्यान देना होगा। कांग्रेस को यह समझना होगा कि चुनावी सफलता का रास्ता केवल विरोध से नहीं, बल्कि विकल्प बनने से निकलता है।



प्रदूषण

रोहित कौशिक

जहरीली हवा की गिरफ्त में जिंदगी

दिल्ली और एनसीआर की वायु गुणवत्ता एक बार फिर खराब श्रेणी में पहुंच गई है। हर साल अक्टूबर-नवम्बर में दिल्ली-एनसीआर तथा देश के कई भागों में प्रदूषण के कारण हवा की गुणवत्ता काफी खराब हो जाती है। इस साल भी यही हाल है और विशेषज्ञों ने अगले कुछ दिनों में हवा में विषाक्तता बढ़ने का अनुमान लगाया है। इस प्रदूषण के लिए किसानों द्वारा पराली जलाने को एक बड़ा कारण माना जाता है, लेकिन वास्तविकता यह है कि पराली जलाना इस समस्या का एक कारण है। कुछ लोग और बुद्धिजीवी किसानों द्वारा पराली जलाने की प्रक्रिया को ऐसे प्रचारित करते हैं जैसे इस प्रदूषण का केवल यही एक कारण है। केवल पराली जलाने की प्रक्रिया को ही इस प्रदूषण के लिए जिम्मेदार नहीं माना जा सकता। इसके साथ ऐसे अनेक कारण है जो इन दिनों प्रदूषण बढ़ाकर हवा की गुणवत्ता खराब करते हैं। सवाल यह भी है सरकार अभी तक पराली निस्तारण का कोई ठोस विकल्प क्यों प्रस्तुत नहीं कर पाई है ?

दिल्ली और एनसीआर की वायु गुणवत्ता एक बार फिर खराब श्रेणी में पहुंच गई है। हर साल अक्टूबर-नवम्बर में दिल्ली-एनसीआर तथा देश के कई भागों में प्रदूषण के कारण हवा की गुणवत्ता काफी खराब हो जाती है। इस साल भी यही हाल है और विशेषज्ञों ने अगले कुछ दिनों में हवा में विषाक्तता बढ़ने का अनुमान लगाया है। इस प्रदूषण के लिए किसानों द्वारा पराली जलाने को एक बड़ा कारण माना जाता है, लेकिन वास्तविकता यह है कि पराली जलाना इस समस्या का एक कारण है। कुछ लोग और बुद्धिजीवी किसानों द्वारा पराली जलाने की प्रक्रिया को ऐसे प्रचारित करते हैं जैसे इस प्रदूषण का केवल यही एक कारण है। केवल पराली जलाने की प्रक्रिया को ही इस प्रदूषण के लिए जिम्मेदार नहीं माना जा सकता।

हर साल देश की राजधानी दिल्ली और आस-पास के क्षेत्रों में वायु प्रदूषण कम करने के लिए कई उपाय किए जाते हैं लेकिन ये उपाय पूरी तरह कारगत साबित नहीं हो पा रहे हैं। ऊर्जा एवं स्वच्छ वायु अनुसंधान केन्द्र (सीआरईए) द्वारा हाल ही में जारी एक रिपोर्ट में बताया गया है कि दिल्ली वर्ष 2022 में चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्ययोजना (ग्रैप) में संशोधन के बाद पिछले चार साल में सर्दी के दौरान वायु गुणवत्ता में सतत सुधार नहीं हुआ है। दरअसल वायु प्रदूषण बढ़ने से सांस के रोगियों की समस्या बढ़ जाती है और स्वस्थ व्यक्ति को भी सांस सम्बन्धी बीमारियां होने की संभावना बढ़ जाती है। वायु प्रदूषण बढ़ने पर सरकारें जरूर सक्रिय होती हैं, लेकिन जैसे ही प्रदूषण कम होता है, सरकारें पुनः सो जाती हैं। जबकि वायु प्रदूषण कम करने वाले उपायों पर पूरे साल सक्रियता के साथ काम होते रहना चाहिए। हमें यह समझना होगा कि कोई भी तकनीक प्रदूषण को कम करने में सहायता तो कर सकती है, लेकिन इसे पूरी तरह से खत्म नहीं कर सकती। कई बार मौसम में परिवर्तन भी इस प्रदूषण के लिए जिम्मेदार होता है। रही-सही कसर हमारी नासमझी और मानवीय गतिविधियां पूरी कर देती हैं। यही कारण है कि हर साल अक्टूबर-नवम्बर में होने वाले इस प्रदूषण कम करने के लिए नीतियां तो बनती हैं लेकिन उनका सही ढंग से क्रियान्वयन न होने के कारण नतीजा ढाक के तीन पात रहता है। सरकारी नीतियों के सही ढंग से क्रियान्वयन के साथ जब तक जनता पूर्ण रूप से जागरूक नहीं होगी, वायु प्रदूषण को पूरी तरह से कम नहीं किया जा सकता।

इस समय तापमान में गिरावट, हवा की धीमी गति और वातावरण में नमी बढ़ने से प्रदूषक लंबे समय तक जमीन के करीब रहते हैं। इससे हवा में धूल, धुआं और हानिकारक गैसों की मात्रा बढ़ जाती है। दरअसल धूल, धुएं और कुहासे से बना स्मॉग हमारे लिए कई समस्याएं पैदा करता है। जब ईंधन जलता है, वायुमंडलीय प्रदूषण या गैसें हवा में मौजूद सूरज की रोशनी और वातावरण में



इसकी गर्मी के साथ प्रतिक्रिया करती हैं, जिससे स्मॉग बनता है। इस मौसम में हर साल इस स्मॉग के कारण प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ जाता है। निमार्ण कार्य भी इस प्रदूषण के लिए जिम्मेदार होते हैं। इसके साथ ही वाहनों का प्रदूषण भी इस स्मॉग को बढ़ाता है। गौरतलब है कि काफी वायु प्रदूषण वाहनों के माध्यम से होता है। वाहनों से निकलने वाले धुएं में कार्बन मोनोऑक्साइड ,नाइट्रोजन के ऑक्साइड, हाडड्रोकार्बन तथा सस्पेन्डेड परटिकुलेट मैटर जैसे खतरनाक तत्व एवं गैसे होती हैं जो स्वास्थ्य के लिए बहुत ही हानिकारक हैं। कार्बन मोनोऑक्साइड जब सांस के माध्यम से शरीर के अन्दर पहुंचता है तो वहां हीमोग्लोबिन के साथ मिलकर कार्बोक्सीहीमोग्लोबिन नामक तत्व बनाता है। इस तत्व के कारण शरीर में आक्सीजन का परिवहन सुचारू रूप से नहीं हो पाता है।

नाइट्रोजन मोनोऑक्साइड एवं नाइट्रोजन डाइऑक्साइड भी कम खतरनाक नहीं हैं। नाइट्रोजन मानोऑक्साइड, कार्बन मोनोऑक्साइड की तरह ही हीमोग्लोबिन के साथ मिलकर शरीर में आक्सीजन की मात्रा घटाता है। इसी तरह नाइट्रोजन डाइऑक्साइड फेफड़ों के लिए बहुत ही खतरनाक है। इसकी अधिकता से दमा और ब्रोकाइटिस जैसे रोग होने की संभावना बढ़ जाती है। वातावरण में हाइड्रोकार्बन की अधिकता कैंसर जैसे रोगों के लिए जिम्मेदार है। वाहनों से निकलने वाला इथाईलीन जैसा हाडड्रोकार्बन थोड़ी मात्रा में भी पौधों के लिए हानिकारक है। सस्पेन्डेड परटिकुलेट मैटर बहुत छोटे-छोटे कणों के रूप में विभिन्न स्वास्थ्यगत समस्याएं पैदा करते हैं। ऐसे तत्व हमारे फेफड़ों को नुकसान पहुंचाकर सांस संबंधी रोग उत्पन्न करते हैं। वास्तविकता यह है कि आज पर्यावरण के अनुकूल तकनीक के बारे में सोचने की फुर्सत किसी को नहीं है। पुराने जमाने में पर्यावरण के हर अवयव को भगवान का दर्जा दिया जाता था। इसीलिए हम पर्यावरण के हर अवयव की इज्जत करना जानते थे। नए जमाने में पर्यावरण के अवयव वस्तु के तौर पर देखे जाने लगे और हम इन्हें मात्र भोग की वस्तु मानने लगे। उदारीकरण की आंधी ने तो हमारे समस्त ताने-बाने को ही नष्ट कर दिया। इस प्रक्रिया ने पर्यावरण के अनुकूल समझ विकसित करने में बाधा पहुंचाई। यह समझ विकसित करने के लिए एक बार फिर हमें नए सिरे से सोचना होगा। हमें यह मानना होगा कि प्रदूषण की यह समस्या किसी एक शहर ,राज्य या देश के सुधरने से हल होने वाली नहीं है। पर्यावरण की कोई ऐसी परिधि नहीं होती है कि एक जगह प्राकृतिक संसाधनों का दोहन या प्रदूषण होने से उसका प्रभाव दूसरी जगह न पड़े। इसीलिए इस समय सम्पूर्ण विश्व में पर्यावरण के प्रति चिन्ता देखी जा रही है। सवाल यह है कि क्या खोखले आदर्शवाद से वायु प्रदूषण का मुद्दा हल हो सकता है ?

दरअसल जब हम प्रकृति का सम्मान नहीं करते हैं तो वह प्रत्यक्ष रूप से तो हमें हानि पहुंचाती ही है, परोक्ष रूप से भी हमारे सामने कई समस्याएं खड़ी करती है। दरअसल हर साल अक्टूबर-नवम्बर होने वाले इस वायु प्रदूषण के लिए सरकारी नीतियां अपनी जगह जिम्मेदार हैं लेकिन इस सम्बन्ध में जब तक जनता जागरूक नहीं होगी, तब तक कोई सार्थक और ठोस हल नहीं निकल पाएगा। अब समय आ गया है कि हम इस वायु प्रदूषण को रोकने के लिए गम्भीरता के साथ काम करें।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

आस्था

महेन्द्र तिवारी



दांपत्य जीवन की मधुर परंपरा है करवा चौथ पर्व

भारतीय संस्कृति में त्योहारों और व्रतों का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। यह केवल कर्मकांड नहीं हैं बल्कि मानवीय भावनाओं, रिश्तों और प्रकृति के साथ गहरे जुड़ाव के प्रतीक हैं। इन्हीं में से एक अत्यंत पावन और महत्वपूर्ण पर्व करवा चौथ है, जिसे विशेष रूप से उत्तर भारत में पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह पर्व कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को पड़ता है। दांपत्य जीवन में प्रेम, त्याग, समर्पण और अटूट विश्वास का प्रतीक यह व्रत मुख्य रूप से सुहागिन महिलाओं द्वारा अपने पति की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना के लिए रखा जाता है। यह व्रत सूर्योदय से पूर्व प्रारंभ होता है और रात्रि में चंद्रमा के दर्शन के पश्चात ही पूर्ण माना जाता है। यह कठोर निर्जला व्रत स्त्री की मानसिक और शारीरिक दृढ़ता के साथ ही उसके असीम प्रेम को भी दर्शाता है। इस व्रत की शुरुआत अत्यंत पवित्रता के साथ भोर के समय होती है। सूर्योदय से पूर्व तारे निकलते समय महिलाएं उठकर स्नान आदि से निवृत्त होती हैं। इस समय सास अपनी बहू को सरगी देती है। सरगी एक प्रकार का आशीर्वाद और प्रेम का प्रतीक है जिसमें फल, मिठाइयां, सूखे मेवे और सुहाग की सामग्री शामिल होती है। सरगी ग्रहण करने के पश्चात निर्जला व्रत आरंभ हो जाता है। दिनभर महिलाएं घर के कार्यों में व्यस्त रहती हैं लेकिन उनके मन में निरंतर अपने पति के कल्याण और ईश्वर की भक्ति का भाव रहता है। यह समय आत्म संयम का होता है। शारीरिक भूख और प्यास पर विजय प्राप्त कर मन को एकाग्र करना इस व्रत का मुख्य उद्देश्य है। यह केवल एक शारीरिक तप नहीं है बल्कि मानसिक शुद्धता का भी एक बहुत बड़ा माध्यम है। भारत की विविधता इसके त्योहारों में भी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। यद्यपि करवा चौथ मुख्य रूप से उत्तर भारतीय राज्यों जैसे पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश का पर्व है परंतु अब इसका विस्तार संपूर्ण भारत में हो चुका है। प्रत्येक क्षेत्र में इस व्रत को मनाने के कुछ अपने स्थानीय रीति रिवाज हैं। पंजाब में भोर के समय सरगी का अत्यधिक महत्व है और वहां की महिलाएं पूरे दिन लोकगीतों के माध्यम से इस उत्सव को मनाती हैं। राजस्थान में सुहागिनें अपनी पारंपरिक वेशभूषा पहनकर मिट्टी के करवे को सजाती हैं और समूह में बैठकर कथा वाचन करती हैं। स्थानों और परंपराओं की इस भिन्नता के बीच जो एक बात समान रहती है वह है पति पत्नी के बीच का निस्वार्थ प्रेम और पारिवारिक कल्याण की असीम कामना। यह क्षेत्रीय विविधता इस पर्व की सुंदरता को और भी अधिक बढ़ा देती है जिससे यह संपूर्ण राष्ट्र के लिए एक सांस्कृतिक सूत्र बन जाता है। जैसे जैसे रात्रि होती है चंद्रमा की प्रतीक्षा बढ़ने लगती है। हर किसी की दृष्टि आकाश की ओर टिकी होती है। चंद्रमा के उदय होने का क्षण इस व्रत का सबसे भावुक और अलौकिक पल होता है।

चंद्रमा को शीतलता, शांति और दीर्घायु का प्रतीक माना जाता है। इस पर्व में छलनी से चंद्रमा को देखने के पीछे भी एक अत्यंत गहरा दार्शनिक और आध्यात्मिक अर्थ छिपा हुआ है। ऐसा माना जाता है कि छलनी के माध्यम से चंद्रमा की किरणें छनकर आती हैं जिससे उनकी शीतलता और पवित्रता और अधिक बढ़ जाती है। छलनी का उपयोग इस बात का भी प्रतीक है कि दांपत्य जीवन में जो भी दोष या बुराइयां हों वे सब छनकर बाहर निकल जाएं और केवल प्रेम, विश्वास और शुद्धता ही शेष रहे। इसके पश्चात पति अपनी पत्नी को अपने हाथों से जल पिलाकर और कोई मिठाई खिलाकर उसका व्रत पूर्ण करवाते हैं। यह पर्व कृषि और प्रकृति से भी बहुत गहराई से जुड़ा हुआ है। कार्तिक मास में गेहूं की बुवाई का समय होता है। पूजा में उपयोग होने वाले मिट्टी के करवे में गेहूं के दाने रखे जाते हैं जो अच्छी फसल और घर में समृद्धि की कामना का प्रतीक हैं। प्रकृति के पंचतत्वों में से एक जल का संरक्षण और उसका सम्मान भी इस व्रत में देखा जा सकता है। मिट्टी का पात्र, जल, चंद्रमा और अन्न, ये सभी प्राकृतिक तत्व इस पर्व को प्रकृति के अत्यंत समीप ले जाते हैं। वर्तमान समय में इस व्रत का स्वरूप थोड़ा विस्तृत हुआ है। यह केवल एक धार्मिक अनुष्ठान न रहकर दो लोगों के बीच के गहरे भावनात्मक रिश्ते का उत्सव बन गया है। यह पर्व यह संदेश देता है कि वैवाहिक जीवन केवल कर्तव्यों का निर्वाह नहीं है, बल्कि यह एक दूसरे की भलाई के लिए किए गए निरंतर प्रयासों, सम्मान और निस्वार्थ प्रेम की एक यात्रा है। करवा चौथ का यह पावन पर्व सदियों से भारतीय समाज में पारिवारिक मूल्यों और दांपत्य जीवन की पवित्रता को सींचता आ रहा है और भविष्य में भी यह अपनी इसी गरिमा के साथ हमारी सांस्कृतिक धरोहर का एक अभिन्न अंग बना रहेगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

गुणों के विकास से आध्यात्मिक स्वास्थ्य संभव



संकलित

दर्शन

हमारे पास एक शरीर है, हमें उसका पोषण करना है और जब वह रोगग्रस्त हो जाता है, तब हमें उसकी देखभाल करनी है। हमें उसके आरोग्य का उपाय ढूंढ़ना है और जीवन के भौतिक पक्ष से जुड़े सभी विषयों पर ध्यान देना है, परंतु बात यह है कि प्रायः मानव जाति केवल यहीं पर रुक जाती है। उससे भी अधिक महत्वपूर्ण यह है कि हमारे अस्तित्व का एक मनोवैज्ञानिक, भावनात्मक और उच्चतर आध्यात्मिक आयाम भी है। इसलिए सफलता का उनका (परमहंसजी का) मार्ग था उचित संतुलन को प्राप्त करना। वहां, जहां आप भौतिक सफलता और समृद्धि प्राप्त करते हैं। जहां आपके पास भावनात्मक संतुलन और आंतरिक शांति होती है। आध्यात्मिक रूप से आपके पास एक उच्चतर उद्देश्य के लिए अपने जीवन को संचालित करने का ज्ञान होता है, न केवल धन एकत्र करना और परिवार व संतानों की उपलब्धि, अपितु यह अनुभव करने का एक उच्चतर उद्देश्य कि मैं ईश्वर का एक स्फुलिंग हूं, मैं इस भौतिक शरीर में निवास करने वाला आत्मा हूं और अपने जीवन के सभी पक्षों में ईश्वर के पूर्ण साक्षात्कार और अभिव्यक्ति की प्राप्ति ही मेरा अंतिम उद्देश्य है। एक बार जब आप यह धारणा बना लेते हैं, तो जीवन अत्यंत रोमांचक हो जाता है, क्योंकि सब प्रकार के कौशल, क्षमताएं और योग्यताएं आपके लिए उपलब्ध हैं। ये प्रत्येक मनुष्य की अक्षय निधि का अंग हैं, परंतु वे तब तक पूर्ण रूप से निष्क्रिय रहती हैं, जब तक उन्हें सचेतन एकाग्रता और सचेतन प्रयास के द्वारा जाग्रत नहीं किया जाता है।

बहरूपियों से हमेशा सतर्क व सावधान रहें



संकलित

प्रेरणा

एक कबूतर और एक कबूतरी एक पेड़ की डाल पर बैठे थे। उन्हें बहुत दूर से एक आदमी आता दिखाई दिया। कबूतरी के मन में कुछ शंका हुई और उसने कबूतर से कहा कि चलो जल्दी उड़ चले नहीं तो ये आदमी हमें मार डालेगा। कबूतरने लंबी सांस लेते हुए आराम के साथ कबूतरी से कहाः भला उसे ध्यान से देखो तो सही, उसके कपड़े देखो, चेहरे से भोलापन टपक रहा है, ये हमें क्या मारेगा, बिलकुल सज्जन पुरुष लग रहा है। कबूतर की बात सुनकर कबूतरी चुप हो गई। जब वह आदमी उनके पास आया तो अचानक उसने अपने वस्त्र के अंदर से तीर कमान निकाला और झट से कबूतर को मार दिया। और बेचारे उस कबूतरके वहीं प्राण पखेरू उड़ गए। असहाय कबूतरी ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई और बिलखने लगी। उसके बाद वह कबूतरी रोती हुई अपनी फरियाद लेकर राजा के पास गई और राजा को उसने पूरी घटना बताई। तुरंत शिकारी को पकड़ कर दरबार में लाया गया। शिकारी ने डर के कारण अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। उसके बाद राजा ने कबूतरी को ही उस शिकारी को सजा देने का अधिकार दे दिया। कबूतरी ने बहुत दुःखी मन से कहा किः मेरे विचार से इस क्रूर शिकारी को बस इतनी ही सजा दी जानी चाहिए कि अगर वो शिकारी है तो उसे हर समय शिकारी वाले कपड़े पहनना चाहिए। ये अच्छे व्यक्ति वाले कपड़े उतार दे क्योंकि अच्छे व्यक्ति वेल कपड़े पहन कर धोखे से घिनौने कर्म करने वाले सबसे बड़े नीच होते हैं।

सटाका



आज की पाती

गलत खान-पान का शिकार होता दिल

स्वास्थ्य ही सच्चा धन होता है, लेकिन अफसोस आज हमने आधुनिकता और भौतिकतावाद की अंधी दौड़ में इस सच्चे धन की परवाह करना ही छोड़ दिया है, इस कारण आज दुनिया में जानलेवा बीमारियों का दायरा बढ़ता जा रहा है, विशेषज्ञ बताते हैं कि दुनियाभर में बहुत से लोगों की मौत हार्ट अटैक से होती है। आज दुनियाभर में दिल की बीमारी के मरीजों का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है और इसका शिकार अब उम्रदराज लोग ही नहीं, बल्कि युवा और बच्चे भी हो रहे हैं। अगर दिल की बीमारियों से बचना है तो सबसे पहले अपने खान-पान और जीवनशैली पर ध्यान देना होगा, चिंता और तनाव से बचना होगा, प्रकृति के साथ जुड़ना होगा और साफ सफाई का भी ख्याल रखना होगा।

- भुवि भारद्वाज, भिवानी

ट्रेंड

भारत-लिकटेंस्टीन संबंध



लिकटेंस्टीन के हेरेडिटरी प्रिंस एलोइस के साथ एक बेहतरीन मुलाकात हुई। हमारी बातचीत काफी व्यापक रही और इसमें कई क्षेत्रों में भारत-लिकटेंस्टीन संबंधों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

कैप्टन मच्छार को बधाई



कैप्टन स्मित मच्छार को यूएई के प्रतिष्ठित सम्मान 'फर्स्ट क्लास ऑर्डर ऑफ ज़ायद II' से नवाजे जाने पर हार्दिक बधाई। उन्होंने असाधारण साहस दिखाते हुए 170 से अधिक यात्रियों की सुरक्षा की और एक संभावित विमान हादसे को टाल दिया।

-डॉ. मोहन यादव, सीएम, मध्यप्रदेश

पंजाब में गठबंधन



जिस व्यक्ति ने पंजाब में 736 करोड़ रुपये की इज्ज बेची और वह पैसा अपने बैंक खातों में जमा किया, अमित शाह अब उसी के साथ गठबंधन करके पंजाब को फिर से इज्ज में डुबोने की तैयारी कर रहे हैं। पंजाब के लोग ऐसा बिल्कुल नहीं होने देंगे।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

आरोप-प्रत्यारोप का स्तर



भारतीय राजनीति में आपसी अविश्वास, दुश्मनी, कड़वाहट, और एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप का स्तर इतना गिर गया है कि अब यह व्यक्तिगत स्तर पर भी पूरी तरह बेलगाम हो गया है। यह व्यवहार अब असंसदीय, अभद्र, अपमानजनक और संकीर्ण सोच वाला हो गया है।

- मायावती, पूर्व सीएम, यूपी

बुद्ध की शिक्षाएं अमेरिका और भारत के समाज को जोड़ती हैं



अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा ने कहा कि भगवान बुद्ध की सदियों पुरानी शिक्षाएं भारत और अमेरिका के समाजों को जोड़ती हैं और दोनों देशों के बीच सहयोग एवं साझेदारी का बुनियादी आधार हैं।

न्यूयॉर्क स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास द्वारा आयोजित 'भारत का शाश्वत संदेश : प्राचीन काल से समकालीन समय तक बौद्ध धर्म' विषयक सम्मेलन में मंगलवार को विशेष संबोधन देते हुए क्वात्रा ने कहा कि बुद्ध की शिक्षाएं करीब 2,500 साल पुरानी होने के बावजूद आज भी प्रासंगिक हैं और दोनों देशों के समाजों को जोड़ती हैं। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक परंपराएं और बुद्ध की शिक्षाओं को बौद्धिक रूप से आत्मसात करना दोनों देशों के मजबूत संबंधों का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने अमेरिका को बौद्ध विचारों के अकादमिक अध्ययन और उनकी गहरी समझ का प्रमुख केंद्र बताया। क्वात्रा ने कहा कि बुद्ध की शिक्षाओं को समझने का प्रयास करना ही किसी व्यक्ति के लिए प्रेरणादायक यात्रा है। उन्होंने कहा कि इन शिक्षाओं का मूल स्वरूप नहीं बदला है, बल्कि समय के साथ उनकी व्याख्याएं बदली हैं। उन्होंने बताया कि भारत अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय के रूप में नालंदा को पुनर्जीवित करने के लिए प्रयास कर रहा है।

ह्यूमन कंपोस्टिंग अर्थात मृत शरीर से खाद बनाना



अब न्यू साउथ वेल्स मानव शरीर के अंतिम संस्कार के एक अन्य तरीके को कानूनी अनुमति देने वाला ऑस्ट्रेलिया का पहला राज्य बन गया है। इसे 'ह्यूमन कंपोस्टिंग'' कहा जाता है। तकनीकी रूप से इसे 'नेचुरल ऑर्गेनिक रिडक्शन' और कानूनी तौर पर 'टेरामेशन' नाम दिया गया है। इस प्रक्रिया में सूक्ष्मजीवों की मदद से मानव अवशेषों को खाद जैसे पदार्थ में बदला जाता है। मानव शरीर को खाद में बदलने का विचार असामान्य या असहज लग सकता है। लेकिन यह प्रक्रिया वास्तव में कैसे काम करती है? क्या यह मौजूदा तरीकों से बेहतर विकल्प है? इन सवालों के जवाब के लिए पहले यह समझना जरूरी है कि अपघटन कैसे होता है और प्रकृति में इसकी क्या भूमिका है। इतिहास में मनुष्यों ने मृतकों के शरीर को सुरक्षित रखने, संरक्षित करने और उन्हें वस्त्र पहनाने के लिए अलग-अलग परंपराएं विकसित की हैं। कुछ लोग चाहते हैं कि शरीर जल्दी मिट्टी में मिल जाए, जबकि दूसरे उसे लंबे समय तक सुरक्षित रखने को प्राथमिकता देते हैं। प्राचीन दफन पात्रों और भव्य कब्रों से लेकर ताबूतों, कफन और शव को रासायनिक पदार्थों से संरक्षित करने की परंपराओं तक, इन तौर-तरीकों में सांस्कृतिक और धार्मिक मान्यताएं झलकती हैं।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016

aapkepatra.haribhoomi@gmail.com

पर भेज सकते हैं।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री जोशी ने विधान परिषद चुनावों में प्रदर्शन को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा

मत पत्र हो या ईवीएम कांग्रेस पार्टी का नतीजा एक जैसा ही ताजा हार के बाद राहुल को देश से माफी मांग लेनी चाहिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बुधवार को हाल ही में हुए विधान परिषद चुनावों में खराब प्रदर्शन को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा। जोशी ने तंज कसते हुए कहा, मत पत्र हो या इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम), कांग्रेस पार्टी का नतीजा एक जैसा ही रहता है। उन्होंने विधान परिषद चुनावों में कांग्रेस के एक भी सीट नहीं जीतने पर यह टिप्पणी की। 2026 के विधान परिषद चुनावों के नतीजे 4 राज्यों की 28 सीटों पर घोषित किए गए हैं। इन राज्यों में बिहार, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक और महाराष्ट्र शामिल हैं।

महाराष्ट्र में भी कांग्रेस का यही हाल

कांग्रेस 3 राज्यों में एक भी सीट नहीं जीत पाई है। महाराष्ट्र में भी पार्टी मुकाबले में पीछे है। वहां 5 सीटों के लिए मतगणना जारी है। सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन और विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के बीच मुकाबला चल रहा है।

मतपत्र से चुनाव तो भी कांग्रेस साफ



जोशी ने कहा, कांग्रेस लगातार वोट चोरी का मुद्दा उठाती है। वह लोकतांत्रिक संस्थाओं पर भी सवाल करती है। जब चुनाव के नतीजे उसके पक्ष में नहीं आते, तो वह व्यवस्था को दोष देने लगती है। कांग्रेस शासित कर्नाटक का खास तौर पर जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, पार्टी को करारी हार का सामना करना पड़ा। विधान परिषद के मौजूदा सदस्य भी अपनी सीटें नहीं बचा सके। उन्होंने कहा, जब मतपेटी के जरिए चुनाव हुए, तब भी पार्टी जीत दर्ज नहीं कर सकी।

ये नेता भी बोले

जनता ही सर्वोपरिः अनंत



अनंत सिंह (जदयू प्रत्याशी / पटना में हारने वाले नेता) ने हार पर कहा कि मतगणना पूरी हो गई है और हम हार गए। वोट खरीदे थे? जनता ही सर्वोपरि है।

जिधर नीतीश कुमार, उधर हमः नीरज



नीरज कुमार (जदयू विजेता ने कहा कि मैं जीत का श्रेय नीतीश कुमार,सम्राट चौधरी, उपेंद्र कुशवाहा को देता हूं।

मैं पार्टी का विश्वास नहीं टूटने दूंगाः उमेश



उमेश द्विवेदी (भाजपा विजेता - लखनऊ शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र) में हैट्रिक जीत दर्ज करने पर उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो मेरे ऊपर विश्वास किया है, यह विश्वास कभी टूटने नहीं दूंगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभारी हूं। यह जीत शिक्षकों के सहयोग से मिली है।

बैलेट पेपर चुनाव में भी कांग्रेस हारीः झा

संजय झा (जदयू कार्यकारी अध्यक्ष) ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस ने 28 सीटों पर चुनाव लड़ा और एक भी सीट नहीं जीत पाई। एमएलसी चुनाव में बैलेट पेपर से वोटिंग होती है। इसके बावजूद ऐसी हार उनके सांगठिक कमजोरियों को दर्शाती है।



2027 में सपा की सरकार बनेगीः शिवपाल

यूपी के परिणामों पर शिवपाल सिंह यादव (सपा नेता ने कहा कि यह समाजवादी पार्टी के लिए शुभ संकेत है और आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की एकजुटता से सपा की सरकार बनेगी।



खबर संक्षेप

आजम की 426 करोड़ की संपत्ति अटैच

प्रयागराज। प्रवर्तन निदेशालय के लखनऊ जोनल ऑफिस ने सपा के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के



पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद आजम खान की रामपुर स्थित मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी की जमीन और इमारतों को अटैच करने की कार्रवाई की है। मनी लॉन्ड्रिंग केस में अटैच की गई संपत्ति की कीमत 426.46 करोड़ रुपए आंकी गई है।

फिल्म महोत्सव की अंतिम तिथि बढ़ी

नई दिल्ली। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने 57वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2026 के लिए



मीडिया प्रत्यायन हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 4 नवंबर कर दी है। सिनेमा की इस नई दुनिया का अनुभव करने के लिए प्रतिनिधि के रूप में पंजीकरण कर सकते हैं। प्रत्यायन पोर्टल से फार्म जमा कर सकते हैं।

नालंदा मेडिकल कॉलेज में रैगिंग, सभी सस्पेंड

नालंदा। मेडिकल कॉलेज में छात्रों पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। मेडिकल कॉलेज में नए एडमिशन



लेने वाले स्टूडेंट्स के साथ रैगिंग के मामले में प्रशासन ने यह कार्रवाई की है। मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने 2025 बैच के सभी 146 छात्र-छात्राओं को 3 महीने के लिए सस्पेंड कर दिया है। कॉलेज के प्रिंसिपल ने यह आदेश दिया है।

निर्दलीय विधायक उमेश ने विस से इस्तीफा दिया

गैरसैंण। उत्तराखंड के निर्दलीय विधायक उमेश कुमार ने बुधवार को विधानसभा की सदस्यता से



इस्तीफा दे दिया। हरिद्वार जिले की खानपुर सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले कुमार ने मीडिया से कहा कि कांग्रेस के असहयोगात्मक रवैये से क्षुब्ध होकर उन्होंने यह कदम उठाया है। हमने विपक्ष (कांग्रेस) को हर मुद्दे पर सहयोग दिया।

चक्रवाती तूफान 'अर्नब' ने आंध्र प्रदेश और यानम में मचाई तबाही

आंध्र प्रदेश में 5 की मौत, 50 से ज्यादा ट्रेनें और उड़ानें रद्द, कई जगह पेड़ गिरे

ओडिशा में सरकार ने रेड अलर्ट जारी किया

तेज हवाओं और संभावित बाढ़ से निपटने के लिए उठाए जा रहे कदम

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

चक्रवाती तूफान 'अर्नब' ने बुधवार सुबह आंध्र प्रदेश और यानम के तटीय इलाकों में टकराना शुरू कर दिया है, जिससे वहां भारी बारिश हो रही है। भारी बारिश, तेज हवाओं और संभावित बाढ़ से निपटने के लिए आंध्र प्रदेश, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में प्रशासन ने एहतियाती कदम तेज कर दिए हैं। मौसम विभाग ने कहा कि तूफान के केंद्र में हवा की रफ्तार 125 से 135 किमी प्रति घंटा है, जो झोंकों के साथ 150 किमी प्रति घंटा तक पहुंच रही है।

पिछले तीन घंटों में तूफान 3 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर बढ़ा है। अनुमान है कि शुरुआत में धीमी गति से उत्तर-पश्चिम की तरफ बढ़ेगा और फिर उत्तर-उत्तर-पश्चिम की ओर रुख करेगा। बुधवार तड़के अर्णब आंध्र प्रदेश के तट के पास टकराया। इस पूरी प्रक्रिया में 6 घंटे से अधिक का समय लगा। चक्रवात से जुड़ी अलग-अलग घटनाओं में 5 लोगों की मौत हो गई।

यहां भारी बारिश से बाढ़ का भी खतरा मंडरा रहा



विशाखापत्तनम। यहां 'अर्नब' से भारी बारिश और तेज़ हवाओं के बाद उखड़े हुए पेड़ और क्षतिग्रस्त ढांचे इधर-उधर बिखरे पड़े हैं।

मौसम विभाग ने भारी बारिश की चेतावनी दी

भुवनेश्वर स्थित क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र की निदेशक मनोरमा मोहंती ने बताया कि तूफान के जमीन की ओर बढ़ने के दौरान हवा की रफ्तार 60 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे रह सकती है। हवा के झोंकों की रफ्तार 80 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंचने की आशंका है। मलकानगिरी, कोरापुट, नबरंगपुर, रायगड़ा, गजपति और कालाहांडी में बेहद भारी बारिश और रेड अलर्ट जारी किया है।

रेल मंत्री रख रहे करीबी नजर

रेल पटरियों पर 10 जगह गिरे पेड़, तेजी से हटाया गया



रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जानकारी दी कि'अर्नब' के टकराने के बाद रेलवे नेटवर्क पर 10 जगहों पर पेड़ गिर गए थे। राहत टीमों ने तत्परता दिखाते हुए सभी स्थानों से पेड़ों को तुरंत हटाकर ट्रैक साफ कर दिया।

नायडू ने शाह से की बात

आंध्र प्रदेश के सीएमएन. चंद्रबाबू नायडू ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर 'अर्नब' से प्रभावित जिलों में एनडीआरएफ की टीमों की मदद बढ़ाने का अनुरोध किया है। केंद्र से अपील की है कि चक्रवाती तूफान से हुए जान-माल और फसलों के नुकसान का जायजा लेने के लिए केंद्रीय टीमों को जल्द से जल्द आंध्र प्रदेश भेजने को कहा है।



आंधी से उखड़े सैकड़ों पेड़-खंभे समुद्र में फंसा सल्फर से लदा मालवाहक जहाज

आंध्र प्रदेश के अंतर्वेदी के पास समुद्र में सल्फर ले जा रहा एक मालवाहक जहाज रास्ते से भटकने के बाद उथले पानी में फंस गया। यह घटना चक्रवात अर्नब के बीच सामने आई है। जहाज विशाखापत्तनम से रवाना हुआ था। बताया जा रहा है कि इंजन में खराबी आने के बाद जहाज अपना रास्ता भटक गया और अंततः अंतर्वेदी के पास समुद्र में फंस गया। संबंधित अधिकारियों के निरीक्षण के बाद जहाज की स्थिति का आकलन किया जाएगा और आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

झारखंड के कई जिलों में 29 अक्टूबर तक स्कूल बंद

'अर्नब' से भारी बारिश को देखते हुए झारखंड सरकार ने कई जिलों में 29 अक्टूबर तक स्कूल बंद रखने का आदेश दिया है। रांची, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम और सिमडेगा जिले में बुधवार और गुरुवार को स्कूल बंद रहेंगे।

कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

बंगाल की खाड़ी में उठे 'अर्नब' के प्रभाव से झारखंड में मौसम बदला है। रांची समेत कई जिलों में बुधवार सुबह से बारिश हो रही है। आईएमडी ने रांची, खूंटी, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, बोकारो, सरायकेला-खरसावां और पूर्वी एवं पश्चिमी सिंहभूम जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

संविधान देता है गारंटीः मंत्री वैष्णव

डीपीडीपी प्रेस की स्वतंत्रता का उल्लंघन नहीं करता



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण (डीपीडीपी) अधिनियम का कोई भी प्रावधान प्रेस की स्वतंत्रता का उल्लंघन नहीं करता है। इस कानून को लेकर मीडिया जगत में जताई जा रही व्यापक चिंताओं के बीच वैष्णव ने कहा कि संविधान में प्रेस की स्वतंत्रता की गारंटी दी गई है। उन्होंने संपादकों और मीडिया पेशेवरों को इस अधिनियम के प्रावधानों पर सरकार के साथ खुली चर्चा के लिए आमंत्रित भी किया। वैष्णव का यह बयान डिजिटल न्यूज पब्लिशर्स एसोसिएशन (डीएनपीए) द्वारा एक दिन पहले डीपीडीपी अधिनियम और इसके नियमों के कुछ प्रावधानों को उच्चतम न्यायालय में चुनौती देने के बाद आया है।

सुप्रीम कोर्ट में 17 नवंबर को सुनवाई

डीएनपीए 21 समाचार प्रकाशकों का प्रतिनिधित्व करता है। समाचार प्रकाशकों ने दलील दी है कि इस अधिनियम में पत्रकारिता संबंधी गतिविधियों के लिए विशेष छूट नहीं दिए जाने से खोजी पत्रकारिता प्रभावित हो सकती है और प्रेस की स्वतंत्रता के समक्ष खतरा पैदा हो सकता है। उच्चतम न्यायालय नेकेंद्र से जवाब मांगा है और अगली सुनवाई के लिए 17 नवंबर की तारीख तय की है। समाचार संस्थानों की दलील है कि व्यक्तिगत डेटा से जुड़े नोटिस, सहमति और डेटा मिटाने संबंधी प्रावधानों के कारण पत्रकारों के लिए जनहित के मुद्दों पर रिपोर्टिंग मुश्किल हो सकता है। कथित अनियमितताओं की जांच के दौरान ऐसी बाधाएं आ सकती हैं।

पत्रकारिता की स्वतंत्रता प्रभावित नहीं होगी

वैष्णव ने इन आशंकाओं पर कहा कि पत्रकारिता की स्वतंत्रता की गारंटी भारत का संविधान देता है। यह स्वतंत्रता पूर्ण रूप से उपलब्ध है। पत्रकारिता की स्वतंत्रता को प्रभावित करने की कोई मंशा भी नहीं है। इस तरह, निजता कानून पत्रकारिता की स्वतंत्रता को पूरी तरह बनाए रखता है, इसकी गारंटी संविधान देता है। उन्होंने कहा कि डिजिटल निजता का अधिकार सुनिश्चित करने वाला यह कानून उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद ही बनाया गया है।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा

'ब्रिंग बैक बैलेट' इंस्टा ब्लॉक केंद्र और मेटा से जवाब मांगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने 'ब्रिंग बैक बैलेट' नाम के इंस्टाग्राम खाते को ब्लॉक करने के खिलाफ दायर एक याचिका पर केंद्र सरकार और मेटा प्लेटफॉर्म्स से उनका पक्ष बताने को कहा है। इंस्टाग्राम हैंडल पर चुनावों में मत पत्र के इस्तेमाल का समर्थन करने वाली सामग्री प्रकाशित की जाती थी। न्यायमूर्ति अमित महाजन ने 27 अक्टूबर को अकाउंट संचालक, संगठन 'मिशन सेव कॉन्स्टिट्यूशन' और इसके संस्थापक वकील महमूद प्राचा की



याचिका पर नोटिस जारी किया और 6 को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। जिस दिन संगठन ने जंतर-मंतर पर 'ब्रिंग बैक बैलेट- ईवीएम हटाओ, देश बचाओ' नाम से एक शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने का प्रस्ताव रखा, उसी दिन उसे पता चला कि भारत में उसका 'ब्रिंग बैक बैलेट' हैंडल उपलब्ध नहीं है।

मद्रास हाईकोर्ट ने साफ की स्थिति

गैरहिंदुओं को नहीं मिलेगा मंदिर में प्रवेश,परंपरा से समझौता नहीं

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

मद्रास हाई कोर्ट ने आगम मंदिरों में प्रवेश को लेकर बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा कि जो गैर-हिंदू श्रद्धा व्यक्त करने का संकल्प लेने या पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन करने से इनकार करते हैं, उन्हें आगम मंदिरों में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जा सकती। ऐसा करने से मंदिरों की धार्मिक पवित्रता प्रभावित होगी। यह फैसला के थंगम वेंकटेश की जनहित याचिका के बाद आया है, जिसमें 'तमिलनाडु मंदिर प्रवेश प्राधिकरण अधिनियम'



को सख्ती से लागू करने और नियमों के उल्लंघन के लिए जवाबदेही तय करने की मांग की गई थी। न्यायमूर्ति जीआर स्वामीनाथन और न्यायमूर्ति पी मुरुगन की खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि यह फैसला केवल आगम मंदिरों पर लागू होता है। आगम मंदिर प्राचीन ग्रंथों के अनुसार बनाया जाता है, प्रतिष्ठित किया जाता है।

मंत्रिमंडल ने कंटेनर विनिर्माण प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी

10,000 करोड़ रुपए के आवंटन वाली योजना को केंद्र सरकार ने स्वीकृति दी

कंटेनर के आयात पर निर्भरता घटेगी व आपूर्ति मजबूत होगी

वैष्णव ने कहा-केंद्रीय बजट में की गई थी घोषणा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को देश में वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी कंटेनर विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करने के लिए 10,000 करोड़ के आवंटन वाली 'कंटेनर विनिर्माण प्रोत्साहन योजना' को मंजूरी दी। यह योजना वित्त वर्ष 2039-40 तक लागू रहेगी। योजना का उद्देश्य कंटेनर के आयात पर निर्भरता कम करना और आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करना है। इसके तहत नई



विनिर्माण इकाइयों की स्थापना और मौजूदा इकाइयों की क्षमता बढ़ाने में सहायता दी जाएगी। देश में कंटेनर के विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए इस योजना की घोषणा केंद्रीय बजट 2026-27 में की गई थी।

योजना वित्त वर्ष 2039-40 तक लागू रहेगी

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा मंत्रिमंडल की बैठक में कंटेनर विनिर्माण प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी गई है। यह योजना 2039-40 तक लागू रहेगी। योजना के तहत पात्र विनिर्माताओं को ब्याज सब्सिडी, परिचालन व्यय सहायता, परीक्षण प्रमाणन सहायता तथा भूमि पट्टे पर लेने के लिए सहायता दी जाएगी।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय में वकीलों का तांडव

न्यायमूर्ति पर नाराजगी

न्यायमूर्ति के कक्ष में तोड़फोड़ की समूहों में से कुछ ने नारेबाजी की

न्यायमूर्ति भनोट के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

इलाहाबाद उच्च न्यायालय में बुधवार को वकीलों ने न्यायमूर्ति अजय भनोट के अदालत कक्ष में कथित तौर पर तोड़फोड़ की। न्यायमूर्ति भनोट के अदालत कक्ष में पहुंचने पर वकीलों ने विरोध किया और उनमें से कुछ ने नारेबाजी भी की। वकीलों के एक समूह ने मेज-कुर्सियों को कथित रूप से नुकसान पहुंचाया। यह घटनाक्रम एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों द्वारा मंगलवार को



मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर न्यायमूर्ति भनोट के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने के एक दिन बाद हुआ है। पत्र में आरोप लगाया कि 27 को न्यायमूर्ति भनोट ने एक अधिवक्ता वीपी श्रीवास्तव को अपमानित किया।

एजीए ने अधिवक्ता को फटकार लगाई

पत्र के मुताबिक पुलिस अधीक्षक स्तर के एक अधिकारी अपर शासकीय अधिवक्ता (एजीए) के पीछे वाली पंक्ति में बैठे थे। इसी दौरान एक वकील ने यह कहते हुए उनसे पीछे की पंक्ति में बैठने को कहा कि वह सीट उनकी नहीं है। आरोप है कि इस पर एजीए ने अधिवक्ता को फटकार लगाई और कहा कि वह इसकी शिकायत न्यायाधीश से करेंगे।

खरगे के आवास पर कल होगा 'जन महाभियोग' कार्यक्रम

सीईओ ने संविधान और प्रावधानों का उल्लंघन किया

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने इसकी जानकारी दी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने बुधवार को आरोप लगाया कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने संविधान की भावना और उसके प्रावधानों का उल्लंघन किया है तथा वह 'द्वेषपूर्ण जोड़ी' के इशारे पर काम कर रहे हैं। मुख्य विपक्षी दल ने यह आरोप ऐसे समय लगाया है जब विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आधिकारिक आवास पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त के खिलाफ 'जन महाभियोग' आयोजित करने की तैयारी कर रहा है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि अन्य स्थानों पर आयोजन की अनुमति नहीं मिलने के बाद 'इंडिया जनबंधन' 30 अक्टूबर को अपराह्न साढ़े तीन बजे खरगे के आवास '10, राजाजी मार्ग' पर ज्ञानेश कुमार का 'जन महाभियोग' आयोजित करेगा।

ज्ञानेश कुमार द्वेषपूर्ण जोड़ी के इशारे पर काम कर रहे



रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि सीईसी ने स्पष्ट रूप से संविधान की भावना और उसके प्रावधानों का उल्लंघन किया है। उन्होंने सुनियोजित तरीके से हमारे चुनावी लोकतंत्र की बुनियाद को कमजोर किया है। साफ शब्दों में कहें तो उन्होंने उच्चतम न्यायालय से झूठ बोला है कुमार द्वेषपूर्ण जोड़ी के इशारे पर काम करते हुए उनके हाथों का औज़ार बन गए हैं। अगली बारी उन दोनों की होगी।

आम लोगों की आवाज को 'दबा' रहे

कांग्रेस ने दावा किया था कि उसे सीईओ ज्ञानेश कुमार के खिलाफ 'जन महाभियोग' कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति नहीं दी गई और आरोप लगाया था कि सरकार चुनावी व्यवस्था को 'नष्ट' करने के बाद अब आम लोगों की आवाज को 'दबाने' का प्रयास कर रही है।

बाद में रद्द कर दी गई अनुमति : वेणुगोपाल

संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने दावा किया था कि



सरकार द्वारा संचालित अशोक होटल ने शुरुआत में कार्यक्रम करने की अनुमति दे दी थी, लेकिन बाद में पुलिस के हस्तक्षेप पर इसे रद्द कर दिया। 25 अक्टूबर से 3 तक रामलीला मैदान बुक कराया है।

बेंजामिन गठबंधन 53 और विपक्ष 48 सीटों पर आगे

इजराइल चुनाव: नेतन्याहू व आइजनकोट गठबंधन में कड़ी टक्कर, 5 सीटों का अंतर

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

इजराइल में चुनाव के बाद वोटों की गिनती जारी है। अब तक 85.6% वोट गिने जा चुके हैं। पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के गठबंधन को 53 सीटें मिलती दिख रही हैं, जबकि गादी आइजनकोट के नेतृत्व वाले विपक्षी गठबंधन को 48 सीटों पर आगे चल रहा है।

दोनों के बीच सिर्फ 5 सीटों का अंतर है। अरब पार्टियों की जॉइंट लिस्ट 12 और राअम 7 सीटों पर आगे हैं, दोनों को मिलाकर 19 सीटें हो रही हैं। जो इजराइल के चुनावी इतिहास में अरब पार्टियों का अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा होगा। इससे पहले 2020 के चुनाव में इन पार्टियों ने 15 सीटें जीती थीं।

- *सत्तारूढ़ और विपक्षी गठबंधन दोनों बहुमत से दूर*
- *अरब पार्टियां 19 सीटों पर आगे, ये इतिहास में सर्वाधिक*


लोकुड पार्टी के कार्यालय में पीएम बेंजामिन नेतन्याहू

सरकार बनाने के लिए 61 सीटों की जरूरत


जीत से उत्साहित गादी आइजनकोट

नेतन्याहू पद छोड़ें: आइजनकोट

इजराइल में विपक्षी नेता गादी आइजनकोट ने पीएम बेंजामिन नेतन्याहू से पद छोड़ने और राजनीति से हटने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जनता ने बदलाव के लिए वोट दिया है और नेतन्याहू सरकार ने लोगों का भरोसा खो दिया है। आइजनकोट ने कहा कि वे सभी इजराइलियों की सेवा करने वाली सरकार बनाने की पूरी कोशिश करेंगे। उन्होंने सुरक्षा अधिकारियों से भी सिर्फ देश और नागरिकों के हित में काम करने की अपील की। इजराइल के पूर्व पीएम यायर लैपिड ने कहा है कि जनता ने पीएम बेंजामिन नेतन्याहू को सत्ता छोड़ने का साफ संदेश दे दिया है।

सरकार बनाने के लिए 42 दिन मिलेंगे

इजराइल में सरकार बनाने के लिए चुने गए नेता को शुरुआत में 28 दिन का समय मिलता है। जरूरत पड़ने पर राष्ट्रपति इसे 14 दिन और बढ़ा सकते हैं। यानी सरकार बनाने के लिए कुल 42 दिन मिल सकते हैं। इस दौरान नेता को दूसरी पार्टियों से बातचीत कर समर्थन जुटाना होता है। इसके लिए पार्टियों के बीच नीतियों और मंत्रिपदों को लेकर समझौते हो सकते हैं। सरकार बनाने के लिए आम तौर पर संसद में 61 सीटों का समर्थन जरूरी होता है। अगर नेता 61 सीटों का समर्थन नहीं जुटा पाता, तो वह छोटी पार्टियों के सहयोग से अल्पमत सरकार बनाने या दो नेताओं के बीच बारी-बारी से पीएम बनने का समझौता करने की कोशिश भी कर सकता है।

अरब पार्टी गठबंधन 'किंग मेकर'

इजराइल की संसद में कुल 120 सीटें हैं। सरकार बनाने के लिए 61 सीटें जरूरी हैं। अभी नेतन्याहू और विपक्ष, दोनों बहुमत से दूर हैं। ऐसे में अरब पार्टियों का समर्थन सरकार बनाने में अहम हो सकता है। चुनाव से पहले सर्वे में नेतन्याहू की हार का अनुमान लगाया गया था, लेकिन अब तक की गिनती में मुकाबला कड़ा बना हुआ है।

नई सरकार के लिए सभी दल बातचीत करें: राष्ट्रपति

इजराइल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग ने सभी राजनीतिक दलों से नई सरकार बनाने के लिए बातचीत करने और दोबारा चुनाव से बचने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सभी दलों को खुले मन से चर्चा करनी चाहिए। चुनाव के बाद किसी भी गठबंधन के पास स्पष्ट बहुमत नहीं है। हर्जोग ने कहा कि अगले हफ्ते चुनाव के आधिकारिक नतीजे मिलने के बाद वे संसद में सभी दलों से बातचीत शुरू करेंगे। इजराइल में गादी आइजनकोट के नेतृत्व वाला विपक्षी खेमा संसद अध्यक्ष अमीर ओहाना को पद से हटाने की तैयारी कर रहा है।


इसाक हर्जोग वोट डालते हुए

खबर संक्षेप

गूगल और एप्पल पर 4.5 करोड़ डॉलर का जुर्माना

सियोल। दक्षिण कोरिया के प्रसारण एवं दूरसंचार नियामक ने गूगल और एप्पल पर कुल 6370 करोड़ वॉन (करीब 4.5 करोड़ डॉलर) का जुर्माना लगाने का फैसला किया। दोनों कंपनियों पर आरोप है कि उन्होंने अपने ऐप स्टोर की भुगतान नीतियों के जरिए ऐप डेवलपरों के भुगतान विकल्पों को सीमित किया। आयोग ने दूरसंचार व्यवसाय अधिनियम के उल्लंघन के मामले में गूगल पर 4290 करोड़ वॉन और एप्पल पर 2081 करोड़ वॉन का जुर्माना लगाने को मंजूरी दी है। आयोग ने कहा कि दोनों कंपनियों के खिलाफ आपराधिक शिकायत दर्ज नहीं की जाएगी।



अमेरिकी सेना का नाव पर हमला, 5 की मौत

वॉशिंगटन। अमेरिकी सेना ने मंगलवार को पूर्वी प्रशांत महासागर में ड्रग्स की तस्करी के संदेह में एक नाव पर हमला किया। इस कार्रवाई में 5 लोगों की मौत हो गई। ट्रंप प्रशासन लैटिन अमेरिका में कथित ड्रग्स तस्करों के खिलाफ लगातार सैन्य अभियान चला रहा है। अमेरिकी सेना के दक्षिणी कमान ने कहा कि यह नाव तस्करी के पहचाने गए मार्ग पर चल रही थी। खुफिया जानकारी के अनुसार, नाव मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल थी। हालांकि, सेना ने इस दावे के समर्थन में कोई सबूत सार्वजनिक नहीं किया कि नाव में ड्रग्स ले जाए जा रहे थे।



राजनाथ सिंह और पीट हेगसेथ की मुलाकात, रक्षा सहयोग की समीक्षा की

रक्षा तकनीक, सूचनाओं के आदान-प्रदान और संयुक्त उत्पादन के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर जोर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राजनाथ सिंह और पीट हेगसेथ ने भारत-अमेरिका के 10 वर्षीय रक्षा ढांचे के तहत हुई प्रगति की समीक्षा की। बैठक के बाद राजनाथ सिंह ने कहा कि अमेरिकी युद्ध मंत्री पीट हेगसेथ के साथ उनकी बैठक बेहद अच्छी रही। इस ढांचे का उद्देश्य दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को और मजबूत करना है

भारत-अमेरिका रक्षा साझेदारी को नई गति देते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ से एक अहम वार्ता की है। यहां भारत और अमेरिका ने रक्षा तकनीक, सूचनाओं के आदान-प्रदान और संयुक्त उत्पादन के क्षेत्र में सहयोग को आगे बढ़ाने पर जोर दिया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को फिलीपींस के सेबू में 13वीं आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक-प्लस (एडीएमएम-प्लस) से इतर अमेरिका के युद्ध मंत्री पीट हेगसेथ के साथ यह मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत-अमेरिका के 10 वर्षीय रक्षा ढांचे के तहत हुई प्रगति की समीक्षा की।

बैठक के बाद राजनाथ सिंह ने कहा कि अमेरिकी युद्ध मंत्री पीट हेगसेथ के साथ उनकी बैठक बेहद अच्छी रही। दोनों पक्षों ने 10 वर्षीय भारत-अमेरिका रक्षा ढांचे के तहत अब तक हुई प्रगति पर चर्चा की। इस ढांचे का उद्देश्य दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को और मजबूत करना है। रक्षा मंत्री ने बताया कि भारत और अमेरिका के बीच सैन्य तकनीक, सूचनाओं के आदान-प्रदान और रक्षा उपकरणों के संयुक्त उत्पादन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में रणनीतिक तालमेल बढ़ रहा है। इन क्षेत्रों में सहयोग से दोनों देशों की रक्षा साझेदारी को आगे बढ़ाने का रास्ता खुलता है।

- आतंकवाद को जड़ से खत्म करने की जताई प्रतिबद्धता
- हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता के लिए दिया समर्थन


अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ और राजनाथ सिंह

आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस जरूरी

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, भारतीय रक्षा मंत्री ने अमेरिका के रक्षा मंत्री से बैठक के दौरान दो टूक अंदाज में कहा कि वैश्विक समुदाय को आतंकवादी संगठनों का समर्थन, प्रशिक्षण व वित्त पोषण करने वाले देशों के प्रति शून्य सहिष्णुता का दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। सामान्य तौर पर इसे एक समझौता-हीन नजरिए के रूप में भी समझा सकते हैं। अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने सीमा पार आतंकवाद के विरुद्ध संघर्ष में भारत को अपने देश की ओर से एकजुटता के साथ शत-प्रतिशत समर्थन देने की पुष्टि की है। राजनाथ ने हेगसेथ की ओर से मामले पर दिए गए लगातार और मजबूत समर्थन के लिए नई दिल्ली की ओर से आभार व्यक्त किया। साथ ही कहा, हमने अपनी प्रमुख रक्षा साझेदारी के लिए बनाए गए ढांचे की पहली वर्षगांठ मनाई, सहयोग को अधिक प्रगाढ़ बनाने के उपायों पर मंथन किया। हालिया संपन्न हुए युद्ध अभ्यास का जिक्र भी बातचीत में किया।

दोनों देशों के बीच मजबूत साझेदारी

राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत और अमेरिका की मजबूत साझेदारी स्वतंत्र, खुले और सुरक्षित हिंद-प्रशांत क्षेत्र की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग इस क्षेत्र में शांति और सुरक्षा से जुड़े साझा उद्देश्यों का एक प्रमुख आधार है। यह बैठक ऐसे समय में हुई है, जब हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा और रणनीतिक सहयोग को लेकर विभिन्न देशों के बीच बातचीत जारी है। भारत-अमेरिका ने अपने रक्षा संबंधों की प्रगति की समीक्षा की और सैन्य तकनीक से लेकर संयुक्त उत्पादन तक सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया। भारत अपनी एक्ट ईस्ट नीति के तहत आसियान की केंद्रीय भूमिका तथा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता और सामूहिक विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

राजनाथ सिंह और जापान के रक्षा मंत्री की मुलाकात

वैश्विक साझेदारी को और मजबूत करने पर हुई चर्चा

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और जापान के रक्षा मंत्री कोइजुमी शिंजिरो ने मुलाकात की। दोनों के बीच रक्षा सहयोग की समीक्षा की और दोनों देशों के बीच विशेष रणनीतिक एवं वैश्विक साझेदारी को और मजबूत करने के नए रास्तों पर चर्चा की। राजनाथ सिंह ने कहा कि स्वतंत्र, खुले और शांतिपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए भारत और जापान की साझा प्रतिबद्धता महत्वपूर्ण है। 'एक्स' पर उन्होंने लिखा कि दोनों देशों के बीच जारी द्विपक्षीय रक्षा सहयोग की समीक्षा की गई और भारत-जापान विशेष रणनीतिक एवं वैश्विक साझेदारी को और मजबूत करने के नए अवसरों पर सार्थक चर्चा हुई।


राजनाथ सिंह और कोइजुमी शिंजिरो

कोइजुमी शिंजिरो के बीच यह दूसरी बैठक: हाल के महीनों में राजनाथ सिंह और कोइजुमी शिंजिरो के बीच यह दूसरी बैठक है। इससे पहले अगस्त में जापान के रक्षा मंत्री भारत के आधिकारिक दौरे पर आए थे और राजनाथ सिंह के साथ बातचीत की थी। उस दौरान दोनों मंत्रियों ने रक्षा सहयोग में लगातार हो रही प्रगति का स्वागत किया था। इसमें दोनों देशों के रक्षा मंत्रालयों और सशस्त्र बलों के बीच सहयोग भी शामिल है।

भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे डॉ. जयशंकर

अमेरिका के अंटलाटा में जी-20 की बैठक में कल होंगे शामिल


रणधीर जायसवाल, प्रवक्ता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

वैश्विक स्तर पर सैन्य संघर्षों के चलते बनी हुई अस्थिरता के दौर में अमेरिका 30 से 31 अक्टूबर तक जी-20 देशों के विदेश मंत्रियों की एक बेहद महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन करेगा। जिसमें भारत का नेतृत्व विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर करेंगे। यह जानकारी बुधवार को राजधानी में हुई मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए प्रश्नों के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दी है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष अमेरिका के अटलांटा में समूह देशों के विदेश मंत्रियों की यह बैठक होगी। बता दें समूह का शिखर सम्मेलन 14 से 15 दिसंबर तक मियामी में होगा। उन्होंने बताया कि पश्चिम एशिया क्षेत्र में युद्ध के मध्य अब तक भारत के 22 नागरिकों की मौत हो गई है। जिनमें 14 नाविक शामिल हैं।

क्वाड मंत्रियों संग होंगी द्विपक्षीय बैठकें

जायसवाल ने बताया कि जी-20 के आयोजन के अलावा चतुष्कोणीय देशों (अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, जापान और भारत शामिल) के क्वाड समूह की भी बैठक होगी। आयोजन मनीला में किया जा सकता है और उसमें भी जयशंकर शामिल होंगे। बैठक से इतर उनकी समूह देशों के अपने समकक्षों यानी विदेश मंत्रियों के साथ कुछ द्विपक्षीय बैठकें होंगी। जिसमें संभवतः द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं के अलावा साझा हितों से जुड़े हुए क्षेत्रीय, अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। अमेरिका की यात्रा के बाद विदेश मंत्री राष्ट्रमंडल शासनाध्यक्षों की बैठक में नई दिल्ली का प्रतिनिधित्व करने के लिए एंटीगुआ और बारबुडा जाएंगे। उनका यह दौरा 1 से 4 नवंबर तक चलेगा। राष्ट्रमंडल शासनाध्यक्षों की बैठक की इस वर्ष की थीम समृद्ध राष्ट्रमंडल के लिए साझेदारी और निवेश में तेजी लाना है। इस उच्चस्तरीय कार्यक्रम की मदद से नई दिल्ली को वैश्विक मामलों पर भी अपने विचार दुनिया के सामने रखने का अवसर मिलेगा। उन्होंने भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच होने वाले मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए अभी प्रक्रियागत मुद्दों पर काम चल रहा है।

पाकिस्तान के खिलाफ नहीं बदली नीति

भारत द्वारा पहली बार आयोजित किए जाने वाले एससीओ सभ्यता संवाद फोरम को लेकर पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में रणधीर ने बताया कि समूह का यह नियम और प्रोटोकॉल रहा है कि जो भी देश संबंधित आयोजन की जिम्मेदारी संभालता है। उसे समूह के सभी सदस्य देशों व अन्य भागीदारों को इसमें भाग लेने के लिए आमंत्रित करना पड़ता है। इसी प्रक्रिया के तहत भारत ने पाकिस्तान सहित संगठन के सभी सदस्यों और भागीदार देशों को भी न्योता भेजा है। दूसरी ओर जहां तक पाकिस्तान के खिलाफ हमारी नीति का सवाल है। उसमें पिछले साल 22 फरवरी 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद से कोई परिवर्तन नहीं आया है।

कैप्टन मच्छार यूएई द्वारा सम्मानित


राष्ट्रपति नाहयान (इनसेट में) मच्छार को गले लगाते हुए

यूएई के क्राउन प्रिंस मच्छार को 'ऑर्डर ऑफ जायद II' से सम्मानित करते हुए

हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली। फ्लाईदुबई फ्लाइट को अपहरण होने से बचाने के लिए जान की बाजी लगाने को तैयार भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मच्छार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने सर्वोच्च सम्मान से नवाजा है। राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने मच्छार समेत विमान के अन्य चालक दल सदस्यों को प्रथम श्रेणी के 'ऑर्डर ऑफ जायद II' से सम्मानित किया है। दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम ने चालक दल को यह सम्मान प्रदान किया। उन्होंने कहा कि कैप्टन स्मित मच्छर ने हिम्मत, जिम्मेदारी और इंसानी जान की परवाह करने की मिसाल पेश की। हमें गर्व है कि वे हमारी टीम का हिस्सा हैं, हमारे देश की कहानी का हिस्सा हैं और यूएई की पहचान का हिस्सा हैं। इस दौरान यूएई के उपराष्ट्रपति, पीएम और दुबई के शासक शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

स्पेन में भीषण रेल हादसा

हाई स्पीड ट्रेन टकराईं, 68 की मौत, बचाव अभियान जारी

एजेंसी ▶▶ मैड्रिड

स्पेन के टोलेडो प्रांत में बुधवार को दो हाई-स्पीड ट्रेनों के बीच टक्कर में कम से कम 68 लोगों की मौत की खबर है। हादसे में रेनफे एवीई और निजी कंपनी इर्यो की ट्रेन शामिल थीं। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।

स्थानीय समयानुसार सुबह 8:54 बजे उर्दा रेलवे स्टेशन के पास हुई भीषण टक्कर के बाद आपातकालीन सेवाओं को मौके पर बुलाया गया। कैस्टिला-ला मांचा की 112 आपातकालीन सेवा के अनुसार, हादसे के बाद अल्काजार डी सैन जुआन और ऑर्गाज से दमकलकर्मियों, आसपास की नगरपालिकाओं से नागरिक सुरक्षा दलों और तीन मेडिकल हेलिकॉप्टरों को घटनास्थल पर भेजा गया।


हादसे में क्षतिग्रस्त ट्रेन

वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत-ऑस्ट्रिया की मुलाकात

अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए दोनों मिलकर काम करने को सहमत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और ऑस्ट्रिया ने अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए मिलकर काम करने की इच्छा जताई है। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने ऑस्ट्रिया की विदेश मंत्री बीएटे माइनल-राइजिंगर से मुलाकात के दौरान कहा कि मौजूदा वैश्विक हालात जटिल हैं और ऐसे समय में दोनों देशों के बीच बातचीत जरूरी है।

बैठक में द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा करने, पहले हुए समझौतों पर प्रगति जानने और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करने पर जोर दिया गया। जयशंकर ने कहा कि भारत और ऑस्ट्रिया के संबंध गर्मजोशी और मित्रता पर आधारित हैं।


बीएटे राइजिंगर और जयशंकर

आर्थिक सहयोग को और बेहतर बनाएंगे

जयशंकर ने कहा कि भारत और ऑस्ट्रिया के बीच आर्थिक सहयोग अच्छा चल रहा है, लेकिन इसे और बेहतर बनाया जा सकता है। उन्होंने विज्ञान एवं तकनीक, जलवायु संबंधी मुद्दों और दोनों देशों के लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने पर भी जोर दिया। उनके मुताबिक, इन क्षेत्रों में आपसी सहयोग को गहरा करने की काफी गुंजाइश है। बैठक में इन संबंधों की मौजूदा स्थिति की समीक्षा और भविष्य में सहयोग बढ़ाने के अवसरों पर चर्चा की गई।

देश में जारी आतंरिक संघर्ष के बीच सेना ने अपने ही लोगों को निशाना बनाया

सूडान में ड्रोन से हमला, 100 से अधिक लोगों की मौत

एजेंसी ▶▶ दारफुर

सूडान में जारी आंतरिक संघर्ष ने एक बार फिर भयानक रूप अख्तियार कर लिया है। दक्षिण दारफुर प्रांत के प्रमुख शहर न्याला में सोमवार शाम एक व्यस्त बाजार को निशाना बनाकर किए गए घातक ड्रोन हमले में भारी तबाही मची है, जिसमें 100 से ज्यादा लोगों की जान चली गई और बड़ी संख्या में नागरिक जख्मी हुए हैं।

- डुमाया के तानकोंग बाजार में बरपा कहर
- 150 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल

स्थानीय मानवाधिकार निगरानी संस्था 'इमरजेंसी लॉयर्स' तथा अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह हमला न्याला के डुमाया उपनगर स्थित लोकप्रिय 'तानकोंग बाजार' में उस वक्त हुआ जब बड़ी संख्या में स्थानीय लोग खरीदारी और खान-पान में व्यस्त थे। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि व्यस्त समय में बाजार के बीचों-बीच विस्फोटक गिराए गए, जिससे चारों तरफ अफरा-तफरी मच गई।


हमले का दृश्य

संगठनों से स्वतंत्र जांच की मांग की

न्याला वर्तमान में अर्धसैनिक संगठन 'रैपिड सपोर्ट फोर्सेज' (आरएसएफ) के कब्जे में है। आरएसएफ ने इस बर्बर हमले के लिए नियमित सूडानी सेना (एसएएफ) को जिम्मेदार ठहराते हुए घटना की निष्पक्ष और अंतरराष्ट्रीय जांच कराने की मांग उठाई है। दूसरी तरफ, 'दारफुर विक्टिम्स ऑर्गनाइजेशन' के मुताबिक हताहतों में बड़ी संख्या में महिलाएं और मासूम बच्चे शामिल हैं।

बढ़ सकता है मृतकों का आंकड़ा

वैश्विक मानवीय संस्था 'डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स' ने जानकारी दी कि हमले के तुरंत बाद न्याला स्थित उनके चिकित्सा केंद्र में 36 शव लाए गए, जबकि आपातकालीन वार्ड में 150 से अधिक गंभीर रूप से घायल लोगों को भर्ती कर उपचार दिया जा रहा है। अधिकार समूहों का अनुमान है कि मृतकों और घायलों का कुल आंकड़ा 200 के पार पहुंच चुका है।

सोमालिया में आतंकी हमला, 20 सैनिकों की मौत

मोगादिशु। सोमालिया में एक बड़ा आतंकी हमला हुआ है। इस्लामी चरमपंथी लड़ाकों ने घात लगाकर किए गए हमले में सोमालिया के कम से कम 20 सैनिकों को मार डाला। हमले में बचे एक सैन्य अधिकारी ने यह जानकारी दी।


सर्बिया में पुलिसकर्मी पर हमला, आरोपी मारा गया

बेलग्रेड। सर्बिया की राजधानी बेलग्रेड में बुधवार को इजराइली दूतावास के बाहर एक नाबालिग ने दो चाकू लेकर पुलिसकर्मी पर हमला कर दिया। उसने 'अल्लाहु अकबर' का नारा लगाया। जवाब में पुलिसकर्मी ने गोली चलाई, जिससे हमलावर की मौत हो गई। घटना के बाद सर्बिया में सुरक्षा का स्तर बढ़ाकर रेड कर दिया गया, जो देश में खतरे का सबसे ऊंचा स्तर है।

भारत-मेक्सिको के बीच बड़ी पहल

व्यापार समझौते के लिए पीटीए वार्ता शुरू, घटेगा आयात शुल्क

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और मेक्सिको ने आर्थिक संबंधों को नई मजबूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए वरीयतापूर्ण व्यापार समझौते (प्रीफ्रेंशियल ट्रेड एग्रीमेंट-पीटीए) के लिए औपचारिक रूप से वार्ता शुरू कर दी है।

दोनों देशों ने इसके लिए टर्म्स ऑफ रेफरेंस (टीओआर) पर हस्ताक्षर किए, जिससे व्यापार समझौते पर बातचीत का रास्ता साफ हो गया है। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल और मेक्सिको के विदेश व्यापार उपमंत्री लुइस रोसेन्डो गुटिरेज रोमानो ने संयुक्त रूप से इस वार्ता प्रक्रिया का शुभारंभ किया। वाणिज्य विभाग ने कहा कि दोनों देशों का साझा उद्देश्य व्यापार का विस्तार करना, निवेश को बढ़ावा देना, सप्लाई चेन को मजबूत बनाना और दोनों देशों के कारोबारों के लिए नए अवसर पैदा करना है।


राजेश अग्रवाल और लुइस रोमानो

दो बसों पर 20 हजार रुपए का जुर्माना, कार्रवाई के बाद कराई परिसर की सफाई और धुलाई

आईएसबीटी में निगम की कार्रवाई, 15 बसें हटाईं, एक जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आईएसबीटी परिसर में लंबे समय से खड़ी गैर संचालित बसों के कारण जगह घिर रही थी। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर ननि के अमले ने कार्रवाई करते हुए 15 बसें हटवाईं, जबकि एक बस जब्त कर ली। सितंबर से परिसर में खड़ी दो बसों पर 10-10 हजार का जुर्माना भी लगाया गया। बसों को हटाने के बाद परिसर में जमा कचरा, कीचड़ और गंदगी साफ कराई गई। निगम आयुक्त ने हाल ही में आईएसबीटी का निरीक्षण किया था। इस दौरान उन्होंने लंबे समय से खड़ी और गैर संचालित बसों को हटाने के साथ परिसर की साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए थे। इन्हीं निर्देशों के पालन में निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते, अग्निशमन और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की।


कार्रवाई करता हुआ नगर निगम अमला।

पहले मुनादी कराई, फिर हटाईं बसें

कार्रवाई से पहले निगम अमले ने आईएसबीटी परिसर में मुनादी कराकर बसों को हटाने के लिए कहा। इसके बाद बसों को हटाने की प्रक्रिया शुरू की गई। कार्रवाई के दौरान वर्मा ट्रेवल्स की 13 और भोपाल ट्रेवल्स की दो बसें परिसर से हटवाई गईं। वहीं, माला ट्रेवल्स की एक बस जब्त कर क्रेन की मदद से अन्ना नगर गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन पहुंचाई गई। निगम ने सितंबर महीने से आईएसबीटी परिसर में खड़ी भोपाल ट्रेवल्स की दो बसों पर 10-10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। इस तरह दोनों बसों पर कुल 20 हजार रुपये की पेनल्टी की गई।



बसें हटने के बाद कराई सफाई

बसों को हटाने के बाद निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले ने बस स्टैंड क्षेत्र में सफाई कराई। परिसर में जमा कचरा, कीचड़ और गंदगी उठवाई गई। इसके बाद पूरे क्षेत्र की धुलाई भी की गई। निगम की इस कार्रवाई का उद्देश्य परिसर में लंबे समय से खड़ी गैर संचालित बसों को हटाकर जगह खाली कराना और बस स्टैंड की सफाई व्यवस्था बेहतर करना है।

करवा चौथ व्रत: पूजा के लिए जोड़ों ने मंदिरों में कराई बुकिंग, होंगे सामूहिक आयोजन

शुक्रादित्य योग, परिधि, गौरी सहित करीब आठ शुभ योगों के महासंयोग में सुहागिनें आज रखेंगी उपवास

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सुहागिनों का सबसे बड़ा त्योहार करवा चौथ गुरुवार को मनाया जाएगा। पंडितों के अनुसार कई साल बाद इस बार करवा चौथ विशेष संयोग बन रहा है। जैसा कि यह प्रतीक है प्यार और सौभाग्य का। उसी के अनुसार इस पर्व पर प्रेम का बेहद शुभ योग बन रहा है।

पति की दीर्घायु की कामना के लिए महिलाएं निर्जला व्रत रखेंगी और शाम को चंद्र देव को अर्घ्य देने के बाद ही व्रत का समापन करेंगी। इस दिन चांद रात करीब 8.18 से 8: 26 के बीच दिखाई देगा। मां चामुंडा दरबार के पुजारी पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि इस साल करवा चौथ पर लक्ष्मी नारायण, राजयोग, बुधादित्य योग, त्रिग्रही योग, शुक्रादित्य योग, परिधि योग, गौरी योग और सर्वार्थ सिद्धि योग का संयोग बन रहा है।


न्यू मार्केट में करवाचौथ की खरीदारी करतीं महिलाएं।

सुखी वैवाहिक जीवन की कर रहीं कामना

सुहागिनें इसी संयोग में अखंड सौभाग्य और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना कर व्रत रखेंगी। इसके अलावा वृषभ राशि में चंद्रमा का गोचर है, जिससे महत्व और बढ़ गया है। कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि 28 अक्टूबर की रात 1:08 बजे से शुरू हो गई। जोकि 29 अक्तूबर की रात 11:11 बजे तक रहेगी।

पूजा का मुहूर्त और चंद्रमा को अर्घ्य देने का समय

करवा चौथ की पूजा शाम 6:30 बजे से रात 8:30 बजे तक शुभ मुहूर्त है। इस दौरान पूजा की जा सकती है। चंद्रमा को अर्घ्य देने का समय करीब 8.18 से 8: 26 के बीच बताया गया है। व्रती महिलाएं दिनभर निर्जला व्रत रखकर शाम को विधि-विधान से पूजा कर चंद्रमा के दर्शन के बाद अर्घ्य देकर व्रत खोलेंगी। पूजा में भगवान शिव, माता पार्वती और भगवान गणेश की आराधना भी की जाती है। करवा माता को पकवान, मिठाई, पूरी-सब्जी और अन्य व्यंजनों का भोग लगाया जाता है। पूजा के बाद परिवार के लोग प्रसाद ग्रहण करते हैं।

इन मंदिरों में की गई बुकिंग

करवा चौथ पर पूजा करने के लिए कई मंदिरों में जोड़ों ने पहले से बुकिंग कराई है। वहीं कई मंदिरों, संगठन, संस्थाओं और महिला मंडलों द्वारा करवा चौथ पर सामूहिक पूजन का आयोजन किया जाएगा। गुफा मंदिर के पंडित लेखराज शर्मा ने बताया कि करवा चौथ पर हर साल मंदिर में पति और पत्नी जोड़ो से सुबह अभिषेक पूजन करते हैं। उन्होंने बताया कि कुछ जोड़ों ने अभिषेक पूजन की बुकिंग कराई है। वहीं पटेल नगर स्थित दादा जी धाम में भी जोड़ों ने अभिषेक पूजन कराने के लिए बुकिंग कराई है। इसके अलावा नार्मदीय भवन में समाज की महिलाएं सामूहिक पूजन करेंगी। चुनाभट्टी स्थित जानकी नगर में महिलाएं सामूहिक पूजन करेंगी।

चन्द्रमा अमृत कारक ग्रह गुरु

पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि चन्द्रमा को अमृत कारक ग्रह बताया गया है।

भोपाल के बाजारों में बना उत्सव का माहौल

करवा चौथ का पर्व आज है, इसके पूर्व राजधानी भोपाल के बाजारों में खरीदारी रौनक बनी हुई है। सुहाग की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना के साथ व्रत रखने वाली महिलाएं पर्व की तैयारियों में जुटी हैं। बुधवार को राजधानी के सभी बाजार देर रात तक खरीदारी से गुलजार रहे। साड़ी, लहंगे, चूड़ियां, सौंदर्य प्रसाधन, आभूषण और पूजा सामग्री की दुकानों पर ग्राहकों की खासी भीड़ रही। त्योहारी खरीदारी बढ़ने से व्यापारियों के चेहरे भी खिले नजर आए।

विमल साड़ी एम्पोरियम के संचालक नीलेश अग्रवाल के अनुसार करवा चौथ के लिए महिलाएं पारंपरिक परिधानों को प्राथमिकता दे रही हैं। जिसके चलते लाल, गुलाबी, मैरून और पीले रंग की साड़ियों के साथ लहंगे और आकर्षक सूट पसंद कर रही हैं। चूड़ी, बिंदी, सिंदूर और अन्य सौंदर्य प्रसाधनों की दुकानों पर भी अच्छी ग्राहकी है। महिलाएं अपनी पसंद और बजट के अनुसार श्रृंगार का सामान खरीद रही हैं। मेहंदी लगवाने के लिए भी बाजारों और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के आसपास महिलाओं की भीड़ जुट रही है।

करवा, छलनी और पूजा सामग्री की खरीदारी: पर्व को लेकर मिट्टी और पीतल के करवे, छलनी, सींक, दीपक तथा करवा चौथ कैलेंडर की मांग बढ़ी हुई है। इसके साथ ही व्रत से पहले सरगी की तैयारी के लिए फेनी, मठरी, फल, मिठाइयों और सूखे मेवों की खरीदारी भी की जा रही है।

चंदाना जहरीली शराब कांड

केमिकल सप्लाई के मामले में इंदौर का अमन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

चंदाना में अवैध शराब से जुड़ी मौतों के मामले में पुलिस की जांच अब केमिकल और थिनर की सप्लाइ तक पहुंच गई है। कोतवाली पुलिस ने इंदौर निवासी अमन पुत्र आनंद कासलीवाल को भी प्रकरण में आरोपी बनाकर गिरफ्तार किया है।

आरोप है कि अमन ने शराब बनाने में इस्तेमाल किए जाने वाले केमिकल की सप्लाई आरोपियों को की थी। अमन के पिता आनंद कासलीवाल कांग्रेस के संभागीय प्रवक्ता हैं। हालांकि, कासलीवाल की ओर से जारी स्पष्टीकरण में केमिकल के अवैध उपयोग की जिम्मेदारी से इनकार करते हुए व्यापार को वैध बताया गया है। पुलिस इस मामले में चंदाना निवासी विनोद जायसवाल, अजय राठौर सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ पहले ही कार्रवाई कर चुकी है। 26 अक्टूबर को प्रतापनगर-अंबेडकर नगर क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान विनोद जायसवाल, अजय राठौर और रामेश्वर सोनगरा को पकड़ा गया था।

पुलिस के अनुसार, अब तक इस प्रकरण में 11 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी अजय ने इंदौर में अमन कासलीवाल के कार्यालय में जाकर मुलाकात की थी। सूत्रों के अनुसार, एक अक्टूबर को अमन की एजेंसी से गोविंद के नाम पर मिक्स साल्वेंट खरीदने का बिल मिला है।

मिसरोद में 45 मीटर सड़क का विरोध, लगे पोस्टर

भोपाल। मास्टर प्लान-2047 के ड्राफ्ट में मिसरोद की ग्राम आबादी के बीच से प्रस्तावित 45 मीटर चौड़ी सड़क को लेकर विरोध तेज हो गया है। मिसरोद के रहवासी और किसानों ने सड़क के विरोध में पोस्टर वार शुरू कर दिया है। घर-दुकानों के बाहर पोस्टर लगा दिए गए। जिसमें लिखा कि जब तक सड़क हटेगी नहीं, तब तक किसी को वोट मिलेगा नहीं। इसके साथ ही पोस्टर पर 'राजनीतिक व्यक्तियों का प्रवेश निषेध है' लिखकर अपना विरोध दर्ज कराया गया है। रहवासियों और किसानों का कहना है कि प्रस्तावित सड़क से मिसरोद की मौजूदा ग्राम आबादी, सैकड़ों परिवारों के मकान, किसानों की कृषि भूमि और आजीविका प्रभावित होने की आशंका है। उनका आरोप है कि विकास के नाम पर गांव के मूल स्वरूप और सामाजिक-सांस्कृतिक संरचना को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए।

कृष्णा और सूर्यवंशी ने किया भूमिपूजन

वार्ड क्र. 72 में 25 लाख से बनेगा सामुदायिक भवन


वार्ड क्र 72 में सामुदायिक भवन का लोकार्पण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर के वार्ड 72 में प्राचीन श्रीराम मंदिर के पास 25 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाएगा। बुधवार को पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कृष्णा गौर और नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। इस भवन का निर्माण निगम अध्यक्ष की निधि से उपलब्ध कराई गई राशि से किया जाएगा। सामुदायिक भवन बनने से क्षेत्र के लोगों को सामाजिक, सांस्कृतिक और सामुदायिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए जगह उपलब्ध होगी। स्थानीय स्तर पर होने वाले विभिन्न आयोजनों के लिए लोगों को सुविधा मिलेगी। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने कहा कि भोपाल में विकास कार्यों को लगातार गति देने और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। सूर्यवंशी ने कहा कि सामुदायिक भवन क्षेत्रवासियों के लिए उपयोगी साबित होगा। यहां सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ अन्य सामुदायिक आयोजन भी किए जा सकेंगे।

143 प्रकरणों का निराकरण

17 संयुक्त बेंचों के माध्यम से 554 केसों की सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र राज्य महिला आयोग की संयुक्त बेंच में 51 प्रकरण सुनवाई के लिए प्रस्तुत किए गए। आयोग की अध्यक्ष श्रीमती रेखा यादव, सदस्य साधना स्थापक एवं सचिव सुरेश तोमर ने आवेदकों और अनावेदकों के पक्ष सुने तथा संबंधित प्रकरणों में नियमानुसार कार्रवाई की प्रक्रिया पर विचार किया।

जनसुनवाई में महिला प्रताड़ना, दहेज संबंधी शिकायतों, घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर उत्पीड़न, पारिवारिक विवाद, साइबर अपराध एवं संपत्ति संबंधी मामलों सहित विभिन्न शिकायतों पर सुनवाई की गई। इनमें महिला प्रताड़ना के 15, दहेज संबंधी 9, घरेलू अत्याचार के 9, कार्यस्थल पर प्रताड़ना के 3, पारिवारिक विवाद के 3, मारपीट और संपत्ति विवाद के 2-2 प्रकरण शामिल थे।

लंबित शिकायतों के निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता

मप्र राज्य महिला आयोग में मई 2026 में अध्यक्ष एवं सदस्यों के नवीन मनोनयन के समय कुल 31 हजार 825 शिकायतें लंबित थीं। इन प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के उद्देश्य से प्रदेशभर में 17 संयुक्त बेंच आयोजित की गईं। इन बेंचों में 554 प्रकरणों की सुनवाई की गई, जिनमें से 143 प्रकरणों का निराकरण किया गया। इसके अतिरिक्त आयोग ने लंबित शिकायतों में संबंधित विभागों से प्रतिवेदन प्राप्त करने के आधार पर 3 हजार 243 शिकायतों का निराकरण किया गया है। वर्तमान में आयोग में 28 हजार 429 प्रकरण लंबित हैं। आयोग की अध्यक्ष यादव ने कहा कि महिलाओं की शिकायतों का समयबद्ध, निष्पक्ष एवं संवेदनशील निराकरण आयोग की प्राथमिकता है।



एम्स के डॉ. वरुण ने सिखाया सांसों से शांति का विज्ञान

सत्र का नाम था, ब्रीद, ब्रेन एंड काम

कुछ ही मिनटों में धीमी गहरी सांस से ऑक्सीजन लेवल 77 प्रतिशत से बढ़कर पहुंचा 83 प्रतिशत पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एम्स भोपाल के डॉ वरुण मल्होत्रा ने धर्मशाला में बड़ा संदेश दिया। उन्होंने बताया कि सांस ही शांति की कुंजी है। वे 8वें अंतर्राष्ट्रीय लेह सिम्पोजियम में वक्ता बने। उन्होंने ध्यान और सांस के विज्ञान को समझाया। यह सिम्पोजियम हाइपोबैरिक हाइपोक्सिक सोसाइटी दिल्ली ने कराया।

विषय हाइपोक्सिया में फुफ्फुसीय रोगों के लिए चिकित्सीय लक्ष्य था। हाइपोक्सिया यानी शरीर में आक्सीजन की कमी। डॉ मल्होत्रा ने 90 मिनट का सत्र लिया। सत्र का नाम था, ब्रीद, ब्रेन एंड काम। इसमें उन्होंने योगदा सत्संग परंपरा से परिचय कराया। प्रार्थना हुई। मंत्रोच्चार हुआ।



सांस की जागरूकता का अभ्यास हुआ। प्रगतिशील विश्राम भी हुआ। विजुअलाइजेशन भी कराया गया। पैनल चर्चा में डॉ मल्होत्रा ने वीडियो दिखाया। वीडियो में पल्स आक्सीमीटर लगा था। आक्सीजन संतृप्ति 77 से बढ़कर 83 प्रतिशत हो गई। यह बदलाव कुछ ही मिनटों में हुआ। डॉ मल्होत्रा ने कहा कि यह निष्कर्ष बहुत अहम है। यह अमरनाथ और माउंट कैलाश जैसे ऊंचे स्थानों पर काम आएगा। वहां जाने वाले सैनिकों को फायदा होगा। ट्रेकरों को भी फायदा होगा। तीर्थयात्रियों को भी मदद मिलेगी।

सिखाई 20:20:20 सांस तकनीक

डॉ मल्होत्रा ने 20:20:20 सांस तकनीक भी सिखाई गई। इसमें 10 की गिनती में सांस लेना है। फिर रोकना है। फिर छोड़ना है। डॉ मल्होत्रा ने विज्ञान भी बताया। धीमी गहरी सांस से शांत करने वाला तंत्रिका तंत्र सक्रिय होता है। हृदय गति परिवर्तनशीलता बेहतर होती है। ध्यान से मस्तिष्क का डिफाल्ट मोड नेटवर्क बढ़लता है। ध्यान लगाने की क्षमता बढ़ती है। ध्यान मस्तिष्क के तीन हिस्सों पर असर डालता है। ये हैं प्रीफ्रंटल कार्टेक्स, एंटीरियर सिंगुलेट कार्टेक्स और एमिग्डाला।

तकनीक में एक कदम और आगे मप्र विधानसभा पेपरलेस होगा अगला सत्र

जनसमस्याओं को हल करने में अधिक सक्षम होगी ई-विधानसभा, डिजिटाइजेशन से तेजी से होगा काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र विस के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि पहले जब विधायकों को प्रश्न लिख कर जमा करने होते थे, तब विस के एक सत्र में औसत 700 प्रश्न तक आया करते थे। ऑनलाइन व्यवस्था होने के बाद एक सत्र में प्रश्नों की संख्या चार हजार तक पहुंच गई है जो हर सदस्य के क्षेत्र की आवाज हैं। जब इतनी बड़ी संख्या में समस्याएं सरकार तक पहुंचती है और इनका निराकरण करने के लिए व्यवस्थाओं को अधिक सक्षम बनाती है। मप्र विस के अध्यक्ष तोमर ने राष्ट्रीय ई-विधान एप्लीकेशन नेवा के अंतर्गत विधायकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए यह विचार व्यक्त किए।

नेवा का विधायकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

समस्या हल करने व्यवस्थाओं को बनाते हैं सरल



मप्र विधानसभा में मौजूद सदस्यगण।

हमें आगे बढ़ाना है तो युग के साथ

अपने मुख्य उद्बोधन में विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने कहा कि लंबे समय से हम सब लोग डिजिटाइजेशन की प्रक्रिया पर काम कर रहे थे, प्रसन्नता है कि अब यह कार्य अंतिम चरण में है। हम सभी जानते हैं कि अगर हमें आगे बढ़ाना है तो युग के साथ प्रतिस्पर्धा करनी होगी। जब भी कोई नई तकनीक आती है तो एक पक्ष उस नई विधा का विरोध करता है और एक पक्ष उसे नई विधा को अस्त्र बनाकर प्रतिस्पर्धा में अन्य लोगों के साथ विजय प्राप्त करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दूरदृष्टि वाले नेता हैं। अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल के शुरुआती दौर में जब उन्होंने डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया, स्किल इंडिया का लक्ष्य रखा तो इन्हें नारा माना गया।

तब मेरे लिए भी तकनीक का उपयोग आसान नहीं था

विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने तकनीक के विस्तार पर अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि जब वे केंद्र सरकार में मंत्री बने तो प्रधानमंत्री मोदी को तकनीकी के प्रति बहुत सजग पाया। उनकी कोशिश रहती थी कि उनके साथ काम करने वाले अधिकारी, मंत्री व सांसद भी उतनी दक्षता से तकनीक का उपयोग करें। तोमर ने कहा कि तब मेरे लिए भी तकनीक का उपयोग आसान नहीं था। मैं बहुत धीरे-धीरे सीख रहा था।

नेवा के उपयोग पर प्रकाश डाला

लोक लेखा समिति के अध्यक्ष भंवर सिंह शेखावत ने नेवा के उपयोग पर प्रकाश डाला तथा इसे बेहतर तथा व्यापक बनाने के लिए सुझाव दिए। प्राक्कलन समिति के अध्यक्ष अजय विश्नोई ने नेवा की विषयवस्तु तथा महत्व को विस्तार से बताया। विधानसभा के प्रमुख सचिव अरविंद शर्मा ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने कहा कि ई विधानसभा होने के बाद विधानसभा के कार्य में कुशलता और पारदर्शिता आ सकेगी।

पहले सत्र में इन विधायकों का दिया गया प्रशिक्षण

विधानसभा क्रमांक के हिसाब से पहले दिन प्रथम सत्र में एक से 50 संख्या वाले विधायकों को प्रशिक्षण दिया गया। इसमें सरला विजेन्द्र रावत, अम्बरीष शर्मा, केशव देसाई, डॉ. सतीश सिकरवार, मोहन सिंह राठौड़, फूल सिंह बरैया, रमेश प्रसाद खटिक, कैलाश कुशवाहा, प्रीतम लोधी, महेन्द्र रामसिंह यादव, ऋषि अग्रवाल, पन्नालाल शाक्य, प्रियंका पेंची, जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, ब्रजेन्द्र सिंह यादव, एडवोकेट श्रीमती निर्मला सप्रे, इंजीनियर प्रदीप लारिया, वीरेन्द्र सिंह लोधी, नितेन्द्र ब्रिजेन्द्र सिंह राठौड़, अनिल जैन, जयन्त मलैया, हरदीप सिंह डंग, इंजीनियर नरेन्द्र प्रजापति, रामनिवास शाह, श्रीमती मनीषा सिंह, शिवनारायण ज्ञानसिंह, संदीप जायसवाल, अभिलाष पाण्डेय, अशोक ईश्वरदास रोहाणी, संजय उईके, विश्वनाथ सिंह, कंचन मुकेश तन्वे, भंवरसिंह शेखावत, श्याम बरडे।

संस्कृति मंत्री ने सुनी भाजपा कार्यकर्ताओं की विभिन्न समस्याएं



भोपाल। प्रदेश के संस्कृति मंत्री के मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी जनसमस्याओं एवं सुझावों को सुनकर संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। जिन प्रकरणों में विभाग की कार्रवाई आवश्यक है, उन्हें शीघ्र निराकरण के लिए संबंधित विभागों को भेजा गया।

■ समस्याओं के शीघ्र निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

मंत्री लोधी ने कहा कि कार्यकर्ताओं के माध्यम से प्राप्त जनसमस्याओं का गंभीरतापूर्वक परीक्षण कर प्राथमिकता के आधार पर उसके समाधान का प्रयास किया जाएगा। आमजन की जनसमस्याओं का समाधान और उन्हें शासन की योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ सुनिश्चित करना मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल के नेतृत्व में संगठन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

शहरी विकास मॉडल पर मंथन, मृगांका सक्सेना ने किया पैनल का संचालन

भविष्य में शहरों का सुनियोजित विकास आवश्यक, कॉन्क्लेव में बोले मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भविष्य को दृष्टिगत रखते हुए शहरों का नियोजन समुचित प्रकार से किया जाना बहुत जरूरी हो गया है। बुधवार को इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में 'मध्यप्रदेश अर्बन ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0' (रोड टू ग्लोबल ग्रोथ समिट 2027) हुई। कॉन्क्लेव में शहरी विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों, उद्योग प्रतिनिधियों, शैक्षणिक संस्थानों और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों की सहभागिता से 4 महत्वपूर्ण पैनल चर्चाओं (डिस्कशन) का आयोजन किया गया।

इन चर्चाओं में सुनियोजित शहरी विकास, आधुनिक अधोसंरचना, डिजिटल तकनीक, जलवायु अनुकूल शहरों के निर्माण, जल सुरक्षा, संसाधन प्रबंधन तथा शहरी निवेश एवं वित्तपोषण की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। प्रथम पैनल चर्चा में 'महानगरों से आगेः पुनर्घनत्वीकरण, ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट एवं ट्रांसफरेबल डेवलपमेंट राइट्स के माध्यम से शहरी विकास' विषय पर मंथन हुआ। पैनल का संचालन हैबिटेट टेक्टोनिक्स आर्किटेक्चर एंड अर्बनिज्म की संस्थापक भागीदार श्रीमती मृगांका सक्सेना ने किया।

विकास के बिना बेहतर जीवन सुविधाओं वाले शहरों का निर्माण संभव नहीं


सीएम ने अर्बन इनोवेशन गैलरी में प्रदर्शनी का किया अवलोकन।

मानकों के अनुरूप एकीकृत मास्टर प्लानिंग

डेला ग्रुप के अध्यक्ष एवं प्रबंध संचालक जिमी मिस्त्री ने मानव-केंद्रित शहरी विकास पर जोर देते हुए टीओडी, टीडीआर एवं एफएसआई मानकों के अनुरूप एकीकृत मास्टर प्लानिंग और दक्ष आर्किटेक्चर की सहभागिता को आवश्यक बताया। मेडुला सॉफ्ट टेक्नोलॉजीज के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी शांतनु शर्मा ने यातायात की वास्तविक मांग के अनुरूप नगर नियोजन, शहरी घनत्व के बेहतर प्रबंधन तथा लास्ट माइल कनेक्टिविटी पर जोर दिया।

पैनल प्रमुख एवं मप्र मेट्रो के प्रबंध संचालक कृष्ण चैतन्य ने कहा कि सुनियोजित विकास के बिना बेहतर जीवन सुविधाओं वाले शहरों का निर्माण संभव नहीं है। उन्होंने स्वच्छता, हरित ऊर्जा, बेहतर कनेक्टिविटी, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस तथा औद्योगिक एवं आर्थिक कॉरिडोर को शहरी विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। साथ ही टीडीआर नियमों एवं ऑनलाइन टीओडी पोर्टल की जानकारी दी। नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल, मप्र के अध्यक्ष विवेक दमानी ने नगर नियोजन में विकासकर्ताओं एवं उपभोक्ताओं की आवश्यकताओं को ध्यान में रखने तथा परियोजनाओं की समयबद्ध स्वीकृति के लिए सिंगल विंडो सिस्टम की आवश्यकता बताई।

आवश्यकताओं के अनुरूप लचीले नगर नियोजन पर जोर

नीति आयोग की कार्यक्रम निदेशक सुश्री एना रॉय ने शहरी विकास योजनाओं में अभिसरण एवं समन्वय की आवश्यकता बताते हुए मास रैपिड ट्रांजिट सिस्टम को पीपीपी मॉडल पर विकसित करने तथा भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप लचीले नगर नियोजन पर जोर दिया। द्वितीय पैनल चर्चा में 'सुधारों एवं डिजिटल सक्षमता के माध्यम से शहरी शासन की पुनर्कल्पना' विषय पर विचार-विमर्श किया गया। इसमें डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, ई-गवर्नेंस, डेटा प्रबंधन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं नागरिक-केंद्रित सेवाओं के विस्तार पर चर्चा हुई।

भोपाल की विकास योजना पर क्रेडाई ने उठाए सवाल

भोपाल। मध्यप्रदेश में आर्थिक विकास के रोडमैप को लेकर अब राजधानी भोपाल की उपेक्षा का सवाल उठने लगा है। इंदौर आर्थिक क्षेत्र-2047 की रिपोर्ट जारी होने के बाद क्रेडाई भोपाल ने राज्य सरकार से पूछा है कि जब अक्टूबर 2025 में भोपाल और इंदौर दोनों को ग्रोथ हब पहल के पहले चरण में शामिल किया गया था, तो भोपाल की आर्थिक विकास योजना अब तक सार्वजनिक क्यों नहीं हुई? संगठन ने सवाल उठाया है कि विकास की इस प्रक्रिया में राजधानी की प्राथमिकताएं और परियोजनाएं आखिर कब सामने आएंगी। बुधवार को इंदौर में आयोजित अर्बन ग्रोथ कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर आर्थिक क्षेत्र-2047 की रिपोर्ट जारी की। क्रेडाई भोपाल ने इस पहल का स्वागत किया, लेकिन साथ ही भोपाल के रोडमैप में हो रही देरी पर जवाब मांगा।

तैयार होगा मास्टर प्लान

राज्य सरकार और नीति आयोग की संयुक्त पहल के तहत इंदौर के आठ और भोपाल के छह जिलों की आर्थिक प्रोफाइल, प्राथमिक परियोजनाएं और विस्तृत विकास योजना तैयार की जानी थी। इसके लिए अगले वित्त वर्ष की शुरुआत तक आर्थिक मास्टर प्लान तैयार करने का लक्ष्य भी बताया गया था।

शौर्य और गौरवपूर्ण होंगे आर्मी डे परेड सहित अन्य कार्यक्रम

मुख्य सचिव बर्णवाल ने की आर्मी डे परेड की तैयारियों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल ने आगामी 15 जनवरी को भोपाल में आर्मी डे परेड के मुख्य आयोजन और इससे पूर्व होने वाले अन्य कार्यक्रमों को शौर्य और गौरवपूर्ण तरीके से मनाने के लिए सभी संबंधित विभाग को उत्कृष्ट व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन मार्गों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, जिससे नागरिकों को असुविधा न हों। उन्होंने निर्देश दिए कि वैकल्पिक मार्गों का सुधार कार्य करें और आवश्यक संकेत लगाएं, जिससे नागरिकों को बिल्कुल भी असुविधा नहीं हो। मुख्य सचिव बर्णवाल ने बुधवार को मंत्रालय में विभिन्न विभागों के साथ आयोजन स्थलों की व्यवस्था, सुरक्षा, यातायात, आवास, प्रोटोकॉल एवं प्रचार-प्रसार आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की तथा अब तक की गयी तैयारी की जानकारी ली।

शिफ्टिंग की कार्रवाई तय समय-सीमा में कर ली जाए

मुख्य सचिव बर्णवाल ने निर्देश दिए कि आर्मी डे परेड के मुख्य आयोजन के लिए भेल स्थित कालीबाड़ी मार्ग पुनरूद्धार और रिसर्फेसिंग सहित विद्युत लाइनों के शिफ्टिंग की कार्रवाई तय समय-सीमा में कर ली जाए। लोक निर्माण विभाग ने आश्वस्त किया कि ये सभी कार्य आगामी एक दिसंबर तक पूर्ण कर लिए जाएंगे। बैठक में बताया गया कि मुख्य आयोजन के लिए अतिविशिष्ट, विशिष्ट अतिथियों सहित लगभग 45 हजार दर्शकों के लिए बैठक, पेयजल, शौचालय, बैरिकेडिंग एवं सुरक्षा की व्यवस्थाएं किए जाने की योजना बनाकर लोक निर्माण विभाग, नगर निगम, जिला प्रशासन और पुलिस द्वारा समन्वय से कार्य प्रारम्भ किया गया है।

सांस्कृतिक कार्यक्रम और एयर-शो

टीटी नगर स्टेडियम में शौर्य संस्कृति कार्यक्रम तथा भोपाल अपर लेक में होने वाले एयर शो के लिए भी सेना के अधिकारियों से समन्वय कर आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। मुख्य सचिव बर्णवाल ने निर्देश दिए कि उक्त कार्यक्रमों में यातायात, पार्किंग, प्रवेश, निकास एवं समग्र सुरक्षा व्यवस्था की कार्य-योजना तैयार कर पुलिस आयुक्त भोपाल और ट्रैफिक पुलिस प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करे। मुख्य सचिव ने तीनों कार्यक्रमों के लिए अतिथियों के आवागमन एवं बैठक आदि व्यवस्था के लिए आरक्षित स्थानों की जानकारी ली और बेहतर क्रियान्वयन करने के लिए कहा।

पुलिस डायरी

थाने की लाइन में लगे थे साहब

राजधानी के एक थाना प्रभारी लंबे समय से अपने थाना क्षेत्र में अवैध नशे के कारोबार के लिए पहचाने जा रहे थे। लगातार उनके इलाके में बढ़ते नशे के कारोबार के बाद उन पर गाज गिरनी लाजमी थी, लेकिन गाज नशे के कारोबार में न गिरते हुए फड़ के कारोबार में गिर गई। साहब के जाते ही कई थाना प्रभारियों ने थाने में कमान संभालने अपनी जुगाड़ लगानी शुरू कर दी, लेकिन आलाधिकारियों ने थाने की कमान सोच समझकर ऐसा व्यक्ति की दी, जो बेहतर पुलिसिंग के लिए जाने जाते हैं और उन्हें कई बड़े प्रकरणों में टीम में शामिल किया गया। इधर पुराने साहब के जाते ही थाने के स्टाफ ने राहत की सांस ली। सुना था कि साहब कुछ कर्मचारियों के पीछे पड़े थे। कुछ तो फिल्ड में पदस्थ अच्छे पुलिसकर्मियों को थाने की गाड़ी तक चलाने के लिए मजबूर कर रहे थे।

आखिरकार यह थाना प्रभारी कैसे नजर से बच गए

पुलिस कमिश्नर संजय कुमार जन संवाद के जरिये बेहतर पुलिसिंग और थाना प्रभारी सहित स्टाफ पर नजर रखें हुए है। लगातार जन संवाद से अब मुखबिरी नहीं, बल्कि समस्याएं सीधे कमिश्नर तक पहुंच रही है। शिकायत के बाद कमिश्नर अपनी विशेष टीम से रेड करवाकर कार्रवाई कर रहे हैं। यदि इलाके में चल रही अनैतिक गतिविधियों में थाना प्रभारी की भूमिका संदिग्ध नजर आती है तो उन्हें सीधे निलंबित किया जा रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि अब तक चार थाना क्षेत्रों में अवैध जुए की फड़ के बाद कमिश्नर सख्त हो चुके हैं और तीन थाना प्रभारियों पर तत्काल निलंबन की कार्रवाई कर चुके हैं। ऐसे में एक थाना प्रभारी पर कार्रवाई नहीं होने से प्रभावित थाना प्रभारी ने दबी जुबान से अपना विरोध जताना शुरू कर दिया है।

अब लाइन क्लीयर हुई, पर काम में नहीं सुधार

राजधानी के थाना प्रभारी अपने सहकर्मी से परेशान थे। उनकी परेशानी का खुद ही समाधान हो गया। सहकर्मी को अपनी ही गलती से थाने से बाहर कर दिया गया। अब साहब की लाइन क्लीयर हो गई है, लेकिन लाइन नहीं मिल रही है। यानी की कार्रवाई पहले से कम हो गई है। समकक्ष सहकर्मी होने के कारण दोनों के बीच प्रतिस्पर्धा सी चल रही थी। अब सहकर्मी की छुट्टी होने के कारण प्रतिस्पर्धा भी कम हो गई और कार्रवाई भी कम हो गई। हालात यह हो गए कि महीनेभर के भीतर कोई भी बड़ी कार्रवाई नहीं की जा सकी। यह वही थाना प्रभारी है जिनके थाना क्षेत्र में स्पा सेंटर में कार्रवाई हुई थी, लेकिन कुछ खास हाथ नहीं लगा। कारण यह है कि एक प्रधान आरक्षक ने स्पा के संचालकों को पहले ही कार्रवाई की मुखबिरी कर दी थी।

यह कैसी चौकी खुद ही कर्मचारी और चौकी प्रभारी

देहात में लगातार पुलिसबल की कमी होती जा रही है। देहात के थानों में कोई अपना ट्रांसफर कराना नहीं चाहता। देहात में यह आलम हो गए है कि दूर दराज के थानों में तो कर्मचारी रहना ही नहीं चाहते हैं। वह अक्सर आलाधिकारियों के पास थाना बदलने की गुहार लेकर पहुंच जाते है। देहात के थानों में ईटखेड़ी, परवलिया और बिलखिरिया थाने ऐसे हैं यहां पर कर्मचारी अपनी प्राथमिकता दर्ज कराते हैं। दरअसल, यह सभी थानों की सीमा शहर से लगी हुई है। देहात की एक चौकी के हालत तो कुछ इस तरह हो गए हैं कि चौकी प्रभारी ही चौकी का कर्मचारी बन गया। चौकी में केवल चौकी प्रभारी ही है। इनके साथ कोई कर्मचारी नहीं है। अब चौकी के आसपास गांव में कुछ होता है तो चौकी प्रभारी को सुरक्षा समिति के लोगों को साथ ले जाना पड़ता है।

प्रकाश भोमरकर

बैठक में प्रमुख सचिव सुखबीर सिंह रहे मौजूद

मुख्यमंत्री से फ्रांस के महावाणिज्य दूत पैट्रिक लेवेरिनो ने की शिष्टाचार भेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से बुधवार को मुम्बई में फ्रांस के महावाणिज्य दूत पैट्रिक लेवेरिनो के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में शिष्टाचार भेंट की।

मुख्यमंत्री ने फ्रांस के महावाणिज्य दूत का मप्र की धरती पर स्वागत करते हुए अंगवस्त्र पहनाकर सम्मान किया। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल से आत्मीय चर्चा में कहा कि आप सब मध्यप्रदेश को फ्रांस का भरोसेमंद साझेदार मानें।



सीएम ने फ्रांस की कंपनियों को दिया न्योता

उन्होंने महावाणिज्य दूत से कहा कि अगले साल (संभवतः फरवरी 2027 में) भोपाल में ही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट होने जा रही है। महावाणिज्य दूत इसमें फ्रांस की कम्पनियों का प्रतिनिधिमंडल लेकर जरुर आएं। एमपीआईडीसी इस काम के लिए आईएफसीसीआई और महावाणिज्य कार्यालय के साथ सम्पर्क, सहयोग और समन्वय का काम करेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुखबीर सिंह सहित महावाणिज्य कार्यालय के सीनियर आफिसर्स भी उपस्थित थे।

एपस्टीन केस में पटवारी, यादव और वर्मा ने भाजपा को घेरा

केंद्रीय मंत्री पुरी की भाजपा से राज्यसभा उम्मीदवारी पर प्रदेश में सियासी घमासान

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

भाजपा द्वारा केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी को मप्र से राज्यसभा उपचुनाव का उम्मीदवार बनाए जाने को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार और भाजपा नेतृत्व पर तीखा हमला बोला है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव और पूर्व कैबिनेट मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने संयुक्त रूप से मोर्चा खोलते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चित 'जेफरी एपस्टीन' प्रकरण में हरदीप सिंह पुरी का नाम आने का मुद्दा उठाया है। हालांकि केंद्रीय मंत्री पुरी ने इन आरोपों और चर्चाओं को पहले ही सिरे से खारिज करते हुए स्पष्ट किया था कि उनके आधिकारिक जीवन में हुई सामान्य मुलाकातों का एपस्टीन के किसी भी आपराधिक कृत्य से कोई संबंध नहीं रहा है। इसके बावजूद, उपचुनाव की घोषणा के साथ ही कांग्रेस के आक्रामक रुख ने प्रदेश में इस मुकाबले को पूरी तरह गरमा दिया है।



दिखाए काले झंडे

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी ने कहा कि भाजपा नैतिकता और शुचिता का ढोंग करती है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एपस्टीन से जुड़ी फाइलों और संपर्कों को लेकर गंभीर खुलासे हुए हैं, तब केंद्र सरकार और भाजपा नेतृत्व को देश के सामने स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए थी। पटवारी ने आरोप लगाया कि जवाबदेही तय करने के बजाय भाजपा ने विवादों के घेरे में आए नेता को मध्य प्रदेश के रास्ते राज्यसभा भेजने का फैसला कर प्रदेश की जनता, जनप्रतिनिधियों का अपमान किया है।

नागरिकों को सस्ता, अच्छा इलाज उपलब्ध कराने के लिए फाउंडेशन को दी बधाई

सीएम ने इंदौर में हुए शंकरा आई फाउंडेशन के स्वर्ण जयंती समारोह में की सहभागिता

परमार्थ ही सच्ची मानव सेवा, शंकरा आई फाउंडेशन ने पांच दशकों में लाखों परिवारों के जीवन में लौटाई गई रौशनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारी संस्कृति में जीवात्मा की सेवा को ही सर्वोच्च धर्म माना गया है। शंकरा आई फाउंडेशन ने पांच दशकों से निष्ठा और समर्पण के साथ जरूरतमंदों की नेत्र चिकित्सा कराकर 'नर सेवा ही नारायण सेवा' के संकल्प को साकार किया है। किसी व्यक्ति की आंखों की रौशनी लौटने से उसके जीवन में ही नहीं, पूरे परिवार में खुशियां लौट आती हैं।

डॉ. यादव बुधवार को इंदौर में हुए शंकरा आई फाउंडेशन के स्वर्ण जयंती समारोह को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने फाउंडेशन के संस्थापक एवं मैनेजिंग ट्रस्टी पद्मश्री डॉ. आरवी रमानी, सह-संस्थापक डॉ. राधा रमानी सहित फाउंडेशन के सभी समर्पित चिकित्सकों और कर्मठ कर्मचारियों को 50 वर्षों की सफल सेवा यात्रा पूर्ण करने पर मप्र सरकार की ओर से बधाई दी।


इंदौर में शंकरा आई फाउंडेशन के स्वर्ण जयंती समारोह को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संबोधित करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

छोटी शुरुआत, सेवा का व्यापक विस्तार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मई 1977 में कांची के शंकराचार्यों से प्रेरणा लेकर डॉ. आर.वी. रमानी और डॉ. राधा रमानी ने तमिलनाडु के कोयंबटूर में जरूरतमंदों की सेवा के उद्देश्य से एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की शुरुआत की थी। आज यह पहल देश के दस राज्यों तक पहुंच चुकी है। फाउंडेशन के 14 सुपर स्पेशियलिटी नेत्र अस्पतालों में प्रतिदिन एक हजार से अधिक मरीजों को उपचार की सुविधा मिल रही है। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन में लगभग 80 प्रतिशत लोगों का नेत्र उपचार निःशुल्क किया जाता है, शेष 20 प्रतिशत लोग ही भुगतान कर उपचार प्राप्त करते हैं।

नेत्रदान के प्रति जागरूकता जरूरी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नेत्रदान के प्रति समाज में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जागरूकता अभियान के जरिए इस पुनीत कार्य का संदेश जन-जन तक पहुंचाना होगा। उन्होंने कहा कि स्वर्ण जयंती समारोह इस संस्थान को भविष्य के लिए नए लक्ष्य तय करने का भी समय है। मुख्यमंत्री ने कामना करते हुए कहा कि शंकरा आई फाउंडेशन अपने पूर्ण सेवाभाव के साथ आगे बढ़ते हुए अधिकाधिक जरूरतमंदों तक गुणवत्तापूर्ण नेत्र उपचार की सुविधा पहुंचाएं। इससे पहले उप-मुख्यमंत्री लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राजेन्द्र शुक्ल ने भी वर्चुअली जुड़कर शंकरा आई फाउंडेशन के स्वर्ण जयंती समारोह को वर्चुअली संबोधित किया।

खबर संक्षेप



श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव आयोजित

औबेदुल्लागंज। बुधवार को सलकनी में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव में भाजपा नेता जय प्रकाश शर्मा सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने कथा व्यास पूज्य गौरीशंकर दुबे महाराज का आशीर्वाद लिया। आयोजक परिवार एवं ग्रामवासियों द्वारा जेपी शर्मा का स्वागत-सम्मान किया गया। इस अवसर पर उन्होंने धार्मिक आयोजनों को भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा और सामाजिक एकता का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। कार्यक्रम में आयोजक परिवार से कुंदनलाल लोवंशी, विष्णु प्रसाद लोवंशी सहित परिवार उपस्थित रहा। जय प्रकाश शर्मा के साथ मनीष गोसिंधे, बंटी तिवारी, विनोद नागर, डैनी साहू, मोहन पटेल नागरिक उपस्थित रहे।

जायसवाल का समर्थकों ने मनाया जन्मदिन

औबेदुल्लागंज। औबेदुल्लागंज हिंदू उत्सव समिति के कार्यकारी अध्यक्ष व्यापार महासंघ के उपाध्यक्ष अशोक जायसवाल का



बुधवार को जन्मदिन मनाया गया। केक काटे गए। सुजीत यादव, कैलाश डब्बू नागर, अशोक शर्मा, प्रदीप अरोड़ा, बल्लू अरोड़ा, अमित राय, सोनू राय, जगदीश चंदानी, आशीष दीक्षित, नीरज चावला, विवेक मित्तल, दिनेश सेन, राजू भाई पटेल, विक्रम धाड़ी, रतन मेघानी, रमेश वासवानी, मनोज मेघानी आदि ने अशोक जायसवाल को जन्मदिन की बधाई दी।

सारिका ने बताया चंद्र दर्शन का सटीक समय

भोपाल। चंद्रदर्शन से जुड़ा करवा चौथ का पर्व आज 29 अक्टूबर को श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। खगोलविज्ञान के अनुसार चंद्रोदय



के सटीक समय की जानकारी नेशनल अवॉर्ड प्राप्त सारिका घारू ने दी है। प्रदेश में चंद्रोदय की शुरुआत सबसे पहले सिंगरौली में रात 8:01 होगी तथा आलीराजपुर में रात 8:41 बजे के आसपास सबसे अंत में चांद के दर्शन होंगे। राजधानी भोपाल इन दोनों स्थानों के बीच में है और इसलिए यहा चंद्रोदय रात 8 बजकर 26 मिनट से आरंभ होगा। सारिका ने बताया कि दिया गया चंद्रोदय का समय क्षितिज से उदित होना आरंभ होने का है। इसको पूरी तरह उदित होने में 3 मिनट लगेंगे। आप जिस स्थान से चंद्रदर्शन करेगी। उसके सामने वृक्ष या बादल है तो तय समय से लगभग 15 मिनट के बाद चंद्रदर्शन होंगे।

शादी का प्रलोभन देकर नर्स का दैहिक शोषण

भोपाल। शादी का प्रलोभन देकर नर्स से एक साल तक दैहिक शोषण का मामला सामने आया है। नर्स ने जब शादी की बात आई तो आरोपी ने मोबाइल बंद कर लिया। लगातार प्रयास करने के बाद भी जब उससे संपर्क नहीं हो सका तो पीड़िता ने मंगलवारा पुलिस को शिकायत की थी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 34 साल की महिला प्राइवेट अस्पताल में नर्स है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि एक साल पहले उसकी असद से पहचान हुई थी। बातचीत के दौरान आरोपी ने उससे शादी करने का भरोसा दिलाया। आरोप है कि इसी बहाने वह महिला को मिलने के लिए होटल बुलाने लगा। वहां जबरदस्ती की। इसके बाद शादी का वादा दोहराकर वह महिला का शोषण करता रहा।

शुभांक

कल्याणः	3805		
दिनः	178	64	130
रातः	269	74	167
तारा:			
दिनः	156	27	124
रातः	237	20	460

अरेरा कॉलोनी की 66 वर्षीय महिला साइबर ठगी की शिकार

वाट्सएप पर आई एपीके फाइल खोलते ही मोबाइल हैक, खाते से 1.60 लाख का ट्रांजेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हबीबगंज थाना क्षेत्र की अरेरा कॉलोनी में रहने वाली 66 वर्षीय महिला के पास अज्ञात नंबर से आई एपीके फाइल खोलते ही मोबाइल हैक हो गया और खाते से करीब 1.60 लाख रुपए निकाल लिए गए। शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अनुराधा कुकरेजा पति मनोज सिंह (66) अरेरा कॉलोनी में रहती हैं। उनके पति कारोबारी हैं। 13 अक्टूबर को उनके वाट्सएप पर किसी अज्ञात नंबर से एपीके फाइल आई थी। महिला ने फाइल खोल ली, जिसके बाद उनके मोबाइल का एक्सेस साइबर ठगों के पास पहुंच गया। कुछ समय बाद उनके बैंक खाते से करीब 1.60 लाख रुपए निकल गए। खाते से रकम निकलने की जानकारी मिलने पर महिला ने पुलिस से शिकायत की। शुरूआती जांच

पुलिस रकम ट्रांसफर होने वाले बैंक खातों को जानकारी जुटा रही



में वाट्सएप पर भेजी गई फाइल के जरिए ठगी किए जाने की बात सामने आई है। पुलिस अब उस नंबर और बैंक खातों की जानकारी जुटा रही है, जिनके जरिए रकम निकाली गई।

क्रेडिट कार्ड की एनओसी के नाम पर रिटायर्ड आर्मी मैन से 94 हजार की ठगी

कोलार के जेके टाउन निवासी रिटायर्ड आर्मीमैन मनोज कुमार यादव (55) साइबर ठगी का शिकार हो गए। 12 अक्टूबर की दोपहर उनके मोबाइल पर अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने क्रेडिट कार्ड की एनओसी जारी कराने के नाम पर वाट्सएप पर लिंक भेजा और उसमें जानकारी भरने को कहा। मनोज ने लिंक पर जाकर जानकारी दर्ज की, जिसके बाद उनके खाते से करीब 94,300 रुपए निकल गए। बैंक से ट्रांजेक्शन के मैसेज आने पर उन्हें ठगी का पता चला। इसके बाद आरोपियों ने मोबाइल बंद कर लिया। शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

फेसबुक पर विज्ञापन देखकर थर्ड पार्टी एप डाउनलोड किया, खाते से 50 हजार गायब

कोलार के गणेश नगर निवासी दीपक कुमार कीर साइबर ठगी का शिकार हो गए। वह प्राइवेट जॉब करते हैं। 22 अक्टूबर की शाम फेसबुक पर वीडियो देखते समय उन्हें एक विज्ञापन दिखाई दिया। विज्ञापन के जरिए उन्होंने थर्ड पार्टी एप डाउनलोड कर लिया। एप डाउनलोड करते ही उनका मोबाइल हैक हो गया और बैंक खाते से 50 हजार रुपए निकल गए। खाते से रकम निकलने के बाद उन्हें ठगी का पता चला। मामले में पुलिस शिकायत के आधार पर जांच कर रही है।

सिविल में पहुंचे क्राइम ब्रांच के पुलिसकर्मी ने समझाया, पर धमकी देकर चले गए आरोपी

पुराने विवाद को लेकर समझौता करने बुलाया, टी-स्क्वायर में लहराई पिस्टल



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित टी-स्क्वायर रेस्टॉरेंट में उस समय सनसनी फैल गई, जब मामूली कहासुनी के बाद एक छात्र ने पिस्टल निकाल ली। छात्र टीआईटी कॉलेज का है और जिसे धमकाने के लिए पिस्टल लहराई थी, वह भी टीआई कॉलेज का छात्र है। मंगलवार रात साढ़े बजे के आसपास हुई इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल निर्मित हो गया। पुलिस ने फरियादी छात्र की शिकायत पर दो छात्रों पर जान से मारने की धमकी देने का प्रकरण दर्ज किया है।

थाना प्रभारी चंद्रिका यादव ने बताया कि शिवांशु तिवारी टीआईटी कॉलेज में पढ़ता है। इसी कॉलेज में पृथ्वी सिंह राजपूत और राज ठाकुर भी पढ़ते हैं। मंगलवार शाम पृथ्वी सिंह ने शिवांशु तिवारी को पुराने किसी विवाद में समझौता करने का कहकर बुलाया। शिवांशु तिवारी अपने साथी के साथ टी-स्क्वायर रेस्टॉरेंट पहुंचा। वहां बैठकर शिवांशु तिवारी और पृथ्वी सिंह राजपूत सहित राज ठाकुर बातचीत कर रहे थे। इसी बीच इंद्रपुरी निवासी पंकज डहरिया भी रेस्टॉरेंट पहुंच गए। पंकज इन दिनों क्राइम ब्रांच में पदस्थ हैं। शिवांशु और पृथ्वी सिंह के बीच हो रही बातचीत देखते ही

गोविंदपुरा के टी-स्क्वायर रेस्टॉरेंट में टीआईटी कॉलेज के छात्रों में विवाद



टी-स्क्वायर रेस्टोरेंट के सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई वारदात

थाना प्रभारी यादव ने बताया कि छात्रों के बीच पुराना विवाद चल रहा है। विवाद की सूचना पर पुलिस की टीम रेस्टॉरेंट पहुंची थी। स्टॉरेंट संचालक से रेस्टॉरेंट सीसीटीवी फुटेज मांगे गए। फुटेज में एक युवक हाथ में पिस्टल लहराते हुए नजर आ रहा है। पुलिस ने फरियादी शिवांशु तिवारी की शिकायत पर पृथ्वी सिंह और राज ठाकुर के खिलाफ जान से मारने की धमकी देने का प्रकरण दर्ज किया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद पिस्टल के बारे में पूछताछ की जाएगी। अनुमान है कि पिस्टल अवैध हैं।

एक सप्ताह पहले हुआ था दोनों छात्रों में विवाद

करीब एक सप्ताह पहले कॉलेज के छात्र शिवांशु और पृथ्वीराज सिंह राजपूत के बीच विवाद हुआ था। आरोप है कि उस दौरान पृथ्वी सिंह के साथ शिवांशु के साथियों ने मारपीट की थी। इसके बाद से दोनों पक्षों के बीच रंजिश चल रही है। इसी रंजिश के चलते पृथ्वी सिंह अपने राज ठाकुर के साथ इंद्रपुरी चौराहा के टी-स्क्वायर रेस्टॉरेंट पहुंचे। वहां पुराने विवाद को लेकर विवाद हो गया।

देखते ही गालीगलौज और झूमाझटकी में बदलने लगी। लिहाजा पंकज डहरिया ने दोनों को समझाइश देने का प्रयास किया। इसी बीच पृथ्वी सिंह ने पिस्टल निकाली और शिवांशु तिवारी को धमकाते हुए लहराने लगा। पिस्टल लहराने के बाद टी स्क्वायर रेस्टॉरेंट में मौजूद अन्य लोग और पंकज डहरिया ने आरोपियों को समझाइश दी। आरोपी शिवांशु तिवारी को यह कहते हुए निकल गए कि आज तो भीड़ ने तुझे बचा लिया, लेकिन अगली बार तू नहीं बच सकेगा।

जहरीली शराब को लेकर देसी और कच्ची शराब की सैंपलिंग

घोड़ा नक्कास इलाके में आटा चक्की चलाने वाला शराब तस्करी में पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सागर और देवास में जहरीली शराब से हुई मौतों के बाद राजधानी में जहरीली शराब को लेकर कच्ची शराब की सैंपलिंग की जा रही है। जिससे जहरीली शराब का पता लगाया जा सके।

बुधवार को आबकारी विभाग की टीम ने घोड़ा नक्कास इलाके में आटा चक्की संचालक चंचल साहू को एक्टिवा स्कूटर पर शराब की तस्करी करते हुए दबोचा है। आरोपी युवक पहले भी शराब तस्करी में पकड़ा जा चुका है। इधर हुजूर, बैरसिया और कोलार के ग्रामीण क्षेत्रों में कच्ची शराब का कारोबार चल रहा है। हालांकि इन इलाकों में आबकारी की टीम दबिश नहीं दे रही



है। जिला आबकारी कंट्रोलर वर्षा उइके ने बताया कि घोड़ा नक्कास इलाके में रहने वाला चंचल साहू घर से अवैध शराब की तस्करी करता है। सूचना मिलने पर मंगलवार को चेकिंग लगाई गई तो वह दो पहिया वाहन से आते हुए दिखा। जिसे रोककर तलाशी लेने पर अंग्रेजी शराब की बोतल बरामद हुई। आरोपी के घर से 15 अंग्रेजी शराब की बोतलें बरामद हुई हैं। इधर पीएंडटी चौराहा के पास से दोपाहिया वाहन चालक के कब्जे से 12 अंग्रेजी शराब की बोतलें बरामद की हैं। वहीं करोंद इलाके में होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट संचालक और अवैध शराब पीने वालों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

बैंक के डिप्टी मैनेजर के घर लाखों की चोरी, टूटी मिलीं अलमारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कोलार रोड पर बैंक के डिप्टी मैनेजर के सूने मकान को चोरों ने निशाना बना लिया। परिवार के साथ छतरपुर गए अफसर के घर में घुसे चोरों ने कमरों की अलमारियों के ताले तोड़कर सोने-चांदी के जेवर और नकदी समेट ली।

सब इंस्पेक्टर शिवेंद्र पाठक ने बताया कि वारदात के बाद चोर घर में लगे सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर और हार्ड डिस्क भी निकाल ले गए। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, नवनीत खरे (44) एसबीआई में डिप्टी मैनेजर हैं और कोलार रोड स्थित दानिश कुंज में रहते हैं। 25 अक्टूबर को दोपहर करीब 12 बजे वह पत्नी और दोनों बच्चों के साथ छतरपुर गए थे। मंगलवार शाम करीब छह बजे लौटे तो घर के कमरों में अलमारियों के ताले टूटे हुए थे। पहली मंजिल के एक कमरे की खिड़की का कांच टूटा मिला। बाथरूम का रोशनदान क्षतिग्रस्त था। आशंका है कि चोर इसी रास्ते से घर में घुसे होंगे।

साहित्यिक व्याख्यान गोष्ठी 31 को होगी

भोपाल। पटेल प्रवाह समिति के साहित्यिक प्रकोष्ठ के तत्वावधान में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती पर व्याख्यान साहित्यिक गोष्ठी 31 अक्टूबर को होगी। अध्यक्ष होशियार सिंह पटेल और संरक्षक श्रीराम माहेश्वरी ने बताया कि वरिष्ठ साहित्यकार महेश सक्सेना मुख्य अतिथि होंगे और अध्यक्षता करेंगे वरिष्ठ साहित्यकार गौरीशंकर शर्मा गौरीश। दिव्यांगजन विभाग आयुक्त अजय खेमरिया, उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत अकादमी संचालक प्रकाश सिंह ठाकुर और वरिष्ठ पत्रकार रमेश शर्मा विशिष्ट अतिथि होंगे।

चांद के दीदार का रहेगा इंतजार

आज करवा चौथ व्रत को लेकर महिलाओं में उत्साह



हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

नगर में करवा चौथ व्रत को लेकर महिलाओं में उत्साह और उल्लास का माहौल है। पति की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और वैवाहिक जीवन की खुशहाली की कामना के साथ महिलाएं इस पर्व की तैयारियों में जुटी हुई हैं। करवा चौथ भारतीय संस्कृति और परंपरा से जुड़ा एक महत्वपूर्ण त्योहार है, जिसे सुहागिन महिलाएं श्रद्धा के साथ मनाती हैं।

महिला मंडल अध्यक्ष विद्या अग्रवाल, नपा उपाध्यक्ष नमीता अग्रवाल, पार्षद भारती सेठी, पार्षद हेमलता चौरसिया, मानसी मित्तल, अनुराधा विजयवर्गीय, आरती यादव, सपना रैकवार, माया राय, रेखा कपूर, प्रियंका गुप्ता ने बताया कि व्रत को लेकर महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। पर्व के अवसर पर महिलाएं सोलह शृंगार, नई साड़ी, चूड़ियां, मेहंदी और पूजन सामग्री की तैयारियों में जुटी हैं।

बाजारों में भी करवा चौथ से जुड़ी सामग्री, पूजा की थाली, करवा, छलनी और अन्य शृंगार सामग्री को लेकर रौनक देखने को मिल रही है। नगर में करवा चौथ को लेकर महिलाओं में धार्मिक आस्था के साथ पारिवारिक परंपराओं के प्रति भी खास लगाव दिखाई दे रहा है।

हेवु बीएमएस, हेस्टू एचएमएस और भेक्टू सीटू संगठनों ने किया प्रदर्शन

भेल के कर्मचारियों ने कहा: 35 हजार नहीं, 60 हजार रुपए चाहिए एसआईपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्पेशल इंसेंटिव पेमेंट (एसआईपी) 35 हजार की बजाए 60 हजार देने समेत अन्य मांगों को लेकर को बुधवार को हेवु बीएमएस, हेस्टू एचएमएस और भेक्टू सीटू तीनों ने मिलकर कारखाने के अंदर व बाहर प्रदर्शन किया। बता दें कि मंगलवार को वीसी के माध्यम से ज्वॉइंट कमेटी रखी गई थी, जिसमें एसआईपी प्रमुख मुद्दा था।

प्रबंधन की हठधर्मिता के कारण पैंतीस हजार रुपए तक प्रबंधन द्वारा डिक्लेयर किया गया, जिसको लेकर कर्मचारी में आक्रोश था। सेंट्रल लीडर की मांग थी कि साठ हजार रुपए दिया जाए, परंतु वह पूर्ण न होने पर और प्रबंधन के द्वारा बैठक खत्म करने पर सारे सेंट्रल लीडर नाराज होकर कर्मचारियों में भी आक्रोश था, जिसको लेकर बुधवार को कारखाने में बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने हेवु बीएमएस, हेस्टू एचएमएस, भेक्टू सीटू के नेतृत्व में जीएमएचआर को ज्ञापन देकर चेतावनी दी कि अगर प्रबंधन ने बातें नहीं मानी तो नुकसान होगा। कर्मचारियों ने कहा कि बहुत सारे मुद्दे जो हैं, कर्मचारी के वह पेंडिंग पड़े हुए हैं, उसी को लेकर के फाउंड्री गेट पर भी प्रबंधन के खिलाफ एक प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन सभा को लोकेंद्रसिंह शेखावत, मनोज दीक्षित, कमलेश नागपुरे ने संबोधित कर प्रबंधन को चेताया।



बीएमएस ने एसआईपी लेने से किया इंकार

शुरूआत में यूनियनों ने एसआईपी के रूप में 60 हजार रुपए की मांग की। प्रबंधन ने 30 हजार रुपए का प्रस्ताव दिया, जिसे यूनियनों ने स्वीकार नहीं किया। दोपहर की बैठक में प्रबंधन ने प्रस्ताव बदलकर 35 हजार रुपए कर दिया। यूनियनों ने 40 हजार रुपए की मांग की, लेकिन प्रबंधन ने इसे नहीं माना। बुधवार शाम डायरेक्टर एचआर ने अक्टूबर के वेतन के साथ एसआईपी के रूप में 35 हजार देने का फैसला किया है, क्योंकि अन्य यूनियनों ने भुगतान को स्वीकार किया है। बीएमएस ने डायरेक्टर एचआर को सूचित किया है कि वह 35 हजार के भुगतान को स्वीकार नहीं करता है। बीएमएस प्रबंधन के इस फैसले की निंदा करता है।

भूमाफिया पर कार्रवाई की मांग

सरकारी जमीन की फर्जी रजिस्ट्री मामले में अनिश्चित कालीन धरना-प्रदर्शन शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

नगर के वार्ड नंबर 4 की शासकीय भूमि की कथित फर्जी रजिस्ट्री के विरोध में नगरवासी डॉ. भीमराव आंबेडकर चौराहे पर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए हैं। धरने से पहले नगरवासियों ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उसके बाद सभी धरने पर बैठ गए।

धरने पर बैठे लोगों ने आरोप लगाया कि वार्ड 4 की शासकीय भूमि की कुछ लोगों द्वारा फर्जी तरीके से रजिस्ट्री करा दी गई है। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा डेढ़ महीने पहले कलेक्टर को शिकायत की गई थी, लेकिन अब तक भूमाफिया पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिससे जनता का विश्वास प्रशासन से उठता जा रहा है। नगरवासियों ने मांग की है कि



मामले की निष्पक्ष जांच कर शासकीय भूमि को सुरक्षित रखा जाए और फर्जी रजिस्ट्री में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई कर उन्हें जेल भेजा जाए। बुधवार से सामाजिक कार्यकर्ता वचन लोधी, रामेश्वर नागर, पुरुषोत्तम शर्मा, धर्मेंद्र चौरसया, पदम चौहान, आरती यादव अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए हैं। उनका कहना है कि जब तक दोषियों पर कार्रवाई नहीं होती, तब तक धरना जारी रहेगा। उन्हें सामाजिक संगठनों व नगरवासियों का समर्थन मिल रहा है।

जनपद उपाध्यक्ष ने किया अतिक्रमणरियों का बचाव

सरकारी जमीन के सीमांकन में मिली अवैध कॉलोनी की सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ग्राम पंचायत ईंटखेड़ी सड़क में तीन एकड़ जमीन का मामला



ग्राम पंचायत ईंटखेड़ी सड़क में सरकारी स्कूल के पीछे स्थित करीब तीन एकड़ जमीन के सीमांकन में अवैध कॉलोनी की सड़क, एक मकान और दूसरे मकान की नींव का अतिक्रमण मिला है। सरपंच की शिकायत पर बुधवार को राजस्व अमले ने छह खसरों की जमीन का सीमांकन कर कब्जों को चिह्नित किया।

कार्रवाई के दौरान जनपद पंचायत फंदा के उपाध्यक्ष मलखान सिंह ठाकुर ने अतिक्रमणकारियों का बचाव किया। जिसके बाद विरोध की स्थिति बनी। इसके बाद पुलिस की मौजूदगी में सीमांकन पूरा किया गया। ईंटखेड़ी सड़क के सरपंच हरि सैनी ने हुजूर तहसील में शिकायत की थी कि सरकारी स्कूल के पीछे सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर निर्माण किए जा रहे हैं। इसके पास अवैध कॉलोनी भी विकसित की जा रही है। शिकायत के आधार पर बुधवार दोपहर 12 बजे आरआई विवेक पंचोर के नेतृत्व में राजस्व टीम ने सीमांकन शुरू किया।

सीमांकन में फिरोजा अहमद और अंसारी द्वारा सरकारी जमीन पर सड़क निर्माण, हरिराम द्वारा मकान की नींव और महताब खान द्वारा मकान का निर्माण किए जाने की बात सामने आई।

जनपद पंचायत फंदा के उपाध्यक्ष मलखान ठाकुर का कहना है कि सीमांकन के दौरान मैंने विरोध नहीं किया। निजी जमीन पर श्मशान बना हुआ है। एक-दो लोगों के अतिक्रमण चिह्नित किए गए हैं। सरकारी जमीन पर कब्जा कर निर्माण करने वाले अन्य लोगों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए।

नव विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

भोपाल। अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित सेमरा में मंगलवार शाम नव विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामला नव विवाहिता से जुड़ा होने के कारण मर्ग जांच एसीपी कर रहे हैं। पुलिस के अनुसार कुंती अहिरवार पति जितेंद्र अहिरवार (24) मूलतः जिला रायसेन कोलवाली की रहने वाली थी। उसके मायके पक्ष के लोग इन दिनों कोलुआ में रहते हैं। कुंती की 5 साल पहले जितेंद्र से शादी हुई थी। कुंती और जितेंद्र के दो बच्चे हैं। मंगलवार को परिवार कोलुआ गया और खाना खाकर घर लौट आया। जितेंद्र काम पर चला गया। घर में उसकी मां और पत्नी कुंती सहित बच्चे थे। इसी दौरान शाम पांच बजे कुंती ने कमरे में फांसी लगा ली। मौके से सुसाइड नोट नहीं मिला।

जब तक कार्रवाई नहीं होगी, धरना जारी रहेगा

बुधवार को औबेदुल्लागंज में सरकारी जमीन घोटाले के नाम पर जो फर्जी तरीके से रजिस्ट्री करा कर करोड़ों रुपए की कीमती जमीन को लेकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे सभी राजनीतिक दल के नेता और सामाजिक बंधु जब तक दोषियों पर कार्रवाई नहीं होती, तब तक यह धरना प्रदर्शन चलता रहेगा। मंडल अध्यक्ष हरजीत सिंह मंगू ने कहा कि यह हमारे नगर के लिए ही बहुत शर्म की बात है कि हमारे आंखों के सामने दशहरा मैदान जहां हमारे दुर्गाजी की झांकी के पंडाल लगते थे, वही भूमि भू माफिया ने फर्जी तरीके से बेच दी। चाहे वह कोई भी हो, उसके खिलाफ जब तक प्रशासन कार्रवाई नहीं करता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा और सभी मीडिया एवं पत्रकार बंधुओं ने हरिभूमि ने इस मुद्दे को बहुत ही प्रमुखता से उठाया



और आगे भी जब तक कार्रवाई नहीं होती इस मुद्दे को उठाने के लिए जनता और सभी दल के नेताओं को धन्यवाद करना चाहते हैं। इसमें प्रमुख बच्चन लोधी, आरती यादव, बजेश अग्रवाल, नरेश सेठी, प्रेमलता साहू, पुरुषोत्तम शर्मा, रमू नगर हिरनिया महेंद्र धाकड़, बसंत साहू, उत्तम यादव, परेश नागर, राजू मेहरा, कपिल राय सभी महिला शक्ति और वरिष्ठ पत्रकार ने समर्थन किया।

जनजातीय सुरों से अहिल्याबाई की गाथा तक, स्वदेशी मेले में सजी संस्कृति की छटा

एमवीएम ग्राउंड में स्वदेशी मेले में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों संग तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्वदेशी जागरण मंच द्वारा आयोजित स्वदेशी मेला 2026 में बुधवार को भारतीय संस्कृति, जनजातीय परंपराओं और देश की गौरवशाली विरासत की झलक देखने को मिली। नवीन कन्या विद्यालय के करीब 100 विद्यार्थियों ने जनजातीय नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। लगभग डेढ़ घंटे तक चली सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का परिचय दिया। इस दौरान देवी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर आधारित नृत्य नाटिका के साथ साथ नर्मदा अष्टकम की भावपूर्ण प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया।







स्वदेशी मेला में छात्राओं द्वारा जनजातीय नृत्य की प्रस्तुति देते हुए। करीब डेढ़ घंटे चली प्रस्तुति में अहिल्याबाई होल्कर पर नृत्य नाटिका और नर्मदा अष्टकम ने दर्शकों का मन मोह लिया।

किसी ने पर्यावरण संरक्षण तो किसी ने मूल कर्त्वय पर रखे विचार

मेले के अंतर्गत तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें किसी ने पर्यावरण संरक्षण तो किसी ने मूल कर्त्वय पर विचार प्रस्तुत कर जय स्वदेशी का उदघोष किया। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी अभिव्यक्ति, विचार क्षमता और मंच पर बोलने का अवसर मिला।



अतिथियों की रही उपस्थिति

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वर्मा ट्रैवल्स की वीणा वर्मा और मित्तल ग्रुप की वाइस प्रिंसिपल लीना उपस्थित रहीं। आयोजन में स्वदेशी जागरण मंच, मध्य प्रांत की प्रांत प्रमुख सीमा भारद्वाज ने संयोजक की भूमिका निभाई। तो वहीं, प्रभारी और सह प्रभारी सुनीता जैन और साधना शर्मा रहीं।

पहला करवा चौथ, पहली सरगी और ढेर सारा प्यार, चांद के दीदार को लेकर उत्साहित हैं कपल्स



किसी के लिए शादी के बाद पहला व्रत, तो किसी के लिए कई सालों के इंतजार के बाद मिलन की खुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

करवा चौथ का व्रत हर सुहागन के लिए खास होता है। पति की लंबी उम्र और सुखी दांपत्य जीवन की कामना के साथ रखा जाने वाला यह व्रत तब और भी यादगार बन जाता है, जब कोई महिला पहली बार इसे रखती है। मन में ढेर सारी उमंगें, हाथों में रची मेहंदी, सोलह श्रृंगार की तैयारी और चांद के दीदार का इंतजार.... पहले करवा चौथ का उत्साह ही कुछ अलग ही होता है। इस बार हरिभूमि ने शहर के कुछ ऐसे ही कपल्स से बातचीत की, जिनके लिए करवा चौथ का त्योहार पहली बार खास बनने जा रहा है।


डॉ. रक्षिता श्रीवास्तव और आर्या डांगे।

कई सालों के इंतजार के बाद खास होगा पहला करवा चौथ

डॉ. रक्षिता श्रीवास्तव के लिए भी इस बार करवा चौथ बेहद खास होने वाला है। उनकी शादी अगले एक-दो महीने में होने वाली है और फिलहाल उनकी सगाई हो चुकी है। वह अपने होने वाले पति आर्या डांगे के लिए पहली बार करवा चौथ का व्रत रखेंगी। रक्षिता बताती हैं कि उनका और आर्या का रिश्ता कई सालों पुराना है। इतने लंबे इंतजार के बाद अब दोनों को परिवार की सहमति से एक होने का अवसर मिला है। ऐसे में यह करवा चौथ उनके लिए केवल एक व्रत नहीं, बल्कि अपने रिश्ते की नई शुरूआत और साथ निभाने के संकल्प का प्रतीक है। इस खास दिन को लेकर उनके मन में भी खूब उत्साह है। रक्षिता ने कहा कि मैं यह व्रत हमारे रिश्ते की लंबी उम्र के लिए रखूंगी।

सातवीं कक्षा की दोस्ती से जीवनसाथी तक, प्रेम की कहानी में उपन्यास भी

2012 में शुरू हुआ रिश्ता, नवंबर 2025 में शादी के बंधन में बंधे सृष्टि और आदित्य श्रीवास्तव ने कहा कि हम दोनों सातवीं कक्षा से एक-दूसरे को जानते हैं। दोस्ती धीरे-धीरे प्यार में बदली और वर्ष 2012 में शुरू हुआ हमारा रिश्ता नवंबर 2025 में शादी के मुकाम तक पहुंचा। आज सृष्टि भोपाल के डीपीएस स्कूल में शिक्षिका हैं, जबकि आदित्य भोपाल में जीएसटी इंस्पेक्टर हैं। उनके लिए करवा चौथ केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि सालों के साथ, भरोसे और एक-दूसरे के प्रति समर्पण को महसूस करने का अवसर है।


सृष्टि और आदित्य श्रीवास्तव

छह साल पहले हुई मुलाकात प्यार में बदली, साथ मनाएंगे पहला करवा चौथ

फरवरी 2026 में आर्यन श्रीवास्तव के साथ विवाह बंधन में बंधी शिक्षा पहली बार यह व्रत रखने जा रही हैं। शिक्षा बताती हैं कि मेरी और आर्यन की मुलाकात करीब छह साल पहले एक कॉमन फ्रेंड के कार्यक्रम में हुई थी। शुरूआत में हुई यह मुलाकात धीरे-धीरे प्यार में बदली और दो-तीन साल बाद दोनों ने अपने परिवारों को इस रिश्ते के बारे में बताया। परिवारों की सहमति के बाद अब हमारी शादी हुई, शिक्षा कहती हैं कि अपने पहले करवा चौथ को लेकर मैं काफी उत्साहित हूं और इसकी तैयारी भी पूरे जोरो शोरों से कर रही हूं इसके लिए मैं सुबह सरगी करूंगी और फिर दिनभर उपवास करुंगी। उन्होंने बताया कि मेरे लिए खास बात यह होगी कि मेरे पति आर्यन भी मेरे साथ व्रत रखेंगे।


शिक्षा और आर्यन श्रीवास्तव

---

85 किलो वजन से मिसेज यूनिवर्स एंबेसडर तक डॉ. पूर्णिमा ने मेहनत से लिखी सफलता की कहानी

श्रीलंका में खिताब जीतकर लौटीं डॉ. पूर्णिमा बोलीं- महिलाओं की इनफर्टिलिटी पर काम करना है लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बचपन से डॉक्टर बनने का सपना था। कभी नहीं सोचा था कि एक दिन अंतरराष्ट्रीय ब्यूटी पेजेंट के मंच पर खड़ी होकर देश का प्रतिनिधित्व करूंगी। मेरे लिए जीवन का सबसे बड़ा उद्देश्य हमेशा चिकित्सा के क्षेत्र में रहकर लोगों की सेवा करना रहा है। लेकिन जब समाज में महिलाओं को इनफर्टिलिटी (निःसंतानता) जैसी समस्याओं से जूझते और इसके कारण मानसिक व सामाजिक दबाव झेलते देखा, तो महसूस हुआ कि महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए कुछ अलग करना होगा। इसी सोच ने मुझे एक नई राह पर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। यह बात भोपाल की डॉ. पूर्णिमा तिवारी ने बुधवार को मीडिया से चर्चा के दौरान कही। डॉ. पूर्णिमा ने कहा कि श्रीलंका के कोलंबो में आयोजित मिसेज यूनिवर्स प्रतियोगिता में मिसेज यूनिवर्स एंबेसडर का खिताब हासिल करना मेरे लिए सिर्फ व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि महिलाओं के लिए काम करने की एक बड़ी जिम्मेदारी है।



मेरे पति ने बढ़ाया हौसला, किया प्रेरित

पूर्णिमा ने बताया कि करीब एक साल पहले मेरा वजन 85 किलो था। तभी मैंने तय किया कि मुझे ब्यूटी पेजेंट में हिस्सा लेना है। यह फैसला आसान नहीं था। मैंने सबसे पहले अपने पति से बात की। उन्होंने न केवल मेरी बात सुनी, बल्कि मेरा हौसला बढ़ाया और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। पिछले दस महीनों में उनका सहयोग मेरे लिए सबसे बड़ी ताकत रहा। फिटनेस के लिए सुबह पांच बजे उठने से लेकर रात 11 बजे तक ट्रेडमिल पर मेहनत करने तक, मैंने अपनी दिनचर्या में बड़े बदलाव किए। उन्होंने कहा कि कई बार ऐसा लगा कि शायद मैं यह सब नहीं कर पाऊंगी। शारीरिक मेहनत, अनुशासन और खुद को लगातार बेहतर बनाने की चुनौती आसान नहीं थी। लेकिन पति और परिवार के सहयोग ने मुझे हार नहीं मानने दी। इस सफर ने सिखाया कि किसी भी उम्र में अपने लिए नया लक्ष्य तय किया जा सकता है। जरूरत है तो सिर्फ दृढ़ इच्छाशक्ति, निरंतर मेहनत और अपनों के विश्वास की।



स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी में 3 एवं 4 को 'दिवाली स्किल वाली-2026'

विधायक रामेश्वर होंगे मुख्य अतिथि, कौशल, संस्कृति और रचनात्मकता का अनूठा संगम बनेगा दो दिवसीय उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी, भोपाल में 3 एवं 4 नवंबर 2026 को विश्वविद्यालय के प्रमुख वार्षिक आयोजन 'दिवाली स्किल वाली 2026' का आयोजन किया जाएगा।

दीपावली के उल्लास को कौशल-आधारित शिक्षा, भारतीय संस्कृति, रचनात्मकता और व्यावहारिक ज्ञान से जोड़ने वाले इस आयोजन में विधायक रामेश्वर शर्मा मुख्य अतिथि होंगे। आईसेक्ट समूह के अध्यक्ष एवं आईसेक्ट ग्रुप ऑफ यूनिवर्सिटीश के कुलाधिपति संतोष चौबे ने कहा कि कौशल-आधारित शिक्षा किसी भी राष्ट्र के विकास की महत्वपूर्ण आधारशिला है। दिवाली स्किल वाली जैसे आयोजन पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक कौशल को एक मंच पर लाते हैं। स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने कहा कि दिवाली स्किल वाली विश्वविद्यालय की उस शैक्षणिक सोच का प्रतिबिंब है, जिसमें सीखने की प्रक्रिया को व्यावहारिक अनुभवों से जोड़ने पर विशेष बल दिया जाता है। स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. विजय सिंह ने कहा कि दिवाली स्किल वाली विद्यार्थियों को प्रतिभा को व्यवहार में बदलने, सीखने के साथ सृजन करने का अवसर देती है।



एमएलबी कॉलेज में दीप जलाएं दिशा पाएं कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एमएलबी कॉलेज में आईटी सेल के नवाचार के तहत विचारों का दीप जलाएं और संवाद से नई दिशा पाएं कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉक्टर वंदना श्रीवास्तव ने कहा कि कि हम एक ऐसा ज्ञान का दीप जलाएं, जिसकी रोशनी केवल संवाद तक सीमित नहीं रहे, हमारे कर्मों को भी प्रकाशित करें।

कार्यक्रम के आयोजक डॉ. रोली शुक्ला ने कहा कि आज के समय में संवाद से भी युवाओं को दिशा दी जा सकती है, जरूरत उनके मन में उठे सवालों को जानने की है।

चार दशकों से भारत-फ्रांस के सांस्कृतिक और शैक्षणिक संबंधों को दे रहीं नई मजबूती, 'ऑर्द्र दे पाल्म एकादेमीक' से हुई सम्मानित

फ्रांसीसी भाषा और संस्कृति के प्रसार में योगदान के लिए रीता गोहाड़े को मिला फ्रांस का प्रतिष्ठित सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भाषा जब संस्कृतियों को जोड़ने का माध्यम बनती है, तो वह देशों के बीच रिश्तों को भी नई गहराई देती है। इसी सांस्कृतिक सेतु को मजबूत करने में उल्लेखनीय योगदान के लिए आलियांस फ्रांसेज भोपाल की संयुक्त निदेशक रीता गोहाड़े को फ्रांस के प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मान 'ऑर्द्र दे पाल्म एकादेमीक' से सम्मानित किया गया है।

फ्रांसीसी भाषा की शिक्षा, अकादमिक उत्कृष्टता और फ्रांसीसी संस्कृति के प्रचार-प्रसार में योगदान के लिए दिए जाने वाले इस सम्मान के माध्यम से उनके दशकों के समर्पण को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली है। बुधवार को आयोजित समारोह में मुंबई में फ्रांस के महावाणिज्यदूत पैट्रिक लेवेरिनो ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया।



चार दशकों से भाषा और संस्कृति की साधना

वर्ष 1986 से आलियांस फ्रांसेज से जुड़ीं रीता ने फ्रांसीसी भाषा के अध्ययन को लोकप्रिय बनाने, स्थानीय संस्थाओं के साथ साझेदारियां विकसित करने और शहर में फ्रांसीसी भाषी संस्कृतियों को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

संवाद से मजबूत हुए सांस्कृतिक रिश्ते

'ऑर्द्र दे पाल्म एकादेमीक' फ्रांस का एक प्रतिष्ठित अकादमिक सम्मान है, जो शिक्षा और शैक्षणिक जगत में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया जाता है। रीता को मिला यह सम्मान दर्शाता है कि भाषा की शिक्षा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि संस्कृतियों को समझने और उनके बीच आत्मीय संबंध विकसित करने का सशक्त जरिया भी है। उनकी यह उपलब्धि भोपाल के सांस्कृतिक जगत के लिए गौरव का विषय है।

डब्ल्यूपीएल 2027 नीलामी
गुजरात जायंट्स में शामिल हुईं कमलिनी

सबसे महंगी खिलाड़ी बनीं सोफी, यूपी वॉरियर्स ने 1.10 करोड़ में खरीदा

एजेंसी ▶▶| कोच्चि

महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2027 की नीलामी के शुरुआती चरण में ऑस्ट्रेलिया की कप्तान सोफी मोलिनेक्स सबसे महंगी खिलाड़ी रहीं। बुधवार को यूपी वॉरियर्स ने उन्हें 1.10 करोड़ रुपए में अपनी टीम में शामिल किया।

गुजरात जायंट्स (जीजी) ने भारत की युवा विकेटकीपर-बल्लेबाज जी. कमलिनी को उनके बेस प्राइस 40 लाख रुपए में खरीदा। 2024 में खिताब जीतने वाली रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) टीम का हिस्सा रहीं सोफी डब्ल्यूपीएल 2026 में नहीं खेल पाई थीं। उन्होंने अपना बेस प्राइस 50 लाख रुपए रखा था। यूपी वॉरियर्स ने बोली की शुरुआत की, लेकिन आरसीबी भी मुकाबले में बनी रही और एक मिनट से भी कम समय में कीमत 95 लाख रुपये तक पहुंच गई। यूपी वॉरियर्स ने बोली बढ़ाकर 1 करोड़ रुपये कर दी, जिसके जवाब में आरसीबी ने 1.05 करोड़ रुपए की बोली लगाई। अंत में यूपी वॉरियर्स ने 1.10 करोड़ रुपए की बोली लगाकर उन्हें अपनी टीम में शामिल कर लिया। बाएं हाथ की स्पिन ऑलराउंडर, हिप की चोट से उबरने के बाद हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के जरिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लौटी है।



मुंबई इंडियंस से रिलीज हुईं कमलिनी

नीलामी से पहले मुंबई इंडियंस की ओर से रिलीज की गईं कमलिनी को लेकर काफी उम्मीदें थीं कि उन्हें बड़ी रकम मिलेगी। हालांकि, 2027 अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप टीम में जगह न मिलने के कारण, उन्हें लेकर कोई खास होड़ नहीं दिखी और वह आसानी से गुजरात जायंट्स में चली गईं, क्योंकि किसी और फ्रेंचाइजी ने उनके लिए बोली नहीं लगाई। मुंबई इंडियंस के लिए डब्ल्यूपीएल में उनका प्रदर्शन भले ही औसत रहा हो, लेकिन 2025 अंडर-19 विश्व कप जीतने वाली टीम की सदस्य रहीं कमलिनी, सीनियर टीम के अलावा इंडिया ए और तमिलनाडु की टीमों का भी हिस्सा रही हैं।



दिल्ली कैपिटल्स ने किरण नवगिरे को 75 लाख रुपए में खरीदा

गुजरात जायंट्स ने आयरलैंड की सीम-बॉलिंग ऑलराउंडर ओर्ला प्रेंडरगास्ट को भी 30 लाख रुपए में अपनी टीम में शामिल किया। दिल्ली कैपिटल्स ने नीलामी में अपनी पहली खरीदारी करते हुए भारतीय बल्लेबाज किरण नवगिरे को 75 लाख रुपए में खरीदा।

यूपी वॉरियर्स में शामिल हुईं स्नेह राणा और ग्रेस हैरिस



यूपी वॉरियर्स ने भारत की ऑफ-स्पिन ऑलराउंडर स्नेह राणा और ऑस्ट्रेलिया की आक्रामक ऑलराउंडर ग्रेस हैरिस को भी उनके 30 लाख रुपए के बेस प्राइस पर अपनी टीम में शामिल किया। आरसीबी में रिप्लेसमेंट खिलाड़ी के तौर पर शामिल रहीं गुजरात जायंट्स की पूर्व कप्तान स्नेह राणा के लिए कोई और बोली नहीं लगी, यहां तक कि उनकी पुरानी टीम दिल्ली कैपिटल्स ने भी उनके लिए बोली नहीं लगाई।

खबर संक्षेप



न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज नहीं खेलेंगे प्रसिद्ध

नई दिल्ली। भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा हैमस्ट्रिंग (मांसपेशियों में खिंचाव) की चोट से पूरी तरह उबरने में नाकाम रहने के कारण 4 नवंबर से न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू होने वाली 5 मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने यह जानकारी दी। इस बीच जम्मू-कश्मीर के तेज गेंदबाज आकिब नबी ने लिंकन में भारत ए और न्यूजीलैंड ए के बीच खेले गए पहले अनौपचारिक चार दिवसीय मुकाबले में अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया और प्रसिद्ध की जगह उन्हें मौका मिलने की संभावना है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, प्रसिद्ध अच्छी तरह से उबर रहे हैं। एक नवंबर और दो नवंबर को बेंगलुरु स्थित 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' में उनका मैच सिमुलेशन (मैच की तरह परिस्थितियां तैयार करना) और फिटनेस टेस्ट होना है।'

कनाडा महिला ओपन से हटीं अनाहत



टोरंटो। स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह चोट के कारण कनाडा महिला ओपन के क्वार्टर फाइनल मुकाबले से हट गईं। उन्हें अंतिम आठ के मुकाबले में शीर्ष वरीयता प्राप्त फैरुज अबोलखेर से भिड़ना था। पेशेवर स्क्वाश संघ (पीएसए) की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार अनाहत ने चोट के कारण क्वार्टर फाइनल मुकाबले से हटने का फैसला किया। हालांकि उनकी चोट के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी गई। दिल्ली की इस 18 वर्षीय खिलाड़ी के लिए पीएसए टूर पर यह साल शानदार रहा है। इस महीने की शुरुआत में सिलिकॉन वैली ओपन में अनाहत ने सेमीफाइनल के अपने सफर के दौरान मिस्र की आठ बार की विश्व चैंपियन नूर एल शेर्बिनी को हराया था। अनाहत ने जापान में हुए एशियाई खेलों में भी महिला एकल स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई थी।

31 अक्टूबर को भारतीय रेसिंग महोत्सव



नई दिल्ली। भारतीय रेसिंग महोत्सव 31 अक्टूबर को होने वाली एफ4 इंडियन चैंपियनशिप और एक नवंबर को होने वाली इंडियन रेसिंग लीग के साथ 13 साल बाद ग्रेटर नोएडा स्थित बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट (बीआईसी) में वापसी करेगा। एफ4 इंडियन चैंपियनशिप 5.125 किलोमीटर लंबे सर्किट पर 2026 के सत्र की अपनी चौथे दौर की रेस, जबकि इंडियन रेसिंग लीग (आईआरएल) अपने दूसरे दौर की रेस आयोजित करेगा। बीआईसी फॉर्मूला वन इंडियन ग्रां प्री और मोटोजीपी भारत की मेजबानी कर चुका है। मद्रास इंटरनेशनल सर्किट में तीसरे दौर के बाद एफ4 खिताब की दौड़ और भी तेज हो गई है, जहां गोवा एसेस जेए रेसिंग के लुविवे सांबुडला 138 अंकों के साथ चैंपियनशिप में शीर्ष पर हैं।

फरहान दूसरे तो किशन तीसरे स्थान पर पहुंचे

टी20 के नए किंग बने अभिषेक, ईशान को पछाड़ा

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा बुधवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट रैंकिंग में अपने हमवतन इशान किशन को पछाड़कर दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज बन गए। अभिषेक ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में मंगलवार को 38 गेंद में 113 रन की तूफानी पारी खेली, जो उनका इस प्रारुप में चौथा शतक है।

उनकी इस पारी की बदौलत भारत ने छह विकेट से जीत दर्ज की। इसके एक दिन बाद वह रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए। चोट के कारण पांच मैच की श्रृंखला के दूसरे और तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में नहीं खेल सके किशन तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं।

अभिषेक की कुल रेटिंग 897 अंक

पाकिस्तान के टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान साहिबजादा फरहान दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर लिखा, 'इस पारी की बदौलत बाएं हाथ के बल्लेबाज अभिषेक ने अपने साथी खिलाड़ी ईशान किशन को पीछे छोड़कर टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में फिर से नंबर एक स्थान हासिल कर लिया।' अभिषेक के कुल 897 रेटिंग अंक हैं जबकि फरहान 883 अंक के साथ दूसरे और किशन 866 अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं। किशन ने आयरलैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बाद जुलाई में अभिषेक को पीछे छोड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया था।



टेस्ट गेंदबाजों में शीर्ष पर यानसन

यानसन टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में भी शीर्ष पर पहुंच गए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को पीछे छोड़ा, जो दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। आईसीसी ने कहा, "यानसन ने अपने करियर में पहली बार दो श्रेणियों में शीर्ष स्थान हासिल किया है। उन्होंने गकेबरहा में आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के दूसरे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया पर दक्षिण अफ्रीका की शानदार जीत में अहम भूमिका निभाई। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने पहली पारी में बल्ले से 85 रन बनाने के अलावा मैच का रुख बदलने वाले पांच विकेट भी लिए।' यानसन टेस्ट बल्लेबाजों की आईसीसी रैंकिंग में भी 13 स्थान की छलांग लगाकर 56वें स्थान पर पहुंच गए हैं। टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह एक स्थान नीचे खिसककर 853 रेटिंग अंकों के साथ पांचवें स्थान पर आ गए हैं।

अय्यर को पांच स्थान का नुकसान

भारतीय टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान श्रेयस अय्यर को पांच स्थान का नुकसान हुआ है। वह 758 रेटिंग अंक के साथ दुनिया के नौवें नंबर के बल्लेबाज हैं। दक्षिण अफ्रीका के मार्को यानसन ने टेस्ट ऑलराउंडर की सूची में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मौजूदा टेस्ट श्रृंखला में अपने हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर भारत के रविंद्र जडेजा को पीछे छोड़ दिया।

नंबर एक बल्लेबाज बनीं लॉरा वोलवार्ट



महिला एकदिवसीय रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोलवार्ट ने भारत की स्मृति मंधाना को पीछे छोड़कर दुनिया की नंबर एक बल्लेबाज का स्थान हासिल कर लिया है। स्मृति एकदिवसीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर हैं जबकि टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की सूची में वह चौथे स्थान पर हैं। टी20 सूची में वह अपनी सलामी जोड़ीदार शेफाली वर्मा से एक स्थान पीछे हैं।



रणजी ट्रॉफी

पाटीदार का शतक, सारांश ने चटकाए 13 विकेट



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रणजी ट्रॉफी 2026-27 के पहले चरण के तीसरे मुकाबले खेले जा रहे हैं। मध्यप्रेश का मुकाबला तीसरे मैच में बिहार से हुआ, जो रजत पाटीदार की कप्तानी वाली एमपी की टीम ने तीसरे दिन ही जीत लिया। मध्यप्रदेश ने बिहार को पारी और 174 रनों से मात देते हुए इस सीजन अपनी पहली जीत दर्ज की है। इस मुकाबले में भारतीय ऑलराउंडर सारांश जैन ने 13 विकेट झटके।

सारांश जैन ने पहली पारी में 7 विकेट लेने के बाद दूसरी पारी में 6 विकेट अपने नाम किए। वहीं मध्यप्रदेश के कप्तान रजत पाटीदार ने भी इस मुकाबले में शतकीय पारी खेली थी। मध्यप्रदेश ने अपने पहले दोनों मैच जम्मू कश्मीर और पुडुचेरी के खिलाफ ड्रॉ खेले थे। अब तीसरे मुकाबले में इस टीम को पहली जीत मिली है।

बिहार की पारी 99 रन पर सिमटी

इस मैच में बिहार ने पहले खेलते हुए 30.3 ओवर में सिर्फ 99 रन ही बनाए थे। पूरी टीम 100 रन के अंदर ढेर हो गई थी। जवाब में मध्यप्रदेश ने अपनी पहली पारी में 8 विकेट पर 407 रन बनाए और पारी घोषित कर दी। ओपनर यश दुबे 84 और सक्षम पुरोहित ने 132 रन बनाते हुए शतकीय पारी खेली थी। इसके बाद कप्तान रजत पाटीदार ने 133 गेंद पर 109 रन की शतकीय पारी खेली थी।

बिहार की लगातार तीसरी हार

मध्यप्रदेश ने पहली पारी के आधार पर 308 रन की बढ़त बनाई। बिहार की टीम दूसरी पारी में भी सिर्फ 134 रन बनाकर सिमट गई। इस पारी में फिर पहली पारी के हीरो सारांश जैन ने 6 विकेट झटके। बिहार की इस संस्करण में यह लगातार तीसरी हार है। बिहार को पहले मैच में यूपी ने पारी और 267 रन से हराया था। उसके बाद दूसरे मैच में बड़ौदा ने 10 विकेट और अब मध्यप्रदेश ने पारी और 174 रनों से मात दी। इस मुकाबले के बाद एलीट ग्रुप ए की अंकतालिका पर नजर डालें तो तीन मैचों में 13 अंक हासिल करने वाली मध्य प्रदेश की टीम तीसरे स्थान पर है। जबकि लगातार तीसरी हार के बाद बिहार 7वें स्थान पर है। वहीं इस ग्रुप के अन्य मुकाबले अभी जारी हैं। यूपी का मुकाबला पुडुचेरी से हो रहा है। वहीं विदर्भ की टीम गोवा का सामना कर रही है। बड़ौदा का सामना तीसरे मैच में जम्मू कश्मीर से हो रहा है।

तीसरा वनडे जीती भारतीय महिला टीम, जिम्बाब्वे को किया क्लीन स्वीप

प्रतिका-शेफाली की दमदार पारी वैष्णवी ने झटके पांच विकेट

एजेंसी ▶▶| वडोदरा

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए तीसरे वनडे मुकाबले में जिम्बाब्वे को 8 विकेट से रौंदा। बीसीए स्टेडियम में जिम्बाब्वे से मिले 132 रनों के लक्ष्य को भारतीय टीम ने आसानी से सिर्फ 17 ओवर में 2 विकेट खोकर हासिल कर लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही।

यास्तिका भाटिया पहली ही गेंद पर बिना खाता खोले पवेलियन लौटीं। इसके बाद दूसरे विकेट के लिए हरलीन देओल और प्रतिका रावल ने मिलकर 59 रन जोड़े। हरलीन 19 रन बनाकर आउट हुईं। प्रतिका को शेफाली के रूप में एक और बढ़िया जोड़ीदार मिली। दोनों ने मिलकर तीसरे विकेट के लिए 50 गेंदों में 74 रनों की अटूट साझेदारी निभाते हुए भारतीय टीम को शानदार जीत दिलाई।



प्रतिका 56 गेंदों में 59 रन बनाकर रहीं नाबाद

प्रतिका 56 गेंदों में 59 रन बनाकर नाबाद रहीं। उन्होंने अपनी इस पारी में 4 चौके और 3 छक्के लगाए। वहीं, शेफाली वर्मा ने सिर्फ 26 गेंदों का सामना करते हुए 51 रनों की धमाकेदार पारी खेली। शेफाली ने अपनी इस इनिंग में 6 चौके और 3 छक्के लगाए। शेफाली ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से मैच को पूरी तरह से एकतरफा बना दिया। जिम्बाब्वे की तरफ से नोमवेलो सिबांडा और लोरिन फिरी ने एक-एक विकेट चटकाया।

जिम्बाब्वे की बल्लेबाजों ने टेके घुटने

इससे पहले, जिम्बाब्वे की बल्लेबाजों ने भारतीय गेंदबाजों के आगे आसानी से घुटने टेक दिए और पूरी टीम 39.5 ओवर में 131 रन बनाकर ऑलआउट हुई। टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। लोरिन फिरी बिना खाता खोले आउट हो गई। इसके बाद चिपो मुगेरी-तिरिपानो भी ज्यादा देर क्रीज पर नहीं टिक सकीं और केवल 4 रन बनाकर पवेलियन लौटीं। बिलव्ड बीजा को वैष्णवी शर्मा ने हरमनप्रीत कौर के हाथों कैच आउट कराकर सिर्फ 1 रन पर आउट किया।

वैष्णवी ने 39 रन देकर चटकाए 5 विकेट : भारत की ओर से गेंदबाजी में वैष्णवी शर्मा ने शानदार प्रदर्शन किया। 20 वर्षीय स्पिनर ने 10 ओवर में 39 रन देकर 5 विकेट लिए और जिम्बाब्वे की बल्लेबाजों के लिए अबूझ पहेली साबित हुईं। क्रांति गौड़ ने 7 ओवर में 23 रन देकर 2 विकेट हासिल किए। वहीं, सायली सतघरे ने किफायती गेंदबाजी करते हुए 6 ओवर में सिर्फ 11 रन देकर 2 विकेट अपने नाम किए।

लाहौर वनडे : हारिस रऊफ और इंग्लैंड टीम पर लगा जुर्माना

दुबई। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ पर रविवार को लाहौर में इंग्लैंड के खिलाफ वनडे के दौरान मैदान पर गलत व्यवहार के लिए मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और एक डिमेरिट पॉइंट दिया गया है। वहीं, इंग्लैंड पर धीमे ओवर-रेट के कारण जुर्माना लगाया गया है।

40 हजार फैंस की आने की उम्मीद

ईडन पार्क में चौथे टी20 में उमड़ेगा दर्शकों का सैलाब

एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

भारत और न्यूजीलैंड के बीच शुक्रवार को ईडन पार्क में होने वाले चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच को देखने के लिए लगभग 40 हजार दर्शकों के आने की उम्मीद है, जो ऑकलैंड के इस मैदान के इतिहास में तीसरी सबसे बड़ी उपस्थिति होगी।

भारत ने पांच मैचों की श्रृंखला के पहले तीन मैच जीतकर अजेय बढ़त हासिल कर ली है। इन तीनों मैच के लिए बड़ी संख्या में दर्शक स्टेडियम में पहुंचे थे। अभिषेक शर्मा और युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी ने मंगलवार को वेलिंगटन में खेले गए तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में धुआंधार बल्लेबाजी का अद्भुत नमूना पेश किया, जिससे भारत ने 6 विकेट से बड़ी जीत हासिल की। अभिषेक और सूर्यवंशी ने पहले विकेट के लिए 133 रन की साझेदारी की, जिससे भारत ने 199 रन का लक्ष्य महज 13.2 ओवरों में हासिल कर लिया।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुकाबला कल



रविवार को सेडन पार्क में श्रृंखला का अंतिम मैच

न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने कहा, 'न्यूजीलैंड और भारत के बीच शुक्रवार को ऑकलैंड में होने वाले चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के सभी टिकट बिक गए हैं और इस मैच के लिए 40 हजार से अधिक दर्शकों के ईडन पार्क पहुंचने की संभावना है।' इससे पहले हैगली ओवल में खेले गए शुरुआती दो मैचों के भी सभी टिकट बिक गए थे। रविवार को सेडन पार्क में होने वाले श्रृंखला के पांचवें और अंतिम मैच के भी सभी टिकट बिक चुके हैं।'

कार्यालय कलेक्टर जिला विदिशा एवं पदेन उपसचिव मध्य प्रदेश शासन राजस्व विभाग

प्रारंभिक अधिसूचना
(देखिए धारा 11)

समुचित सरकार को यह प्रतीत होता है कि अनुसूची-1 में वर्णित भूमि की राज्य शासन के विभाग लोक निर्माण विभाग (मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम) भोपाल के अरिहंत नगर से बंटी नगर ओवर ब्रिज हेतु सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की सम्भावना है, मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम भोपाल द्वारा यह प्रमाणित किया गया है कि परियोजना की प्रशासकीय स्वीकृति मध्य प्रदेश शासन, लोक निर्माण विभाग के पत्र क्रं.एफ /17/2023/19/यो/2540 भोपाल दिनांक 25.05.2024 द्वारा प्रदाय की गई, परियोजना के निर्माण से विदिशा जिले में अरिहंत नगर से बंटी नगर तक ओवर ब्रिज बन जाने से आवगमन सुगम होगा एवं परियोजना के निर्माण से व्यापक लोकहित निहित है। अतः भूमि अर्जन पुनर्वासन पुर्नव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 11 की उपधारा (1) के उपबंधो के अनुसार इस सार्वजनिक सूचना के जरिये सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि इसके द्वारा उक्त परियोजना हेतु निम्नानुसार भूमि का अर्जन किया जाता है।

(1) परियोजना का नामः अरिहंत नगर से बंटी नगर ओवर ब्रिज
(2) भूमि का विवरणः- 1. जिला - विदिशा 2. तहसील - विदिशा 3. ग्राम / नगर विदिशा 4. पटवारी हल्काः कस्बा विदिशा 5. अर्जित भूमि का क्षेत्रफलः- 0.155 हेक्टेयर

अनुसूची - 01

क्रं.	भूमि स्वामी का नाम	स्वामित्व का प्रकार	खसरा नंबर	कुल रकबा	अर्जित रकबा	शेष रकबा
1.	राजेश पुत्र नर्मदाप्रसाद	भूमि स्वामी	1526/3/3/1	0.209	0.030	0.179
2.	श्री सौरभ जैन पुत्र सनत कुमार जैन श्री महावीर बिल्डर्स एड कालोनाईजर्स द्वारा भागीदर श्रीमती सरिता जैन पत्नि विनोद कुमार जैन, श्री ओंमप्रकाश दुबे पुत्र आत्म प्रताप दुबे, श्री शशांक भदौरिया पुत्र सुनील भदौरिया श्री किशोर कुमार पुत्र श्री सुंदरलाल अहिरवार	भूमि स्वामी	1526/3/3/2	1.012	0.025	0.987
3.	अशोक पुत्र वृंदावन दुबे परीश जैन पुत्र प्रमोद जैन	भूमि स्वामी	1526/3/2/1	0.627	0.030	0.597
4.	सुरेश पुत्र भारत सिंह पाल	भूमि स्वामी	1526/3/1	0.490	0.015	0.475
5.	श्री महीप भानु पुत्र कृष्ण गोपाल शर्मा	भूमि स्वामी	1526/1/1/1	0.480	0.020	0.460
6.	श्री मनीष जैन श्री पंकज जैन पुत्र सतीश जैन	भूमि स्वामी	1526/1/1/2	0.147	0.020 मकान (कमरा) सहित	0.127
7.	श्रीमती मीना अग्रवाल पत्नि भारत अग्रवाल	भूमि स्वामी	1526/1/2	0.418	0.015	0.403

अनुसूची - 02

जिला	तहसील	ग्राम	निजी भूमि का लगभग क्षेत्रफल (हे.में.)	शासकीय भूमि का क्षेत्रफल (हे.में.)	धारा 11 की उपधारा (1) द्वारा प्रधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन
1	2	3	4	5	6	7
विदिशा	विदिशा	विदिशा	0.155	-	अनुविभागीय अधिकारी / भू-अर्जन अधिकारी राजस्व विदिशा / जिला विदिशा	रेल ओवर ब्रिज निर्माण

राज्य सरकार की अधिसूचना क्रमांक एफ 16-15-(7) 2014 सात-शा, 2 ए भोपाल दिनाक 29.09.2014 जिसका मध्यप्रदेश राजपत्र दिनाक 03.10.2014 के पृष्ठ क्रमांक 2895 पर प्रकाशन किया गया है के द्वारा प्रत्येक जिले मे कलेक्टर कार्यालय की भू-अर्जन शाखा के प्रभारी अधिकारी को, जो डिप्टी कलेक्टर के अनिम्न श्रेणी का होगा और उसके सेवको, कर्मकारों या उसके निदेशों के अधीन कार्य करने वाले किसी अन्य व्यक्ति को उस जिले के भीतर अधिनियम की धारा 12 के उपबंधो को क्रियान्वित करने के लिए प्राधिकृत किया गया है। अतः उक्त अधिसूचना के परिचालन में प्रभारी अधिकारी भू-अर्जन शाखा विदिशा को अधिनियम की धारा 12 द्वारा दी गई शक्तियो का प्रयोग करने के लिए निर्देशित किया जाता है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम भोपाल प्रभारी अधिकारी, भू-अर्जन शाखा जिला विदिशा के निर्देशन में कार्य करते हुए आवश्यक सहयोग प्रदान करेगा ।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई भी व्यक्ति कलेक्टर के पूर्व अनुमोदन के बिना ऐसी अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से भूमि का कोई संव्यवहार नहीं होने देगा अर्थात, क्रय विक्रय आदि नहीं करेगा या ऐसी भूमि पर कोई विल्लगम सृजित नहीं करेगा ।

अधिनियम की धारा 15 (1) के अधीन यथा उपबंधित इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 60 (साठ) दिनों के भीतर किसी भी इच्छुक व्यक्ति द्वारा भू अर्जन के बारे में कलेक्टर के समक्ष (कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) विदिशा मे) आक्षेप यदि कोई हो फाइल किए जा सकेगें ।

भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) विदिशा एवं संभागीय प्रबंधक सड़क विकास निगम भोपाल कार्यालय में किया जा सकता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार ।

(एम.के. जैन) सहायक महाप्रबन्धक एमपीआरडीसी भोपाल
(ईश्वर सिंह चंदेली) महाप्रबंधक एमपीआरडीसी, संभाग भोपाल
(मनीष जैन) अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) विदिशा
अंशुल गुप्ता कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग जिला विदिशा (म.प्र.)

G-20639/26

" स्वच्छता ही सेवा "



ऑपरेशन सिंदूर में लीड रोल करेंगे कार्तिक

मुंबई। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की ओर से जवाबी कार्रवाई के तौर पर किया गया 'ऑपरेशन सिंदूर' देशभर में चर्चा का विषय रहा था।

अब इस पर फिल्म बनने जा रही है, जिसका निर्देशन विवेक अग्निहोत्री करेंगे। एक रिपोर्ट के मुताबिक इस फिल्म में कार्तिक आर्यन को बतौर लीड हीरो साइन किया गया है। यह फल्म लेफ्टिनेंट जनरल के.जे.एस. 'टाइनी' ढिल्लों की किताब 'ऑपरेशन सिंदूरः द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ इंडियाज डीप स्ट्राइक्स इनसाइड पाकिस्तान' पर बेस्ड होगी।



लाइफ Style

सारा

मेरे पास कोई गॉडफादर नहीं

एजेंसी ⏭ मुंबई

सारा अली खान इन दिनों अपनी फिल्म 'उड़ता तीर' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने करियर, परिवार और नेपोटिज्म जैसे मुद्दे पर बात की है। उन्होंने साफ किया कि उनके पिता सैफ अली खान ने उन्हें कोई फिल्म दिलाने के लिए अर्जी कभी नहीं दी।

बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान एक बार फिर नेपोटिज्म यानी परिवारवाद को लेकर अपने बयान के कारण चर्चा में हैं। फिल्मी परिवार से ताल्लुक रखने वाली सारा ने स्वीकार किया कि उनके पारिवारिक बैकग्राउंड ने इंडस्ट्री में एंट्री पाने और पहचान बनाने में मदद की है। हालांकि, उनका मानना है कि नेपोटिज्म पर लगातार होने वाली बहस कई बार कलाकारों की मेहनत को नजरअंदाज कर देती है। सारा ने अपने संघर्ष के बारे में बात करते हुए मां अमृता सिंह के साथ बिताए समय का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि वह अपनी मां के साथ रहती हैं और उनके पिता सैफ अली खान ने उनके फिल्मी कॉन्ट्रैक्ट या फिल्मों में काम दिलाने के लिए निर्माताओं के चक्कर नहीं लगाए। मैं अपनी मां के साथ रहती हूं। मेरे पिता ऐसे नहीं थे कि दफ्तरों में जाकर मेरे कॉन्ट्रैक्ट पर बातचीत करते या लोगों से मेरी फिल्मों में कास्ट करने की गुजारिश करते, भीख मांगते या मिन्नतें करते। जब 'केदारनाथ' के दौरान समस्या आई थी, तब मैं खुद उसे सुलझा रही थी।

फीका जा रहा विद्युत का हॉलीवुड डेब्यू



नई दिल्ली। भारतीय सिनेमा में विद्युत जामवाल को अभी बहुत ज्यादा समय नहीं हुआ है, लेकिन उनका नाम इंडस्ट्री में बड़े सम्मान के साथ लिया जाता है। अब एक्टर ने अपना हॉलीवुड डेब्यू भी कर लिया है। उनकी फिल्म स्ट्रीट फाइटर सिनेमाघरों में रिलीज हुए एक हफ्ते का वक्त हो चुका है। इस फिल्म के सामने चुनौतियां कम नहीं हैं। स्ट्रीट फाइटर ने रिलीज के सातवें दिन यानी गुरुवार को लचर प्रदर्शन किया है और फिल्म 50 लाख भी नहीं कमा सकी है। सैकनिल्क की रिपोर्ट्स की मानें तो इस फिल्म का कलेक्शन 49 लाख रुपए का रहा है।





मेरे यार बजरंगी में नजर आएंगे किशन

मुंबई। अभिनेता रवि किशन माइथोलॉजिकल फिल्म में नजर आने वाले हैं। पोस्टर के साथ फिल्म का ऐलान किया गया है। 'मेरे यार बजरंगी दोस्ती हो तो ऐसी' टाइटल वाली इस फिल्म में रवि किशन पर्दे पर बजरंगी के दोस्त बनकर छाने वाले हैं। यह फिल्म दिवाली 2027 में रिलीज होगी। इस भक्ति ड्रामा फिल्म को महावीर जैन फिल्म्स प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिलहाल तो फिल्म के पोस्टर ने पर्याप्त दिलचस्पी पैदा कर दी है। पोस्टर में रवि किशन एक दमदार, लेकिन सादगी भरे अवतार में हैं। पोस्टर में उनका चेहरा नहीं नजर आ रहा है, सिर्फ मुट्ठी बांधने की सिंबॉलिक इमेज भी है। एक हाथ रुद्राक्ष और रक्षा सूत्र पहने शख्स का है। वहीं दूसरा हाथ बजरंग बली का है, जो श्री राम नाम का पटका और रुद्राक्ष की माला पहने हुए हैं। दोनों को एक दिव्य चिंगारी जोड़ती है। जो फिल्म की टैगलाइन, 'दोस्ती हो तो ऐसी' को दिखाती है। यह फिल्म एक आम आदमी की बजरंग बली से दोस्ती पर आधारित है। यह एक पर्सनल रिश्ते के नजरिए से आस्था को दिखाती है। प्रोजेक्ट से जुड़े एक सोर्स ने कहा, 'यह सिर्फ एक धार्मिक फिल्म नहीं है।

हिंदी और मलयालम में रिलीज होगी पायर



मुंबई। विनोद कापड़ी की फिल्म पायर 30 अक्टूबर को भारत में हिंदी और मलयालम में रिलीज हो रही है। फिल्म 'पायर' भारत में रिलीज होने से पहले ही दुनियाभर में डंका बजा चुकी है। अब तक 18 इंटरनेशनल अवॉर्ड जीत चुकी है। भारत का हृदय गांव में बसता है। मगर, व्यक्ति रोजगार व अन्य जरूरतों के लिए गांव से शहर की तरफ पलायन करता है। दिल में उम्मीद होती है कि एक दिन गांव में वापसी होगी। पीछे छूट गए मां-बाप भी इसी आस में होते हैं कि संतान अपने ठौर लौटेगी। मगर, जिंदगी थोड़ी अलग तरह चलती है। माता-पिता के इंतजार और बच्चों के गांव वापसी की उम्मीद...दोनों चलती रहती हैं। कुछ इसी पर आधारित है फिल्म 'पायर'। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेता विनोद कापड़ी की यह फिल्म कई इंटरनेशनल फिल्म समारोह में पहले ही तालियां बटोर चुकी है।

कपिल के शो पर शाहिद मीरा और ईशान का धमाल



नई दिल्ली। कपिल शर्मा के शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शोः सीजन 5' के दिवाली स्पेशल एपिसोड में शाहिद कपूर अपनी पत्नी मीरा राजपूत कपूर और भाई ईशान खट्टर के साथ नजर आने वाले हैं। इस एपिसोड का पहला प्रोमो बुधवार को नेटफ्लिक्स ने अपने सोशल मीडिया हैंडल्स पर शेयर किया। 1 मिनट 52 सेकेंड का ये प्रोमो काफी मजेदार है। कपिल के शो पर शाहिद, ईशान और मीरा सिर्फ हंसते हुए ही नहीं दिखे हैं, बल्कि ये तीनों मेहमान खूब जोक भी मारते नजर आ रहे हैं। प्रोमो की शुरुआत में दिखाया गया है कि कपिल शर्मा के शो पर शाहिद कपूर और ईशान खट्टर ने झिंग झिंग झिंगाट गाने पर स्टेज हिला दिया। इस दौरान कपिल शर्मा ने मीरा सवाल किया कि शायद ये आपका पहला टीवी अपियरेंस है, जिसपर मीरी ने हां में जवाब दिया। इस दौरान शाहिद कपूर ने 'उड़ता पंजाब'के दौर का एक किस्सा साझा किया। उन्होंने बताया, "उड़ता पंजाब जब पूरी की तो, आपको मालूम है कि एडिटिंग रूम में आपको बुलाकर दिखाते हैं फिल्म, ये मेरे साइड में बैठी हुई थीं। फिल्म खत्म हुई तो ये सोफे के उस तरफ बैठ गई।' इस पर कपिल शर्मा ने मजाक में कहा, 'कबीर सिंह देखकर शादी होतीये तो भा जाती।' इस दौरान शाहिद कपूर ने खुलासा किया कि बचपन में उन्होंने ईशान खट्टर के डायपर भी बदलते हैं। वो कहते हैं, "बचपन में मैंने इसके डायपर बदले हैं। बुढ़ापे में ये कह रहा है कि मेरे बदल देगा।' शाहिद की इस बात पर ईशान खूब हंसते दिखाई दिए। जब अर्चना ने सवाल किया कि क्या आप बच्चों को बहुत प्यार देने वाले पिता हैं तो इस पर मीरा कहती हैं, 'बहुत ज्यादा. ये बहुत बिगाड़ते हैं, लेकिन गलत तरह से नहीं।' मीरा की इस बात पर मजाक करते हुए शाहिद कहते हैं, 'बाइक फास्ट चलाता है, पर बहुत सेफ चलाता है।





हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930